सेंसेक्स 71,106.96 ▲ +241.86
डॉलर 83.173 ▼ -0.094

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 23.0 | 12.0 | 21.0 |
| धनबाद | 25.0 | 14.0 | 23.0 |
| जमशेदपुर | 27.0 | 12.0 | 25.0 |
| पलामू | 25.0 | 13.0 | 23.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 13, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 24 दिसंबर 2023, वर्ष-30, अंक- 68, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय जब गूंजा जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल...8 डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित चीनी वीजा मामले में ईडी के सामने पेश ...10 देश/विदेश

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 63,010

चांदी (10 किलो) 75,320

## एक नजर

### हजारीबाग में एएसआई छह हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार

**हजारीबाग।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शनिवार को हजारीबाग के विष्णुगढ़ के एएसआई मनोज कुमार को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। मनोज कुमार मूल रुप से बिहार के जहानाबाद जिले के रहने वाले है। बताया जाता है कि हजारीबाग निवासी ललिता देवी ने एसीबी से लिखित शिकायत की थी कि उनके पति बदरी यादव के खिलाफ थाने में एक केस दर्ज किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीबी की टीम ने जांच करने पर आरोप सही पाया। इसके बाद टीम ने रंगेहाथ छह हजार रुपये रिश्वत लेते एएसआई को गिरफ्तार कर लिया।

### धनबाद-गोमो से गुजरनेवाली कई ट्रेनें 30 दिसंबर से 16 जनवरी तक रद्द

**रांची।** दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल में हसनपर्ती रोड और उप्पल स्टेशन के बीच तीसरी लाइन की कमिशनिंग के मद्देनजर दोनों स्टेशन पर एनआई कार्य किया जा रहा है। इसके कारण धनबाद और गोमो से होकर गुजरनेवाली कई ट्रेनों को 30 दिसंबर से 16 जनवरी के बीच अलग-अलग तिथियों में रद्द कर दिया गया है। धनबाद से होकर गुजरनेवाली ट्रेन नंबर 12521 बरौनी-एनार्कुलम एक्सप्रेस एक और आठ जनवरी और ट्रेन नंबर 12522 एनार्कुलम-बरौनी एक्सप्रेस पांच और 12 जनवरी, ट्रेन नंबर 07007 सिकंदराबाद-रक्सौल स्पेशल 3 और 10 जनवरी, ट्रेन नंबर 07008 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल पांच और 12 जनवरी, ट्रेन नंबर 07051 हैदराबाद-रक्सौल स्पेशल 30 दिसंबर और 13 जनवरी, ट्रेन नंबर 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल 2, 9 व 16 जनवरी और गोमो होकर जानेवाली ट्रेन नंबर 03253 पटना-सिकंदराबाद स्पेशल 1, 3, 8 व 10 जनवरी, ट्रेन नंबर 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल 3 व 10 जनवरी, ट्रेन नंबर 07256 सिकंदराबाद-पटना स्पेशल 5 और 12 जनवरी को रद्द रहेगी।

### शराब घोटाला मामले में ईडी के चार्जशीट पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

**रांची।** झारखंड शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शनिवार को सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया। अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि आठ जनवरी, 2024 निर्धारित की है। रांची ईडी की टीम ने 16 दिसंबर को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें ईडी ने शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के अलावा शराब का टेंडर मैनेज कर अवैध कमाई करने वाले लोगों की भी जानकारी दी है।

● आस्था का संगम, नये साल में आशीर्वाद लेने आते हैं श्रद्धालु ● ना किसी ने सुना है, ना कोई सुनेगा... तीन हजार करोड़ रुपये की मूर्ति

# पलामू प्रमंडल के श्रीबंशीधर नगर में है 13 क्विंटल सोने की श्री कृष्ण की प्रतिमा

### उप्र, मप्र व बिहार के त्रिकोण पर नगर ऊंटारी में देश विदेश से लोग आते हैं

अखिलेश चौबे

**मेदिनीनगर।** सुनकर सहसा विश्वास नहीं होता, किंतु यह सत्य है। पलामू प्रमंडल के अंतिम छोर पर गढ़वा जिला अंतर्गत स्थित बांकी नदी के किनारे नगर ऊंटारी में 32 मन यानि 1280 क्विंटल की विशुद्ध भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के बारे में सोचकर ही मन रोमांच से भर उठता है। वर्तमान में लोगों की मानें तो मूर्ति का बाजार मूल्य तीन हजार करोड़ रूपये से भी अधिक आंका जाता है। शेषनाग के फन पर 24 पंखुड़ियों वाले कमल पुष्प पर विराजे साढ़े चार फीट ऊंची नृत्य की मुद्रा में योगेश्वर की मूर्ति भक्तों का मन



मोह लेती है। विश्व में कहीं भी इस प्रकार की मूर्ति न तो किसी ने देखी है और न ही सुनी है। ऐसे में नये साल के मौके पर देश विदेश के श्रद्धालु आशीर्वाद लेने इस मंदिर में आते हैं। मान्यता है कि यहां पर भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा न तो किसी ने स्थापित की है न ही किसी ने लाई है। अपितु लीलाधर उक्त स्थल पर स्वयं की इच्छा से विराजमान हुये हैं। मंदिर के प्रस्तर लेख व पुजारी स्व. रिद्धेश्वर तिवारी द्वारा मंदिर के गुंबद पर अंकित इतिहास के अनुसार नगर गढ़ के राजा भवानी सिंह की विधवा रानी शिवमणि कुंवर श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त थीं। वे निःसंतान बाल विधवा थीं। जिन्होंने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### प्रतिमा स्थापित होने के बाद मंदिर निर्माण

अमूमन मंदिर निर्माण के बाद उसमें प्रतिमा स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा की जाती है, किंतु श्रीबंशीधर का मंदिर विश्व का पहला ऐसा मंदिर है जहां प्रतिमा स्थापित होने के बाद भव्य मंदिर का निर्माण किया गया। अब तो यहां कई देवी-देवताओं के मंदिर का निर्माण हो चुका है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मथुरा-वृंदावन की तर्ज पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन होता है। प्रतिवर्ष फाल्गुन महीने में यहां भव्य मासिक मेले का आयोजन भी किया जाता है। अब तो झारखंड सरकार द्वारा इसे राजकीय महोत्सव की संज्ञा भी दी जा चुकी है।

### कभी नहीं हुई पालिश फिर भी मूर्ति की चमक नये जैसा

जनश्रुतियों के अनुसार नगर ऊंटारी में विराजमान योगेश्वर की मूर्ति 300 वर्ष से अधिक पुरानी बताई जाती है। पुजारियों के अनुसार स्थापित होने के बाद से कभी भी मूर्ति पर पालिश नहीं चढ़ाई गयी है। इसके बाद भी मूर्ति की चमक आज भी नये जैसी है।

### जिधर से देखिये आपको ही निहारते मिलेंगे मोहन

प्रतिमा की विशेषता कहें या स्थापित करने की कारीगरी। भक्त जिस दिशा से भी दर्शन करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण उन्हें ही निहारते प्रतीत होते हैं। भाव विभोर होकर श्रद्धालु गोपेश्वर के नयनाभिराम रूप को देखते ही रह जाते हैं।

### शिवाजी के नाम पर शिवपहरी पहाड़ी

जिस शिवपहरी पहाड़ी पर भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा दबी थी। बताया जाता है कि उसका नामकरण मराठा छत्रप शिवाजी के नाम पर हुआ था। प्रतिमा शिवाजी व मुगल शासक औरंगजेब के संघर्ष के दिनों की बताई जाती है। बताया जाता है कि मुगल आक्रांता अहमद शाह दुर्रानी के लूटमार के भय से श्रीकृष्ण की प्रतिमा को पहाड़ी में दबा दिया गया था, जो 120 वर्ष बाद बाहर निकल सका।

## अपने गृह जिला में जमकर गरजे मुख्यमंत्री

# यह गाजर-मूली की सरकार नहीं कि कोई हिला दे : हेमंत

○ झारखंड में डबल इंजन की सरकार ने ऐसा किया काम कि गांव में बढ़ती गई समस्या

○ स्वास्थ्य में 67, श्रम नियोजन में 23 सहित कुल 92 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अपने गृह जिला रामगढ़ पहुंचे। यहां वह केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला व चुनौती दी। कहा, झारखंड में गाजर-मूली की सरकार नहीं है। इसे उखाड़ना या हिलाना संभव नहीं है। गरीबों




और आदिवासियों ने यह सरकार बनाई है। कहा, कथित डबल इंजन की सरकार ने राज्य में ऐसा काम किया कि गांव की समस्या बढ़ती गई और सुनने वाला कोई नहीं रहा। इस दौरान डीएमएफटी के तहत स्वास्थ्य में 67, श्रम नियोजन में 23 एवं 2 अन्य कुल 92 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। सीएम ने कहा कि गोला को डिग्री कॉलेज का उपहार जल्द मिलेगा। इसके लिए आपकी सरकार ने स्वीकृति दे दी है। रामगढ़ जिला में आवागमन को बेहतर करने के उदेश्य से 250 करोड़ रुपए की लागत से 400 किमी ग्रामीण सड़क एवं 450 करोड़ रुपए की लागत से 250 किमी उच्च स्तरीय सड़क का निर्माण किया जा रहा है।

▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### 652 करोड़ की योजनाओं का सौगात

मुख्यमंत्री गोला प्रखंड स्थित चाड़ी पंचायत के तिरला मैदान में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने 49 करोड़ 95 लाख रुपये की 48 योजनाओं का उद्घाटन एवं 98 करोड़ 94 लाख रुपये की 124 योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 652 करोड़ ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# पूर्व पंसस पति की गोली मारकर हत्या



### सामान लेने के बहाने दुकान पहुंच कर दिया घटना को अंजाम

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** जिले के भरनो थाना क्षेत्र में दो अज्ञात पिस्टलधारियों ने शुक्रवार की रात्रि पूर्व पंचायत समिति सदस्य के पति की गोली मारकर हत्या कर दी। एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल और भरनो थाना प्रभारी कृष्ण कुमार तिवारी रात्रि में ही पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इसके कुछ घंटे बाद ही पुलिस कप्तान हरविंदर सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने छानबीन शुरू की और उक्त घटनास्थल से साक्ष्य संकलन करने और उक्त दोनों हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजने हेतु एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल और भरनो थाना प्रभारी कृष्ण कुमार तिवारी को अवश्य दिशा निर्देश दिया और मृतक विजय उरांव के परिवार, परिजनों और संबंधित लोगों से बातचीत की। हालांकि समाचार लिखे जाने तक हत्याकांड के कारणों का पत्ता नहीं चल सका था।

जानकारी के अनुसार सुपा ग्राम की पूर्व पंचायत समिति सदस्य के पति 42 वर्षीय विजय उरांव को हत्यारों ने पीठ में पीछे से गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जाता है कि एक बाइक पर सवार होकर दो अज्ञात ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आर्चबिशप हाउस पहुंचे

# राज्यवासियों को क्रिसमस पर्व की दी बधाई

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को पुरुलिया रोड स्थित आर्चबिशप हाउस पहुंचकर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो से मुलाकात कर उन्हें क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आर्चबिशप हाउस परिसर में बालक प्रभु यीशु के दर्शन किए। मौके पर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने भी मुख्यमंत्री को क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्रिसमस का पर्व हम सभी के लिए बहुत उत्साह, उमंग और खुशी का पर्व होता है। मैं क्रिसमस पर्व के मौके पर पूरे झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं एवं प्रभु



यीशु से राज्यवासियों के लिए अमन-चैन तथा सुख, समृद्धि की कामना करता हूं। इस अवसर पर आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो, सहायक धर्माध्यक्ष बिशप थियोडोर मास्करेन्हास, फादर मुकुल कुल्लू, फादर असित टोप्पो, फादर अजीत कुमार खेस, फादर सहदेव प्रजापति, फादर सुशील बेक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पलामू सांसद ने की पलामू व गढ़वा में खाद कारखाना खुलवाने की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित निर्माण भवन में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन और उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात कर पलामू एवं गढ़वा जिले में खाद का कारखाना स्थापित करने की मांग की । साथ ही दोनों जिलों में स्वास्थ्य मेला आयोजित कराने का भी अनुरोध किया। सांसद श्री राम ने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दो जिले पलामू एवं गढ़वा आते हैं । ये दोनों जिले आकांक्षी



जिलों की सूची में आते हैं। यहां की 80 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। किसी भी कल कारखाना को स्थापित करने के लिए सभी सुविधायें यथा जमीन, श्रम, बिजली, पानी एवं खनिज पदार्थ उपलब्ध है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह इच्छा है कि देश के अंतर्गत जो भी आकांक्षी जिले हैं। उनको उन्नत जिलों की श्रेणी में लाकर खड़ा किया जाय। उपरोक्त उद्देश्यों की प्रतिपूर्ति हेतु यह आवश्यक है कि वहां के निवासियों को रोजगार उपलब्ध कराया जाय। क्योंकि कृषि पर संपूर्ण रूप से निर्भरता के फलस्वरूप अतिवृष्टि या अनावृष्टि की स्थिति में लोग पलायन को मजबूर हो जाते ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### तेजस्वी को मिली आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जाने की इजाजत



**नई दिल्ली।** बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को सरकारी दौरे के लिए विदेश जाने की इजाजत मिल गई है। दिल्ली की राउज ऐवन्यू कोर्ट के इस फैसले के बाद तेजस्वी यादव 6 से लेकर 18 जनवरी तक आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के सरकारी दौरे पर जा सकेंगे। कोर्ट ने तेजस्वी यादव को 25 लाख के एफडीआर जमा करने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि विदेश दौरे के दौरान तेजस्वी यादव आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में रुकने की जगह और अपना मोबाइल नंबर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया पद्म पुरस्कार लौटाये नहीं जा सकते छीने जरूर जा सकते हैं



सुनील बादल

**कुश्ती** में ओलंपिक पुरस्कार विजेता बजरंग पूनिया टीवी पर प्रधानमंत्री आवास के सामने फुटपाथ पर ही अपना पद्मश्री पुरस्कार रख कर वापस लौटते दिखाई देते हैं लेकिन ऐसा कोई नियम नहीं है कि पद्म पुरस्कार लौटाया जा सके। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, 'कोई पुरस्कार विजेता चाहे तो कारण बताकर लौटाने की घोषणा कर सकता है, लेकिन पद्म पुरस्कार के नियम में ऐसी परिस्थिति को लेकर कोई प्रावधान नहीं है। नियम में सिर्फ इतना है कि बिना किसी आधार के राष्ट्रपति पुरस्कार रद्द नहीं कर सकते और जब तक राष्ट्रपति फैसला नहीं लें तब तक विजेता





का नाम राष्ट्रपति के निदेर्शानुसार बनाए गए पद्म प्राप्तकताओं के रजिस्टर में बना रहता है। राष्ट्रपति अगर किसी का पुरस्कार रद्द कर दें तो उनके फैसले को कैसे रद्द किया जा सकता है, नियम में इसका भी प्रावधान है।'पद्म पुरस्कार कभी रद्द नहीं किए गए हैं। 2018 में गृह राज्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा को बताया था, 'देश की जांच एजेंसियों की तरफ से व्यक्ति के चरित्र और पृष्ठभूमि का सत्यापन किए जाने के बाद ही पुरस्कार दिए जाते हैं।' सामान्य प्रथा के अनुसार, पुरस्कार की घोषणा से पहले ही संभावित प्राप्तकर्ता की इच्छा अनौपचारिक रूप से पूछी जाती है। कई लोग पूछने पर ही पुरस्कार लेने से इनकार कर देते हैं। एक बार किसी व्यक्ति को पद्म विभूषण, पद्म भूषण या पद्मश्री से सम्मानित करने के बाद उसका नाम भारत के गजट में प्रकाशित होता है और ऐसे प्राप्तकर्ताओं का एक रजिस्टर बनाए रखा जाता है। एक अधिकारी ने कहा, 'भले ही पुरस्कार विजेता बाद में पद्म पुरस्कार लौटाने की घोषणा करता है, उसका नाम गजट या पुरस्कार विजेताओं के रजिस्टर से नहीं हटाया जाता है।'पद्म पुरस्कार 'वापसी' से जुड़े चर्चित मामले पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल और पूर्व केंद्रीय मंत्री एसएस ढिंडसा के थे। उन्होंने 2020 में राष्ट्रपति को लिखा था कि वे तीन कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध कर रहे किसानों के साथ एकजुटता दिखाते हुए अपना पुरस्कार 'वापस' कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि बादल और ढिंडसा का नाम अभी भी पद्म पुरस्कार विजेताओं के रजिस्टर में दर्ज है। भारत में चार नागरिक सम्मान में सबसे बड़ा नागरिक सम्मान भारत रत्न होता है इसके बाद पद्म विभूषण आता है, इसके बाद पद्मभूषण और फिर अंत में पद्मश्री । सम्मानित व्यक्ति जब कहीं जाते हैं तो उसके नाम के आगे उसके पुरस्कार का नाम जोड़ दिया जाता है। सचिन तेंदुलकर को संबोधित करते हुए सचिन तेंदुलकर नहीं बल्कि भारत रत्न श्री सचिन तेंदुलकर कहा जाता है, जो नियम के अनुसार गलत है। जिन-जिन को पद्म ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### बीते 24 घंटे में कोविड के 752 नए मामले, चार की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 752 नए मामले दर्ज किए गए और उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 3,420 हो गई है। देश में 21 मई 2023 के बाद से एक दिन में सामने आए कोरोना वायरस संक्रमण के ये सबसे अधिक मामले हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में अब तक सामने आए कोविड-19 के मामलों की कुल संख्या 4.50 करोड़ (4,50,07,964) है। देश में बीते 24 घंटे में संक्रमण से चार लोगों की मौत होने के कारण इस महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,33,332 हो गई है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में केरल में दो तथा राजस्थान और कर्नाटक में कोविड-19 से एक-एक मरीज की मौत हुई है।

# चंद्रयान 3 की लैंडिंग के चार महीने बाद गुड न्यूज

### इसरो को 2023 लीफ एरिक्सन लूनर प्राइज से सम्मानित किया

**नई दिल्ली।** भारत के तीसरे मून मिशन चंद्रयान-3 ने चार महीने पहले चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक लैंड करके इतिहास रच दिया था। भारत दुनिया का पहला ऐसा देश बना था, जिसने अपना यान चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करवाया हो। अब चार महीनों के बाद इसरो को एक और गुड न्यूज मिली है। दरअसल, इसरो को चंद्रयान-3 मिशन के लिए प्रतिष्ठित अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इसरो को उसके सफल चंद्रयान-3 मिशन के लिए आइसलैंड के हुसाविक में स्थित 'एक्सप्लोरेशन म्यूजियम' ने 2023 लीफ एरिक्सन



लूनर प्राइज से सम्मानित किया है। रेकजाविक स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए बताया कि यह पुरस्कार चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास अंतरिक्ष यान की पहली 'सॉफ्ट-लैंडिंग' और ''चंद्रमा संबंधी खोज को आगे ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के सेमरवार गांव निवासी 53 वर्षीय इन्द्रजीत मेहता की मौत रांची स्थित रिम्स में इलाज के दौरान हो गयी। मृतक की पत्नी नगीना देवी ने रांची बारियातू पुलिस के समक्ष दिए फर्द बयान में बताया है कि उनके पति इन्द्रजीत मेहता गत 19 दिसंबर के अहले सुबह चाय दुकान की ओर जा रहे थे। इसी बीच अज्ञात वाहन ने उन्हें धक्का मार दिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में छतरपुर व मेदिनीनगर से चिकित्सकों द्वारा बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची रेफर कर दिया गया था। रिम्स में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। इस संबंध में हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि मृतक की पत्नी द्वारा दिए गए बयान के आधार पर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई कर रही है।

### 100 असहायों में कंबल वितरण

**सतबरवा।** नारायण सेवा समिति के द्वारा शनिवार को हरिजन मोहल्ला, धोबी मोहल्ला व नदी पार बदलाया टोला में बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए गरीब, असहाय व वृद्ध व्यक्तियों के बीच 100 कंबल का वितरण किया गया। नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष निर्दोष कुमार ने कहा कि गरीबों की सेवा भगवान नारायण सेवा करने के सम्मान है।

पांकी विधायक के साथ सखी मंडल की बहनों को दिया सिलाई मशीन

# नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी पहुंचे नीलांबर-पीतांबरपुर

**लुटेरी प्रदेश सरकार आम जनता के हक पर डाका डाल रही है : अमर बावरी**

**देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने देश की सभी महिलाओं को सशक्त बनाने एवं आत्मनिर्भर बनाने की विशेष पहल की है : विधायक**


नेता प्रतिपक्ष का स्वागत करते विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता ने शनिवार को नीलांबर -पितांबरपुर स्थित अपने फार्म हाउस में पांकी विधानसभा के सखी मंडल की बहनों के आजीविका संवर्धन हेतु विधायक मद से सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी सहित विधायक पुष्पा देवी, पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, अविनाश वर्मा सहित अन्य लोग शामिल हुये। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी के आगमन पर विधायक ने उन्हे पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर जोरदार स्वागत किया। विधायक ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने देश की सभी महिलाओं को सशक्त बनाने एवं आत्मनिर्भर बनाने की विशेष पहल की है। इसी कड़ी में उनके द्वारा पूरे विधानसभा के सखी मंडल की बहनों के बीच सिलाई मशीन एवं वस्त्र का वितरण किया जा रहा है। श्री बावरी ने विधायक के पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि लुटेरी प्रदेश सरकार आम जनता के हक पर डाका डाल रही है। आगामी विधान सभा चुनाव में जनता इसे निश्चित ही बाहर का रास्ता दिखायेगी।

कर्नल कप फुटबॉल मैच का रोमांच चरम पर पहुंचा

# जपला को हराकर बैरांव पहुंचा सेमीफाइनल में

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में शनिवार को बैरांव टीम व जपला टीम के बीच जोरदार मुकाबला देखने को मिला। हालांकि काफी प्रयास के बाद भी जपला टीम गोल करने में कामयाब नहीं हुई। दुसरी तरफ बैरांव ने आक्रामक खेल खेलते हुए एक बाद एक लगातार तीन गोल कर मैच को 3-0 से अपने नाम कर लिया। बैरांव की तरफ से लवकुश कुमार ने गोल किया। इसके साथ ही बैरांव की टीम अपने ग्रुप से सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। मैच के पूर्व क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह, तक्की हुसैन रिजवी, मनोज शर्मा व इशरार अहमद ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर क्लब के अशोक कुमार सिंह, अनुज सिंह उर्फ लड्डू सिंह, अनुज प्रकाश, विकास कुमार, आशीष रंजन सिंह, सुधीर कुमार सिंह, मनोहर सिंह, शुभम सिंह, पियूष पाठक, विंध्याचल सिंह व प्रल्हाद ठाकुर सहित कई खेल प्रेमी मौजूद थे। रविवार का मैच पथरा बनाम मोकहर कला के बीच खेला जाएगा।


बैरांव व जपला टीम के खिलाड़ी

युवा कांग्रेस ने किया कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन

# राष्ट्रीय सचिव ने कार्यकर्ताओं को दिया मंत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय कांग्रेस भवन परिसर में शनिवार को पलामू लोकसभा स्तरीय युवा कांग्रेस मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू जिला युवा कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष परवेज अली मुन्ना खान ने की। मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी सह राष्ट्रीय सचिव शेषणरायण ओझा, प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज के साथ साथ मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, पलामू जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक आदि ने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में जीत का मंत्र दिया। मौके पर भाजपा के पूर्व कार्यकर्ता सह कुशवाहा समाज के पदाधिकारी कौलेश कुमार मेहता, शिक्षक नेता सिद्धार्थ इत्यादि के नेतृत्व में दर्जनों युवकों ने युवा कांग्रेस की सदस्यता ली। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता मणिकांत सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम, प्रदेश सचिव अभिषेक तिवारी, अभिजीत कमल, अमरनाथ तिवारी,गुलाम नबी,सौरभ तिवारी, आशीष चौधरी, नवीन पासवान, सूर्य प्रताप सिंह, अजय पांडे, अनुज चौबे, जीशान खान, नसीम खान,सोनू खान मौजूद रहे।


कार्यक्रम को संबोधित करते कांग्रेस के पदाधिकारी

### बीएड कालेज में वेबीनार आयोजित

**मेदिनीनगर।** एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज में राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता सानिया महाजन ने निर्धारित विषय पर लोगों को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान सभी को गुड टच व बैड टच के बारे में वीडियो के माध्यम से बताया गया। उन्होंने यौन उत्पीड़न को रोकने सहित महिला की लज्जा भंग करने की सजा और इससे बचने के उपायों पर भी प्रकाश डाला। डॉ. रंभा निशाल ने उपयोगी जानकारी प्रदान करते हुये छात्र-छात्राओं की शंकाओं का समाधान किया।

डीटीओ ने बस विक्रेताओं व बैंक के पदाधिकारियों संग की बैठक

# मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की कवायद तेज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में लोगों को मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना से लाभान्वित करने की कवायद तेज कर दी गयी है। इसे लेकर शनिवार को जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने अपने कार्यालय कक्ष में बस विक्रेता एजेंसी एवं बैंक के पदाधिकारियों संग बैठक की। बैठक में तय किया गया कि इस योजना के तहत कोई भी आमजन बस खरीद कर बस का संचालन करता है तो उसे बैंक लोन,टैक्स,परमिट आदि में लाभ प्रदान किया जायेगा। बैठक में योजना से जुड़े अन्य कई विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। ज्ञातव्य है कि इसके पूर्व भी श्री हुसैन द्वारा इस योजना को लेकर बस संचालकों संग बैठक की गयी थी। जिसमें रुट चार्ट सहित कई विषयों पर निर्णय लिये गये थे। मौके पर मोटर यान निरीक्षक लाल बिहारी यादव समेत हेरिजन ट्रकिंग, स्वराज माजदा एवं बुधिया एजेंसी के प्रतिनिधि एवं बैंको के पदाधिकारी उपस्थित थे।


बैठक करते डीटीओ

# शिक्षक अभिषेक का मूल्यांकन पद्धति सर्वश्रेष्ठः अंचल अधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** राजकीय कृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय में शनिवार को पीजीटी विज्ञान शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी द्वारा विद्यालय के मैदान में विज्ञान वर्ग 11 व 12 के विद्यार्थियों के लिए प्री-बोर्ड जांच परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में 320 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह मूल्यांकन पूर्ण रूप से जैक आधारित था। इसका उद्देश्य विद्यालय के विद्यार्थियों में विशिष्ट वातावरण का निर्माण कराने के साथ ही शिक्षा के दृष्टिकोण से विद्यार्थियों के अंदर विभिन्न बिंदुओं पर आदर्शवाद स्थापित करना था। उन्होंने बताया कि वार्षिक मूल्यांकन का उद्देश्य वर्ग 12 की परीक्षा फरवरी माह में आयोजित होने वाली परीक्षा के लिये विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक विकास में आ रही रुकावटों को दूर करना है। निरीक्षण करने पहुंचे सतबरवा प्रखंड अंचलाधिकारी कृष्ण मोहन तिर्की, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर मनोज कुमार, शिक्षक सुशील टोप्पो, रवि रंजन कुमार, दिलीप प्रसाद, नरेंद्र राम, धर्मदीप पाल ने शिक्षक के पहल की सराहना करते हुये इसे सर्वश्रेष्ठ करार दिया।

# सलैया में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे सैकड़ों लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड के सुदूरवर्ती सलैया पंचायत के मझिगावां में शनिवार को आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के आयोजन के दूसरे राउंड में विभिन्न विभागों के अलग-अलग 17 स्टॉल लगाए गये। जहां सैकड़ों लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया। कई मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। सीओ यामुन रविदास तथा मुखिया कमला देवी ने कहा कि एक ही स्थल से सभी योजनाओं का आमजनों तक पहुंचाना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में अबुआ आवास, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन आदि के भी आवेदन प्राप्त हुये। वहीं बाल विकास परियोजना द्वारा महिला की गोद भराई तथा शिशुओं का अन्नप्राशन भी कराया गया। जबकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा दर्जनों मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर दवा दी गयी। कार्यक्रम में बीपीओ धर्मेंद्र कुमार, मुखिया प्रतिनिधि सनोज गुप्ता, पथरा ओपी प्रभारी नीतीश कुमार, सुरेंद्र साव, एमओ सह प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, पंचायत सेवक निरंजन सिंह, राजन साव, पैक्स अध्यक्ष रामनंदन यादव, रोजगार सेवक दिलीप चंद्रवंशी, पंकज चौधरी, सरजू बैगा, एआई टेक्नीशियन आनंद कुमार, अमित यादव, पूर्व मुखिया रघुनंदन साव उपस्थित थे।


कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण व पदाधिकारी

प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

# घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की दी धमकी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के चचेरिया गांव निवासी शशिभूषण सिंह ने अपने ही गांव के एक युवक पर घर मे घुसकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी के खिलाफ हैदरनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। शशिभूषण सिंह ने दर्ज आवेदन में बताया है कि 22 दिसम्बर की रात वे अपने घर में परिवार के साथ थे। देर रात दस बजे गांव के ही दिलीप सिंह का पुत्र शनि सिंह गाली-गलौज करते हुए दरवाजा जोर-जोर से पीटने लगा। जब उन्होंने दरवाजा खोला तो घर मे घुसकर मारपीट करते हुए वह घर का सामान फेकने लगा। विरोध करने पर पिस्तौल लहराते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके बाद घर से बाहर निकल कर हवाई फायरिंग कर भाग गया। जिससे मेरा पूरा परिवार भयभीत हो गया है। पूरा परिवार असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने थाना प्रभारी से जांच कर उचित करवाई करने का अनुरोध किया है। घटना के सम्बंध थाना प्रभारी अजाद अंसारी ने बताया कि इस मामले में शशिभूषण सिंह के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### जिप सदस्य ने स्कूल भवन निर्माण का किया शिलान्यास

**हरिहरगंज।** प्रखंड के ढाब कला गांव में शनिवार को राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के लिए चार कमरों के भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास हरिहरगंज जिला परिषद सदस्य मंजू देवी ने नारियल फोड़कर किया। ज्ञात हो कि 15 वें वित्त आयोग जिला परिषद निधि से भवन निर्माण कराया जाना है। मौके पर जिला परिषद सदस्य मंजू देवी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के विकास के लिए वे हमेशा प्रयासरत हैं। इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। विद्यालय भवन के बन जाने से बच्चों को पढ़ाने में शिक्षकों को काफी सहुलियत होगी। समाजसेवी राजेश राम ने कहा कि स्कूल भवन निर्माण होते ही कक्षाओं का संचालन वर्ग वार हो सकेगा। इस अवसर पर संवेदक चंदन मेहता, पंसस वासुदेव राम, सुनील कुशवाहा, बसंत मेहता, अभय मेहता, भीम मेहता, विकास ठाकुर, परमेश्वर पासवान, जयराम मेहता, वाल्मीकि चौधरी, हीरामणि देवी, सपती कुंवर, राजकुमार मेहता, पिंटू कुमार, रवि कुमार उपस्थित थे।

### विद्या मंदिर में विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र के सतगावां स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी मुकेश शौंडिक, प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद, शिक्षिका नीलिमा मेहता ने संयुक्त रुप से भारत माता, ओम, मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा तैयार विषय पर आधारित मॉडल एवं स्वनिर्मित खाद्य सामग्री के स्टॉल लगाये गये। विज्ञान प्रदर्शनी मेला में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा ज्वालामुखी, चंद्रयान-3, कुतुब मीनार, जलवायु तथा स्व निर्मित खाद्य सामग्री में गुलाब जामुन, दही बड़ा, मोमोज, मैनचुरीयन खाद्य सामग्री से संबंधित मॉडल और विभिन्न प्रकार के इनोवेटिव मॉडल प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर शिक्षक मोहन ठाकुर, हंसराज गुप्ता, नवीन पांडेय, सुमन, राजेश प्रसाद, मनिका सिंह, रंजू कुमारी, दीपक ठाकुर, अंजू कुमारी, प्रियंका, सुनीता, काजल मौजूद रहीं।

### ज्योति प्रकाश महिला कॉलेज का रिजल्ट शत-प्रतिशतः शिवानी आनंद

**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश महिला इंटर कॉलेज की डायरेक्टर शिवानी आनंद ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि कॉलेज का सत्र 2021-23 का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। छात्रा निकिता तिवारी 85.08 प्रतिशत अंकों के साथ कालेज में प्रथम स्थान पर रहीं। वहीं रचना कलाई 84.62 प्रतिशत के साथ द्वितीय व नेहा कुमारी 84.54 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफल रही। कॉलेज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये उन्हें शुभकामनायें दी हैं। प्राचार्य डा. अनुपमा गुप्ता ने कहा कि छात्रों की मेहनत एवं शिक्षकों के सफल मार्गदर्शन के परिणाम स्वरुप छात्रों का प्रदर्शन सर्वोत्तम रहा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद**

अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/ $F_2$-17/2023-24

पत्रांकः– 848 हुसैनाबाद, दिनांकः– 23.12.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | टेढ़ा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण प्रखण्ड–विश्रामपुर जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 54,09,267=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेवसाइट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 27-12-2023 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08-01-2024 (5:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 08-01-2024 (5:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 10-01- 2024 (12:30 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क नंबर एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https:// jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

PR 314241 (Minor Irrigation)23-24*D — कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद



**कार्यालयः जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार**
**समाहरणालय परिसर लातेहार**

आवश्यक सूचना

लातेहार जिला अन्तर्गत प्रारंभिक विद्यालयों के शिक्षक/शिक्षिकाओं को सूचित किया जाता है कि प्रोन्नति नियमावली 1993 के सुसंगत प्रावधानों के आलोक में एवं विभागीय संकल्प/मार्गदर्शन में प्राप्त निदेश के अनुसार विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति हेतु औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची का प्रकाशन जिले के सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी/प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार कार्यालय एवं Latehar.nic.in पर शिक्षकों के अवलोकन हेतु प्रकाशित की गई है। जिला के वेबसाईट एवं प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध सूची का अवलोकन करते हुए संतुष्ट हो लेंगे कि आपके नाम के सामने अंकित सभी प्रवृष्टि सही एवं सत्य है। अंकित प्रवृष्टि में यदि किसी तरह के सुधार की आवश्यकता हो तो अपना दावा/आपति नीचे अंकित विहित प्रपत्र में भरकर साक्ष्य के साथ नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से हार्ड कापी में जिला कार्यालय को दिनांक 08/01/2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक जमा कर सकते हैं।

निर्धारित समयावधि के उपरांत किसी प्रकार का दावा/आपति मान्य नहीं होगा।

त्रुटि सुधार के संबंध में निम्नलिखित प्रपत्र में ही आवेदन दिया जा सकेगा।

| आपतिकर्ता का नाम एवं पदनाम | पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखण्ड | प्रकाशित सूची में कम संख्या | जिस कालम में त्रुटि है उसकी संख्या | त्रुटि का विवरण | सुधार का विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

आपतिकर्ता का हस्ताक्षर — नियंत्री पदाधिकारी का हस्ताक्षर

PR 314277 Human Resource Developement(23-24).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/$F_2$-13/2023-24

पत्रांक – 963 — गढ़वा/दिनांक – 23.12.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कहवाघाटी नाला पर चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड– भवनाथपुर, जिला– गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 67,88,900/– |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 02.01.2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.01.2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 16.01.2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 17.01.2024 (05:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR.NO.314205 Minor Irrigation(23-24):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/$F_2$-10/2023-24

पत्रांक – 960 — गढ़वा/दिनांक – 23.12.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बिरहा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड– गढ़वा, जिला– गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 64,12,000/– |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 02.01.2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.01.2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 16.01.2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 17.01.2024 (05:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल,गढ़वा

PR 314193 Minor Irrigation(23-24).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/$F_2$-14/2023-24

पत्रांक – 964 — गढ़वा/दिनांक – 23.12.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | यूरिया नदी पर चेकडैम–02 निर्माण, प्रखण्ड– धुरकी, जिला– गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 80,88,400/– |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 02.01.2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.01.2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 16.01.2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 17.01.2024 (05:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR 314207 Minor Irrigation (23-24)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GARHWA/15/2023-24)

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | गढ़वा जिला के डण्डई प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम–लवाही के धोबी टोला में बघौता के पास मंगरदाहा नदी पर पुलिया निर्माण। | 94,08,148.00 | 1,88,200.00 | 10000.00 | 06 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 26.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय –दिनांक 26.12.2023 से दिनांक 03.01.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–05.01.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –7004019730 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।

PR 314261 Rural Development(23-24)D

## एक नजर

### पीटीआर के उपनिदेशक ने बाघ का किया दीदार

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने शुक्रवार की रात पीटीआर क्षेत्र में बहुत ही करीब से बाघ को देखा। इस बात की जानकारी खुद श्री जैना ने दी। उन्होंने बताया कि रात में वह वॉच टावर के निरीक्षण को निकले थे। अपने वाहन से एक वॉच टावर का वह निरीक्षण कर चुके थे। जहां उन्होंने ट्रैकर और फॉरेस्ट गार्ड को ऑन ड्यूटी पाया। जैसे ही वहां से कुछ आगे बढ़े बिल्कुल करीब से एक नर व स्वस्थ बाघ सामने आया। बाघ उनके सामने करीब 20 मिनट तक खड़ा रहा। इस दौरान वह बिल्कुल शांत था। उन्होंने संतोष जाहिर करते हुए कहा के तीन वॉच टावरों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मियों को मुस्तैद पाया।

### ट्रैक्टर से गिरकर मजदूर की मौत

**मेदिनीनगर।** मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र निवासी रामप्रवेश मेहता उम्र 55 वर्ष की शुक्रवार की रात 9:00 बजे ट्रैक्टर से गिरकर मौत हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि रामप्रवेश कई वर्षों से डीलर के माध्यम से एफसीआई गोदाम में मजदूरी का काम करते थे। शुक्रवार की रात वे गोदाम से ट्रैक्टर पर गेहूं-चावल का बोरा लोड करवा कर कहीं ले जा रहे थे। इसी बीच ट्रैक्टर से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गये। इसके बाद ट्रैक्टर पर बैठे अन्य सहयोगियों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मोहम्मदगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना से संबंधित हमले की छानबीन में जुट गई है। वही इस घटना के बाद से सदर अस्पताल में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

### केंद्र की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना ही उद्देश्यः लवली

**मेदिनीनगर।** तरहसी प्रखंड के टरिया, सेलारी, अरका और तरहसी पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह कार्यक्रम की प्रभारी लवली गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा राज्य के सभी पंचायत में केन्द्र सरकार की प्रमुख योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही सभी विभागों का सह स्टाल लगाकर योग्य लाभुकों से आवेदन भी लिया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी को पहुंचाना और उसे लाभान्वित करना है। मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार गुप्ता ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना ही कार्यक्रम का उद्देश्य है। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि ललित कुमार, विनोद प्रसाद, संतु राम ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। मॉडल पदाधिकारी ललन पासवान,टरिया पंचायत के मुखिया दिलीप पासवान, सेलारी पंचायत की मुखिया जहान आरा, भाजपा के करण शर्मा, गुरु गोविंद मेहता, सतीश शर्मा उपस्थित थे।

18 लाख 98 हजार393 रुपये के मामले सेटल, अदालतों से उतरा बोझ, मिली राहत

# लोक अदालत में 51 मामलों का निस्तारण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर शनिवार को व्यवहार न्यायालय में वर्ष के अंतिम मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें सुलह समझौते के आधार पर 51 मामलों का निस्तारण किया गया। वहीं 18 लाख 98 हजार393 रुपये का मामला सेटल हुआ। इस सम्बंध ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले सात पीठों का गठन किया गया था। प्रथम पीठ में कुटुंब न्यायालय से सम्बंधित मामले का निस्तारण किया जा रहा था। पीठ दो में विद्युत विभाग व एमएसीटी से संबंधित 19 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ तीन में आपराधिक नौ मामलों का निस्तारण किया गया। पीठ चार सभी सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट के लंबित सिविल वाद के लिए था। पीठ पांच में रेलवे के सात मामले का निस्तारण किया गया। पीठ छह में प्री लिटीटिगेशन के 16 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ सात रेवेन्यू व एग्जेक्युटिव से सम्बंधित मामले के निस्तारण के लिए बनाया गया था। इस पीठ में एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका।




कार्यकर्ताओं को दी गयी पंचायतों में आमंत्रण पत्र भेजने की जिम्मेदारी

# नावा बाजार प्रखंड के पंचायतों में भेजा गया पूजित अक्षत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम जन्म भूमि मंदिर में 22 जनवरी 2024 को प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सभी सनातन धर्मावलंबियों को सहभागी बनाने हेतु विहिप कार्यकर्ता पूर्ण मनोयोग से जुटे हैं। इस क्रम में अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत, आमंत्रण पत्र व कलश को शनिवार को नावा बाजार प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के लिये रवाना किया गया। कंडा में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के प्रखंड और पंचायत समितियों की सामूहिक बैठक में वक्ताओं ने कहा कि अपने आराध्य श्रीराम जन्मभूमि को मुक्त कराने के लिये लाखों सनातनियों ने अपने प्राणों का बलिदान किया है। सदियों के संघर्ष के बाद हम भाग्यशाली हैं कि इस पुनीत कार्य का भागी बन रहे हैं। पदाधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक पंचायत से पांच और प्रत्येक गांव से तीन व्यक्तियों की सूची तैयार की जा रही है। जिन्हें एक जनवरी से 15 जनवरी तक अक्षत के साथ घर-घर निमंत्रण पत्र पहुंचाने की जिम्मेदारी दी जाएगी। बैठक में विहिप जिला सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, जिला बलोपासना प्रमुख विकास कुमार कश्यप, नावा बाजार प्रखंड अध्यक्ष हिमांशु पाण्डेय, उपाध्यक्ष सत्य नारायण तिवारी, प्रखंड बजरंग दल संयोजक सौरभ पाण्डेय, कंडा पंचायत के मुखिया नरेंद्र कुमार सिंह, चंद्र प्रकाश तिवारी, अमरेश मेहता, रोहित कुमार, राकेश सोनी, रणविजय सिंह, रामप्रकाश सिंह, अजय सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, मुन्ना सिंह, आशीष कुमार सिंह, मैनेजर सिंह, लाल कुश राम, कामेश्वर सिंह, उपेंद्र सिंह, विनोद कुमार मेहता, शिव कुमार, संतोष कुमार मेहता की सहभागिता रही।


पंचायत प्रतिनिधियों को पूजित अक्षत सौंपते विहिप पदाधिकारी

स्वास्थ्य विभाग रोकने में नाकाम, झोलाछाप डाक्टरों की चांदी, जान गवां रहे मरीज

# पलामू में बगैर लाइसेंस चल रहे अवैध नर्सिंग होम ले रहे मरीजों की जान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में कई ऐसे नर्सिंग होम है जो बिना लाइसेंस के धड़ल्ले से अपनी दुकान चला रहे हैं। कोरोना से बड़ी महामारी की तरह नर्सिंग होम और

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद स्वास्थ्य विभाग इन झोलाछाप डॉक्टरों पर अंकुश लगाने में नाकाम है**

झोलाछाप डॉक्टर शहर से लेकर गांव तक अपना पैर फैला चुके हैं। नीम हकीम नर्सिंग होम खोलकर मरीजों को लूटने का काम कर रहे हैं। इनके चंगुल में फंसकर आये दिन कोई न कोई मरीज मौत के मुंह में जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद स्वास्थ्य विभाग इन झोलाछाप डॉक्टरों पर अंकुश लगाने में नाकाम है। विभाग के पास ऐसे डॉक्टरों की अनुमानित संख्या तक नहीं है। ऐसे में कार्रवाई तो दूर, उनकी पहचान करना ही अपने आप में बड़ी चुनौती बनी है। इधर झोलाछाप डॉक्टरों की संख्या घटने के बजाय दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। गांवों व कस्बों में स्वास्थ्य केंद्रों की कमी होने की वजह से झोला छाप डॉक्टरों की संख्या बढ़ रही है।

### झोलाछाप डॉक्टरों का निर्धारण

ऐसा कोई भी चिकित्सक जो इंडियन मेडिकल काउंसिल व सेंट्रल काउंसिल फॉर इंडियन मेडिसिन से पंजीकृत न हो तो वह झोलाछाप डॉक्टर की श्रेणी में आता है। साथ ही मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के अधिनियम 1956 के शिड्यूल 1, 2 व 3 के तहत चिकित्सीय योग्यता नहीं रखनेवालों को भी अवैध या झोलाछाप डॉक्टर की संज्ञा दी गई है।

### आखिर क्यों नहीं होती कार्रवाई

झोलाछाप डॉक्टरों की लगातार बढ़ती संख्या के लिए सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी है। विभाग द्वारा अवैध नर्सिंग होम और झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई न होना भी बड़ा कारण है। स्थिति यह है कि पिछले पांच वर्षों में मरीजों के मरते रहने के बाद भी झोलाछाप डॉक्टरों पर कोई करवाई नहीं की गयी। अगर कार्रवाई हुई भी तो केवल कागजों पर ही। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर मामले दर्ज भी कराये गये थे। इसके बाद क्या हुआ, इसकी जानकारी किसी को नहीं है।

### शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी है झोलाछाप चिकित्सकों की भरमार

मेदिनीनगर टाउन- स्टेशन रोड, सदीक चौक, बैरिया, नई मोहल्ला, मेदिनीनगर ग्रामीण- चियांकी, सुआ, कौड़िया, हवाई अड्डा जोरकट, पोखराहा, सिंगरा,चैनपुर- चैनपुर टाउन, चंदो, बसरिया, कंकारी, सेमरा, करसो, हुटार,सतबरवा- पोलपोल, लहलहे, तुमागड़ा, सेंरगदाग,तरहसी, मनातू, पांकी, छतरपुर, पाटन, विश्रामपुर, रेहला, बीमोड़, बाघमारा, हरिहरगंज, हुसैनाबाद, हैदरनगर, जपला में स्थिति नारकीय है।

### प्रत्येक गांव में झोलाछाप डॉक्टर

विशेषज्ञों की मानें तो क्लीनिक चलानेवाले लगभग 90 प्रतिशत डॉक्टरों के पास कोई डिग्री नहीं होती। इसके अलावा कई डॉक्टर ऐसे भी हैं जो कोई डिग्री न होने के बावजूद मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। गांवों में विभिन्न नामों से झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानें चल रही हैं। भोले-भाले ग्रामीण सहजता से इनके शिकंजे में फंस रहे हैं।

### कैसे बचें झोलाछाप डॉक्टर से नागरिक

- डॉक्टरों से उनका नाम व डिग्री लिखी पर्ची लें।
- क्लीनिक के बाहर साइन बोर्ड पर डॉक्टर का नाम व डिग्रियां अंकित हैं या नहीं इसका विशेष ध्यान रखें।
- इसकी जानकारी जरूर लें कि डिग्री कौन से विवि व काउंसिल से संबद्ध है।
- तबियत खराब होने पर जिला अस्पताल या पास के स्वास्थ्य केंद्रों पर इलाज करायें।
- अगर डॉक्टर दवा दे रहा है तो एक्सपायरी की तिथि जांच लें।

### कैसे करते हैं इलाज

झोलाछाप डॉक्टर पहले उल्टा-सीधा इलाज करते हैं। जब मरीज की स्थिति काबू से बाहर हो जाती है, तो किसी बड़े डॉक्टर को दिखाने को बोलकर अपना पीछा छुड़ा लेते हैं। तब तक मरीज को बचाया जाना संभव ही नहीं रहता है। ये डॉक्टर बुखार की जांच के लिए कोई भी टेस्ट तक कराने की सलाह नहीं देते। उल्टी, दस्त आदि सामान्य बीमारियों के अलावा मियादी बुखार, डेंगू, मलेरिया, हैजा, पीलिया, मस्तिष्क ज्वर, चिकन पॉक्स व एलर्जी तक का इलाज करने से नहीं चूकते। बिना प्रशिक्षण के लोगों को इंजेक्शन लगाने के साथ ग्लूकोज व अन्य दवाओं को चढ़ा देते हैं। इसके चलते कई बार लोगों को एलर्जी व शारीरिक अपंगता तक हो जाती है और वे मौत के मुंह में चले जाते हैं। शिकायत के बाद भी ठोस कार्रवाई नहीं होने से झोला छाप डाक्टरों का संजाल बढ़ता जा रहा है।

गारू पूर्वी रेंज के पंडरा गांव के ग्रामीण अपनाते हैं अनोखी तरकीब

# आज भी लोग भालू से बचने के लिए लेते हैं मंत्र का सहारा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बात सुनने में तो अजीब लगेगी, किंतु है बिल्कुल सत्य। पलामू टाइगर रिजर्व के गारू पूर्वी रेंज के पंडरा गांव में लोग आज भी भालू से बचने के लिये मंत्र का सहारा लेते हैं। गारु पूर्वी के रेंजर उमेश दुबे ने इस दावे की पुष्टि करते हुए बताया की पंडरा गांव में भालू का आना-जाना काफी बढ़ गया है। यहां एक ग्रामीण बंधु उरांव रहते हैं। बंधु उराव ने रेंजर उमेश दुबे को बताया कि वे जब भी भालू से सामना होता है। वह अपना एक मंत्र पढ़ते हैं। उनका दावा है कि ऐसा करते ही भालू रुक लौट जाता है। मंत्र के सहारे आज तक वह भालू के हमले के शिकार नहीं हुए। पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि पंडरा के ग्रामीण वन्य प्राणी के प्रति सहज और सरल हैं। वे खुद को सुरक्षित रखते हुए वन्य प्राणियों की भलाई के बारे में सदैव चिंतन करते हैं। रेंजर उमेश दुबे ने बताया कि भालू शाम ढलते ही बस्ती के अंदर पहुंच जाता है। ग्रामीण इतने भयभीत है कि वे शाम होते ही परिजनों के साथ खुद को घर में कैद कर ले रहे हैं। पीटीआर प्रबंधन ने भालू के पदचिन्ह व मल की पहचान करते हुये ग्रामीणों को आगाह किया है। हालांकि अभी तक भालू ने किसी प्रकार की जानमाल की क्षति नहीं पहुंचायी है।


अधिकारियों को जानकारी देते ग्रामीण

संत मरियम में नन्हे-मुन्नों ने शांता बनकर मनाया क्रिसमस का त्यौहार

# प्रभु ईशु को हसरत भरी निगाहों से देख रही दुनियाः अविनाश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल में शनिवार को रोमांचक, ज्ञानवर्धक, मनोरंजक एवं दर्शनीय क्रिसमस दिवस का आयोजन किया गया। रंगबिरंगे आकर्षक परिधानों में सुसज्जित बच्चे भिन्न-भिन्न ऐतिहासिक, पौराणिक, समसामयिक पात्रों को परिलक्षित करते नजर आये। स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि प्रभु ईशु के आगमन को पूरी दुनिया हसरत भरी निगाहों से देख रही है। संता क्लाज वेश धरे बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा है। अमीरजादा सेंटा बच्चों से बेहद प्यार करता था। इसलिए बड़ा दिन की छुट्टी में बच्चों से मिलकर उन्हें उपहार देता था। मौके पर प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, सह प्रधानाचार्य एसबी शाहा आदि ने बच्चों को क्रिसमस की बधाई दी।


सेंटा क्लॉज बने बच्चे

# दुकान कर्मी ने लाठी से पीट कर किया घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के सब्जी बाजार किराना दुकान में प्लास्टिक मांगने को लेकर हुए विवाद में दुकानदार ने एक व्यक्ति को पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज निवासी सुनील कुमार उम्र 45 वर्ष शनिवार की दोपहर करीब 1:00 बजे बाजार गए थे। इसी बीच बाजार में कुछ सामान लेने के लिए उन्हें एक प्लास्टिक की जरूरत पड़ी। प्लास्टिक लेने के लिए वह सब्जी बाजार स्थित आशीष और अमित की दुकान में पहुंचे। उन्होंने बताया कि जब वे प्लास्टिक मांगे तो दुकान के स्टाफ उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद दुकान के स्टाफ और सुनील कुमार के बीच बहस होने लगी इसी बीच दुकान के स्टाफ ने सुनील कुमार को लाठी से सिर में मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर हैं। उनके सिर में छह टांके लगे हैं। वहीं इस घटना के बाद सुनील कुमार के द्वारा शहर थाना में मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

अवैध बालू की नीलामी को खनन विभाग ने निकाली निविदा

# जब्त 30 हजार घन फीट बालू की नीलामी 3 जनवरी कोः डीएमओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिले के विभिन्न स्थानों से जब्त किये गये अवैध रूप से भंडारित बालू की नीलामी की

**समाहरणालय सभागार में दिन के 1 बजे होगी नीलामी**

जायेगी। इसके लिए जिला खनन विभाग के द्वारा निविदा निकाली गयी है। यह निविदा समाहरणालय सभागार में 3 जनवरी 2024 को 1 बजे दिन में उपायुक्त द्वारा गठित समिति के समक्ष अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में खोली जाएगी। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि छापेमारी के दौरान अवैध तरीके से जब्त किए गए बालू जिसकी नीलामी को लेकर निविदा निकाली गयी है। उन्होंने बताया कि 30 हजार सीएफटी बालू की नीलामी की जाएगी। उन्होंने कहा कि निविदा में भाग लेने के लिए संवेदकों को शर्तो को पूरा करना अनिवार्य होगा। नीलामी में भाग लेने वाले संवेदकों को सुरक्षित जमा राशि का दस प्रतिशत की राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में जिला खनन पदाधिकारी के नाम बैंक ड्राफ्ट, तीन वर्ष का आयकर रिर्टन की छायाप्रति,पासपोर्ट साइज फोटो की दो प्रति,आधार कार्ड,पैन कार्ड,पहचान पत्र की छाया प्रति आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। इसके अलावे आवेदन के साथ शपथ पत्र जमा करना होगा कि खनन विभाग से संबंधित भुगतान या बकाया लंबित नहीं हो एवं किसी विभाग द्वारा उनका नाम या संस्था काली सूची में दर्ज नहीं हो।


फाइल फोटो

# पूरी होगी निखत परवीन की डॉक्टर बनने की तमन्ना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायत में आयोजित शिविर के माध्यम से आमजनों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। इसी कड़ी में चैनपुर प्रखंड अंतर्गत बसरिया कला में आयोजित शिविर के दौरान कई योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरकुटा में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली निखत परवीन को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ मिला। इस योजना के तहत निखत को 2500 रुपए का सांकेतिक रूप से चेक मिला। निखत ने कहा कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत मिली राशि से पढ़ाई जारी रखने में उसे मदद मिलेगी। उसने बताया कि अच्छी शिक्षा प्राप्त कर उसे डॉक्टर बनने की तमन्ना है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत बालिकाओं को अच्छी शिक्षा के लिए 40 हजार रुपए तक की सहायता राशि देने का प्रावधान सरकार द्वारा किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बालिका शिक्षा पर जोर देना, बाल विवाह प्रथा का अंत करना एवं महिला सशक्तिकरण है।



# अस्पताल अधीक्षक ने किया एमएमसीएच का निरीक्षण


अस्पताल का निरीक्षण करते अधीक्षक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अस्पताल अधीक्षक डीके सिंह ने शनिवार को मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के अंदर मरीजों की सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि नई बिल्डिंग में अभी गायनी और शिशु विभाग को शिफ्ट किया गया है। जहां पर चिकित्सक समय अनुसार बैठ कर मरीजों का टोकन नंबर से इलाज कर रहे हैं। बताते चलें कि सदर अस्पताल में इन दिनों दलालों की संख्या काफी बढ़ गई है। इस पर उन्होंने कहा कि अस्पताल के अंदर कोई भी दलाल को हर हाल में प्रवेश नहीं होने दिया जाएगा। यदि दलाल पकड़े जाते हैं तो उनके ऊपर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रतियोगिता

जिला जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप शुरू, प्रतिभागियों में उत्साह

# सफल प्रतिभागी गुजरात में नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेंगे

**खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा ने प्रतियोगिता का उद्घाटन खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं 600 मी की दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता शनिवार को जीएलए कॉलेज के स्टेडियम में प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि पलामू जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा ने प्रतियोगिता का उद्घाटन खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं 600 मी की दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि आज की प्रतियोगिता में दौड़ के लिए समय तथा लंबी कूद एवं गोला फेंक के लिए दूरी का मानक के आधार पर चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी पलामू जिला से सीधे गुजरात में होनेवाली नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि यह ऐसी प्रतियोगिता है जो जिला ऐथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया से रजिस्टर्ड है। प्रतियोगिता का संचालन पलामू जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कमलानंद दुबे ने किया। इस अवसर पर जीजीपीएस के शारीरिक शिक्षक अनिल कुमार पाण्डेय, एएच सिद्दिकी,दीपक कुमार तिवारी आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता का संचालन रेशमा पांडे,मोनू कुमार, प्रीति कुमारी,अंकित यादव,सतीश कुमार ठाकुर ,विनीता कुमारी व प्रिया कुमारी ने किया।


प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे

### प्रतियोगिता का परिणाम

60 मी. की बालिका दौड़ में प्रथम अपर्णा कुमारी विमला पांडे मेमोरियल, सेकंड रिया कुमारी बीसी मिशन स्कूल व थर्ड वैदेही कुमारी राजकीय मध्य विद्यालय हमीदगंज रही। इसी तरह ग्रुप ए बालक वर्ग 70 मीटर की दौड़ में प्रथम प्रतीक उपाध्याय, द्वितीय आयुष कुमार एवं तृतीय गोल्डन कुमार रहे। जबकि 60 मीटर की दौड़ बालिका ग्रुप ए में प्रथम मानसी सिंह,द्वितीय स्मृति एवं तृतीय स्थान पर निराली कुमारी ने बाजी मारी। यह जानकारी संजय कुमार त्रिपाठी ने दी है

## एक नजर

### सीपीआई ने अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा 11 सूत्री मांग पत्र

**श्री बंशीधर नगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव राजकुमार राम के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने अनुमंडल पदाधिकारी को जन समस्याओं से सबंधित 11 सूत्री मांग पत्र सौंपकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। मांगपत्र में अनुमंडल क्षेत्र के सभी परिवार के सभी सदस्यों के नामयुक्त राशनकार्ड की व्यवस्था कराने तथा प्रत्येक माह के 10 तारीख तक राशन वितरण सुनिश्चित कराने, त्रुटिपूर्ण सर्वे खतियान को रद्द कराने तथा रजिस्टर टू से भूमि व मकान का मालगुजारी रसीद काटने की व्यवस्था कराने, मनरेगा व अन्य संचालित योजनाओं को रोजगार मुखी योजना का चयन करके ग्रामीण क्षेत्र में मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की है। मौके पर गणेश सिंह, रामेश्वर प्रसाद अकेला, यशवंत चौबे, अंचल सचिव गोपाल यादव, मजबुल्लाह खां शामिल थे।

### एआईएमआईएम नेता ने की जरूरतमंद की मदद

**गढ़वा।** एआईएमआईएम पार्टी के पूर्व प्रत्याशी सह गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी डॉ एमएन खान रंका पहुंच कर बरमजीत भुइयां व उनके परिवार वालों से मुलाकात की। साथ ही तत्काल सहयोग राशि प्रदान की। वहीं बरमजीत भुइयां का समुचित इलाज कराने का आश्वासन दिया। मौके पर एआईएमआईएम के पूर्व प्रत्याशी सह गढ़वा -रंका विधानसभा प्रभारी डॉ. एमएन खान, प्रखंड अध्यक्ष इबरान अंसारी, जैकी वर्मा, संजय गुप्ता, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मजहर हुसैन रजवी, प्रखंड कोषाध्यक्ष जहांगीर अंसारी, प्रखंड महासचिव मोबिन अंसारी, प्रखंड सचिव असगर अंसारी, प्रखंड सचिव सुदामा कुमार रवि, यूवा प्रखंड अध्यक्ष खुशदिल अंसारी, प्रखंड सचिव आमिर बक्श अंसारी, प्रखंड युवा सचिव आरिफ अंसारी, जाबिर अंसारी, प्रखंड युवा सचिव कामेश कुमार रवि, पिंकू उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त शिक्षक रामप्यारी का निधन

**भवनाथपुर।** झगड़ाखाड निवासी सह सेवानिवृत्त शिक्षक रामप्यारी ठाकुर (75) का निधन शनिवार सुबह दस बजे पैतृक गांव में हो गया। रामप्यारी ठाकुर अपने मृदुभाषी तथा मिलनसार के कारण बनसानी पंचायत सहित प्रखंड में लोकप्रिय थे। सभी के साथ समान व्यवहार रखने वाले ठाकुर का अंतिम संस्कार झगडाखाड नदी में किया गया, जहा उनके बड़े पुत्र कामेश्वर ठाकुर ने मुखाग्नि दी। मौके पर राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश सचिव सह जिप सदस्य प्रतिनिधि कुन्दन कुमार ठाकुर, नंद कुमार ठाकुर, अनुज ठाकुर, शैलेश ठाकुर, बिरेंद्र ठाकुर, ललू ठाकुर, गोकुल पासवान, धरमजित पासवान, शुभाषचंद पासवान, शिक्षक चंद्रिका राम, अनिल सिंह, कामेश्वर बैध, गोपीचंद बैठा, विजय सिंह, गौरीशंकर पासवान, रवि उरांव, पूर्व मुखिया सुखाड़ी भुईयां आदि उपस्थित थे।

### हजारों लोगों के बीच कंबल का वितरण

**चिनिया।** प्रखंड की ग्राम पंचायत बरवाडीह में गढ़वा जिला बीससूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने अपने पिता स्व. ठाकुर रामपाल सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर हजारों जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर पंचायत के मुखिया पम्मी देवी, उप मुखिया मंदिप यादव आदि हजारों लोग मौजूद थे।

### विधायक सह पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री ने किया गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग का उद्घाटन

# सफलता के लिए निरंतर प्रयास जरूरी : मिथिलेश

**नवीन मोल संवाददाता। गढ़वा**



जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वाधान में आयोजित 22 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग का उद्घाटन गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने डीसी शेखर जमुआर के बॉल को खेल कर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

इस मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के लोग खेल को पहचान दिलाने और प्रतिभा को आगे लाने के लिए 22 सालों से निरंतर काम कर रहे हैं। खिलाड़ियों को जो मंच आज उपलब्ध हो रहा है, उसकी जितनी भी तारीफ की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि अगर इस तरह का मंच आज से 40 साल पहले यहां के पूर्व के खिलाड़ियों को मिला होता तो धोनी से पहले देश का प्रतिनिधित्व गढ़वा का खिलाड़ी कर लिया होता। उस समय बलराज, दिनेश, नितेश जैसे खिलाड़ी थे, जो देश का प्रतिनिधित्व कर सकते थे। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी खेल में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं, वे लोग कड़ी मेहनत करें साथ ही प्रयास लगातार करते रहें मेहनत कभी बेकार नहीं जाता है। उन्होंने कहा कि वह लगातार विधानसभा का चुनाव लड़ते रहे, दो बार हार मिला पर निराश नहीं हुए जिसका परिणाम यह है कि दो बार विधानसभा हारने के बाद तीसरी बार में गढ़वा विधानसभा की जनता ने उन्हें आज ही के दिन विधायक बनाया और विधायक बनने के बाद मंत्री भी बन गए, इसलिए लोगों को हार से निराश होने की जरूरत नहीं है, सफलता के लिए प्रयासरत रहना जरूरी है।आयोजन कमेटी को हर संभव मदद करने को तैयार हैं।

डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि आप लोग खेल को कैरियर के रूप में अपनाएं। आज खेल में पैसा के साथ साथ ग्लैमर भी खिलाड़ियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज अभिभावक बच्चों को लेकर मैदान पहुंच रहे हैं, खिलाड़ियों को भी नई तकनीक को सीखने की आवश्यकता है। संघ के अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता एक बड़े आयाम की ओर बढ़ रहा है। उपाध्यक्ष विनोद कमलापुरी ने कहा कि 43 साल पहले इसी मैदान में मंत्री के साथ खेला करते थे, आज उन्हें अपने बीच क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन करते देख कर काफी खुशी हो रही है। सचिव आनंद सिन्हा ने मंत्री और जिला प्रशासन से प्रतियोगिता को नियमित रूप से कराने के लिए मैदान को यथावत बनाए रखने की मांग की ताकि प्रतियोगिता का समय पर समापन किया जा सके। मौके पर अंचलाधिकारी मयंक भूषण, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा, जिला क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र सिंह, खेल प्रतिनिधि धीरज दुबे, ओमप्रकाश गुप्ता, राजद के जिलाध्यक्ष सूरज सिंह, संघ के उपाध्यक्ष सुशील केशरी, नंदकुमार गुप्ता, अशोक विश्वकर्मा, अशोक दुबे, सियाराम शरण वर्मा, गुड्डु तिवारी, आशुतोष रंजन सिंहा, आलोक सिन्हा, पंकज वर्मा, निखिल, राजू सिन्हा, राजीव रंजन, बिटू, मनोज तिवारी, प्रिंस खान नवनीत कुमार, अभिषेक द्विवेदी, विशाल कुमार आदि मौजूद थे।

# मंत्री ने किया स्वतंत्रता सेनानी सह शहीद द्वार का भूमि पूजन

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**



गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को गढ़वा-मझिआंव मुख्य पथ अटौला मोड़ पर स्वतंत्रता सेनानी सह शहीद द्वार निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। इस दौरान मंत्री ने स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीद जवान के परिजनों को फूल माला तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही पैर छू कर आशीर्वाद लिया।

मौके पर मंत्री ने कहा कि हमारे देश की आजादी उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, तपस्या व बलिदान का परिणाम है, जिन्होंने आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर दिया। जिन्हें हम सभी भुलते जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि गढ़वा जिले में सबसे ज्यादा स्वतंत्रता सेनानी अटौला गांव के थे। चुनाव जीतने के बाद से ही हमने उनकी याद में यहां तोरण द्वार बनाने का संकल्प किया था, जिसका आज भूमि पूजन किया गया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द यहां भव्य व आकर्षक तोरण द्वार का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा, जिसका उद्घाटन स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों से ही कराया जाएगा। उन्होंने गढ़वा के पूर्व विधायकों पर तंज करते हुए कहा कि पहले भी गढ़वा के विधायक और मंत्री क्षेत्र में थे, परंतु किसी ने इन्हें याद नहीं किया। उन्होंने पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी का नाम लिए बगैर कहा कि 10 साल पूर्व यहां तोरण द्वार बनाने के लिए शिलान्यास भी किया गया था, परंतु आज तक निर्माण नहीं कराया गया। मंत्री ने जोर देकर कहा कि हम जो कहते हैं वह करते हैं। आज विपक्ष के लोग सरकार गिराने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं, परंतु उन्हें मुंह की खानी पड़ रही है। वर्तमान झारखंड सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। साथ ही आगे भी झारखंड मुक्ति मोर्चा महागठबंधन की ही सरकार बनेगी। उन्होंने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि चुनाव के समय जात-पात, हिंदू-मुस्लिम कर समाज को बांटकर वोट लेने का काम करती है। मौके पर मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, उदय नारायण दुबे आदि ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि बबलू सिंह, सुजाता देवी, मीना देवी, धर्मराज भारती, बबलू दुबे, पूर्व मुखिया हरिवंश तिवारी, ऋषि कुमार तिवारी सहित अटौला, चेचरिया तथा खोरीडीह पंचायत के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सर्वसम्मति से कलवार समाज के अध्यक्ष बने कामेश्वर प्रसाद, किए गए सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



अखिल भारतीय कलवार समाज के कार्यकारिणी का गठन आपसी सहमति पश्चात सर्वसम्मति से कर लिया गया है, जिसमें कामेश्वर प्रसाद को सर्वसम्मति से कलवार समाज के अध्यक्ष चुना गया है। इसे लेकर शुक्रवार की देर शाम चेचरिया स्थित शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाई रवि प्रकाश के आवास पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें ब्याहुत कलवार, जयसवाल समाज के बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इस दौरान प्रतिष्ठित व्यवसाई अशोक जायसवाल, डॉ ओमप्रकाश, पूर्व मुखिया अजय प्रसाद, राकेश जैसवाल बबलू नीरज जायसवाल, प्रताप जायसवाल आदि ने संयुक्त रूप से माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान कलवार समाज को और मजबूत बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही सर्वसम्मति से हर साल आने वाली कुल देवता बलराम जिसका दूसरा नाम बलभद्र है। पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए नये अध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद ने कहा कि हम सब एकता के एक सूत्र में बंधे हैं। लेकिन विभिन्न समाज की अपनी अपनी कुछ पहचान एवं ऊर्जा होती है, जिसके माध्यम से उस समाज के लोग आगे की ओर अग्रसर होते हैं। कलवार, जयसवाल समाज भी अब मजबूती के साथ एकता के सूत्र में बंधकर विकास पथ पर आगे की ओर बढ़ने को लेकर कटिबद्ध है।

# मशीन में मफलर व साल फंसने से युवकी की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरिया**



प्रखंड मुख्यालय में शनिवार की सुबह लगभग 7:00 बजे चावल बनाने की मशीन में मफलर व साल फंस जाने कारण एक आदिवासी युवक की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार भंडरिया निवासी तिलदेव लकड़ा (45)अपने चावल बनाने की मशीन को लेकर गांव के ही राहुल कच्छप के यहां धान से चावल बनाने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान उसका मफलर व साल चल रही मशीन में अचानक से फंस गया जिससे मृतक तिलदेव का गला दब गया।

साथ में काम कर रहे लोगों द्वारा मशीन को बंद किया गया तथा उसे किसी तरह मशीन से छुडा कर तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। भंडरिया पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा। सरल स्वभाव के मृदभाषी मृतक तिलदेव लकड़ा की अचानक हुई मौत से पूरे गांव में मातम पसर गया। तिलदेव लकड़ा पिछले दस वर्षों से सीजन में मशीन के माध्यम से धान से चावल बनाने के कार्य के साथ मजदूरी कर अपने परिवार का भरन पोषण करते थे। मुखिया विनय सिंह मृतक के घर पहुंचे तथा रोते बिलखते परिजनों का ढांढस बंधाया। प्रक्रिया तहत मिलने वाले सभी योजनाओं का लाभ दिलवाने का आश्वासन दिया।

### राजा तालाब में डुबने से युवक की मौत

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के भुईया टोली निवासी पुलर चंद्रवंशी उर्फ चंदन राम (35), पिता घुरबिगन राम की मौत धुरकी के राजा तालाब समीप एक तालाब में डूबने से हो गयी। विदित हो कि मृतक का मानसिक संतुलन पहले से खराब था। आधी रात को घर से गायब होने पर उसकी खोजबीन प्रारंभ हुई। काफी खोजबीन के बाद तालाब के समीप मृतक का चप्पल देखे जाने के बाद गोताखोर तालाब के अंदर घुस कर खोजबीन करने लगे। तत्पश्चात मृतक का शव बरामद हुआ। मुखिया महबूब अंसारी ने परिवार से मिलकर आर्थिक सहयोग करने का आश्वासन दिया। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढवा भेज दिया।

# बड़गड़ बाजार स्थित दुकानों में हुई चोरी, मुर्गा दुकान में घुसकर आराम से चिकेन बनाकर भी खाया चोरों ने

**नवीन मेंल संवाददाता। बड़गड़**



बड़गड़ पुलिस टिकट से महज 100 गज की दूरी पर स्थित चार दुकानों में अज्ञात चोरों के द्वारा शुक्रवार को रात्रि में दुकान का खपरैल छत उखाड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। बताया गया कि बड़गड़ पुलिस पिकेट के पूर्व उत्तर दिशा में स्थित मोर्चे के सामने मुस्कान मोबाइल सेंटर नीरज फल दुकान एवं प्रिंस कुमार का इलेक्ट्रॉनिक दुकान सहित रौशन प्रसाद सोनी के मुर्गा दुकान की गुमटी को तोड़कर चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है।

चोरी की घटना का संबंध में भुक्तभोगी मोबाइल दुकान संचालक रोहित सोनी ने बताया कि उसके दुकान के पीछे साइड से खपरैल छत को उखाड़ कर चोर दुकान में प्रवेश किए तथा दुकान में रखें नगद राशि सहित लगभग एक लाख रूपए के नये मोबाइल एवं मोबाइल उपकरण चोरी कर ले गए हैं। वही बगल में स्थित नीरज कुमार के फल दुकान के गुमटी का ताला तोड़कर चोरों ने दुकान में रखा केले खाकर दुकान को तीतर वितर कर दो पेटी सेव ले भागे। प्रिंस कुमार के इलेक्ट्रॉनिक दुकान में चोरों ने मुख्य दरवाजा का ताला तोड़कर तथा दुकान के बगल में दीवाल छेद कर चोरी करने का प्रयास किया लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। वही रौशन सोनी के मुर्गा दुकान के गुमटी का ऊपरी हिस्सा तोड़कर गुमटी के अंदर घुसकर चोरों ने इत्मीनान से दुकान में रखें मुर्गा को काट बनाकर दुकान में रखें गैस चूल्हा एवं बर्तन के सहारे खाने के लिए तैयार कर बर्तन सहित चोरी कर लिए जाने की बात सामने आई है। इधर चोरी की घटना से नाराज बाजार के व्यवसायी वर्ग के लोगों ने शनिवार को सुबह से पिकेट में तैनात पुलिसकर्मियों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए स्वतः अपनी दुकान बंद कर हनुमान मंदिर चौक पर काफी संख्या में व्यवसायी धरना पर बैठ कर स्थानीय पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने लगें। ग्रामीण बाजार के दुकानों में लगातार हो रही चोरी की घटना पर रोक लगाने, घटना में शामिल चोरों को गिरफ्तार करने तथा बाजार क्षेत्र में रात्रि में पुलिस गस्त सुनिश्चित करने मांग कर रहे थे।

चोरी की घटना एवं ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन की सूचना पर भंडरिया थाना के एस आई राहुल कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया। एसआई राहुल कुमार के द्वारा चोरों की गिरफ्तारी जल्द करने एवं बाजार में रात्रि गस्त कराने को लेकर वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराने के आश्वासन पर ग्रामीणों द्वारा विरोध प्रदर्शन समाप्त किया गया।

# अबुआ आवास के 922 आवेदन जमा

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**




प्रखंड की लोहरगाड़ा पंचायत सचिवालय प्रांगण में शनिवार को आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गर्या। इसका शुभारंभ प्रमुख चंद्रावती देवी, जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह, मुखिया नीलम देवी ने किया। ग्रामीणों ने शिविर में 1150 आवेदन जमा किए। कार्यक्रम में सबसे ज्यादा अबुआ आवास के 922 आवेदन जमा हुए।

वहीं पेंशन के लिए 112, सिंचाई कूप के 2, मुख्यमंत्री पशुधन के 41, आधार कार्ड के 15 और 35 आयुष्मान कार्ड के आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर पंचायत समिति सदस्य राम ब्रत मेहता, सीताराम शर्मा, पंचायत सचिव अशोक कुमार, जेई अमर भारती, राजीव कुमार, प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार, रोजगार सेवक धीरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, रामकुमार प्रजापति, पंकज सिंह, दीपक जयसवाल, अनुप कुमार, सीएचओ कमल सैनी, कम्प्यूटर आपरेटर रघुनाथ पाल, सिराज अंसारी, जियारत अंसारी, रामाकांत भारती, कुलदीप चौधरी आदि मौजूद थे।

### कार्यक्रम में देरी से पहुंचे बीडीओ, ग्रामीण नाराज

वहीं कार्यक्रम में प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम दोपहर 1:15 बजे पहुंचे। दस मिनट कार्यक्रम में रूकने के बाद बीडीओ पुनः चलते बने और कार्यक्रम में पुनः 3:45 बजे पहुंचे। बीडीओ के लेट-लतीफी से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आने पर सैकड़ों ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। ग्रामीण मनोज यादव, कुलदीप चौधरी, संगीता देवी, आरती देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा की झारखंड सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों तक पहुंचाने और उसका लाभ दिलाने के लिए पंचायत स्तर पर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित कर रही है। लेकिन उनके अधिकारी इस कार्यक्रम को असफल बना रहे हैं। जब अधिकारी ही समय पर नहीं पहुंच है तो सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सफल कैसे होगा।

**पहल** नरही पंचायत सचिवालय में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

# 957 आवेदनों का त्वरित निष्पादन, 842 रहे लंबित

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



प्रखंड की नरही पंचायत सचिवालय में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेश चौबे, जिला परिषद सदस्य रानी बाला, प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार, मुखिया मनोज ठाकुर, उपमुखिया शारदा पासवान ने सयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में कुल 1799 आवेदन प्राप्त हुये, जिनमें 957 का त्वरित निष्पादन किया गया। 842 आवेदन लंबित रहे। अबूआ आवास योजना के 770, आयुष्मान कार्ड के 6, गुरु जी क्रेडिट कार्ड योजना के 3, मनरेगा के तहत नए कार्य के 20, मनरेगा के तहत नई जॉब कार्ड के 10, बिरसा हरित सिंचाई कूप के 2, राशन कार्ड में संशोधन या नये के 22, बिजली संबंधी समस्या का 1, कंबल वितरण के 19, सर्वजन पेंशन योजना के 34, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 5, आधार पंजीकरण के 8, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 25, पेयजल एवं स्वच्छता के 18, पोर्टल नया पंजीकरण के 6, स्वास्थ्य जांच के 39, आजीविका का 1, एसएचजी आईडी कार्ड के 810 आवेदन प्राप्त हुये।

मौके पर जिपस पति प्रमोद कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम, प्रधान सहायक अनिल सिंह, ब्लॉक कोर्डिनेटर प्रधानमंत्री आवास स्नेहा सिंह, ब्लॉक कोर्डिनेटर पंचायत राज कौशल कुमार, सीएचओ सौम्या कुमारी, एएनएम सोना कुमारी, दिलीप कुमार, पंचायत सेवक प्रशांत कुमार, बिरेंद्र सिंह, बाल विकास पर्यवेक्षिका आरती कुमारी, सीआरपी सुबोध कुमार, संजीव कुमार, रोजगार सेवक अम्बिका सिंह, प्रकाश कुमार, संजय राम, नागेंद्र कुमार, अनुज कुमार, पल्लवी चौबे, एसआरपी अस्तरुन निशा, कृति रॉय, सुनीता कुमारी, रोहित कुमार, विक्रम कुमार, उषा, ललिता उपस्थित थे।

### सर्वाधिक 594 आवेदन अबुआ आवास के आए

**रमना।** सिलीदाग पंचायत में शनिवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिप अध्यक्ष शांति देवी, प्रमुख करुणा सोनी, बीडीओ संजय कुमार, सीओ बासुदेव राय, मुखिया अनिता देवी ने संयुक्त रूप से किया। परिसंपतियों के वितरण के साथ मनरेगा से कूप निर्माण, दीदी बांडी योजना की स्वीकृति दी गई। 1314 लोगों ने विभिन्न स्टॉलों पर आवेदन दिए। इनमें सर्वाधिक 594 आवेदन अबुआ आवास के रहे। मौके पर बीडीसी सीता देवी, कर्णपुरा मुखिया अजित पांडेय, मड़वनिया मुखिया स्वीटी वर्मा, सिलीदाग मुखिया अनिता देवी, बहियार खुर्द मुखिया सोनी देवी, बहियार कला मुखिया सावित्री देवी, टंडवा मुखिया संतोष सिंह, उप मुखिया नेहा सोनी, पंचायत सचिव बिनोद राम, वीरेंची पासवान आदि मौजूद रहे।

# शिविर में ग्रामीणों ने मांगी मनरेगा योजना में रोजगार

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**



शनिवार को लोहरगाड़ा पंचायत सचिवालय प्रांगण में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीण सुगवंती देवी, सरिता देवी, राम केवल ठाकुर, रामू मेहता, अनुज मेहता, बिटू पांडे, आनंद तिवारी, रूबी देवी, दिलीप तिवारी ने बीडीओ और प्रमुख से मनरेगा योजना से गांव में रोजगार की मांग की।

बीडीओ के कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने पर ग्रामीणों ने बीडीओ को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण मजदूरों ने कहा कि पंचायत में मनरेगा योजना संचालित नहीं होने से यहां के स्थानीय मजदूरों को रोजगार नहीं मिल रहा है। यहां के लोग बाहरी राज्यों में पलायन करने को विवश हैं। पंचायत में पिछले एक वर्ष से कार्य बंद है। ग्रामीणों ने प्रमुख और बीडीओ से गांव में मनरेगा योजना से रोजगार दिलाने की मांग की है।

## एक नजर

### प्रजापति महासंघ के प्रदेश महामंत्री बने डब्लू

**चंदवा।** प्रजापति (कुम्हार) महासंघ का छठा अधिवेशन शुक्रवार को देवघर जिले के रांगा मोड़ के समीप संपन्न हुआ। इसमें पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। बैजनाथ महतो का चयन झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासभा प्रदेश अध्यक्ष के पद पर किया गया। वहीं चंदवा प्रखंड अंतर्गत जमीरा पंचायत के रोल निवासी डब्लू प्रजापति को झारखंड प्रदेश महामंत्री मनोनीत किया गया है।

### उपप्रमुख की पहल पर मरीज का इलाज शुरू

**चंदवा।** प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा की पहल के बाद आलौदिया पंचायत के सरलाही गांव निवासी टीबी मरीज अगनु तुरी का उपचार शुरू किया गया। प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा अपने गृह पंचायत आलौदिया में घूमकर लोगों का कुशलक्षेम जान रहे थे। इसी दौरान मिश्रा अगनु तुरी के घर पंहुचे जहां उनकी नाजुक स्थिति देखकर इसकी सूचना चंदवा सीएचसी को दी। इसके बाद हरकत में आये स्वास्थ्य विभाग ने एम्बुलेंस भेजकर अगनु तुरी को घर से लाकर चंदवा में प्राथमिक उपचार के बाद सदर हॉस्पिटल लातेहार रेफर कर दिया, जहां अगनु तुरी का उपचार किया जा रहा है।

### स्वेटर का वितरण

**चंदवा।** कामता पंचायत के ग्राम कामता के तुरी टोला और भुषाढ़ आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। तुरी टोला में 55 बच्चों और भुषाढ़ में 30 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत आदि मौजूद थे।

### नील गाय का शव बरामद

**बारियातु।** थाना क्षेत्र के नवनिर्मित शहादेव ब्रदर्स पिट्रोल पंप के समीप एनएच 22 के किनारे से शनिवार को अहले सुबह वन विभाग की टीम ने एक नील गाय का शव बरामद किया। इस संबंध में वन रक्षी संतोष उरांव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए चेटुआग जंगल ले जाया गया, जहां पशु चिकित्सा पदाधिकारी शीशीला वागे ने पोस्टमार्टम कर शव को दफनाया गया।

### कंबल का वितरण

**सिमरिया।** राकेश कुमार सिंह प्रधान जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के नेतृत्व में जरूरतमंद अनुसूचित जाति परिवारों के घर पहुंचकर न्यायिक अधिकारियों ने किया कंबल का वितरण। उनके साथ जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायधीश राकेश चंद्रा, प्राधिकार के सचिव प्रज्ञा बाजपेई व सतीश उज्जवल बेक प्रभारी न्यायाधीश ने सिमरिया रेफरल अस्पताल पहुंचकर अस्पताल का निरीक्षण किया।

### अलाव की व्यवस्था

**पत्थलगड़ा।** नावाडीह मुखिया कंचन देवी ने पंचायत के विभिन्न स्थानों पर शनिवार को अलाव की व्यवस्था करवाई। अलावा की व्यवस्था करने में मेघन दांगी, पंकज दांगी, संदीप राणा, गोपाल दांगी, मनोज दांगी, पवन दांगी, प्रमोद दांगी, विजय दांगी, शंकर दांगी, बैजनाथ प्रसाद, प्रबिल दांगी आदि की अहम भूमिका रही।

### पूर्व सरपंच नहीं रहे

**सिमरिया।** योगियाडीह हुरनाली निवासी टूटीलावा के पूर्व सरपंच किशुन तिवारी 95 वर्ष का निधन विष्णुपुरी हजारीबाग में हो गई। उनके पुत्र रणवीर और विनय तिवारी ने बताया कि योगियाडीह घाट में अंतिम संस्कार किया गया।

# उपायुक्त ने चारु पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार शिविर का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान जिले के विभिन्न पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का जायजा लेने कान्हाचट्टी प्रखंड के चारु पंचायत सचिवालय पहुंचे।

इस दौरान एक-एक कर विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर कल्याण मंच पर पहुंच द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और झारखंड स्टेट लाइलीहुड प्रमोशन सोसायटी की महिलाओं के बीच आत्मनिर्भर बनाने हेतु चेक के माध्यम से राशि का वितरण, लाभुकों के बीच योजनाओं का स्वीकृति पत्र का वितरण किया और समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित गोदभराई रस्म में शामिल हुए। वहीं प्रखंड क्षेत्र के बूथ नंबर 417 एवं 493 राजकीय बुनियादी विद्यालय कान्हाचट्टी पहुंचकर बूथ नंबर 417 के नए मतदातों से मिल चुनाव में मतदाताओं के महत्व को बताया। मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास माहतो से ली।



## कंबल, पौधा, जॉब कार्ड, धोती-साड़ी का किया गया वितरण

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दुवारी पंचायत में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिप सदस्य अनीता देवी, बीडीओ हरिनाथ महतो, प्रमुख अनीता यादव, उपप्रमुख प्रीतम यादव, कांग्रेस नेता सत्येंद्र कुमार दांगी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष महावीर दांगी, मुखिया जगदीश यादव, समाजसेवी बालेश्वर यादव, बसंत कुमार सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दिप्रज्वलित व फीता काटकर किया। कार्यक्रम में कई विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। जिसका पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने जायजा लिया। इस दौरान स्टॉल में प्राप्त आवेदनों को ऑन द स्पोर्ट पोर्टल में डेटा इंट्री करने का निर्देश सम्बंधित कर्मियों को दिया गया। साथ ही इस दौरान कम्बल, पौधा, जाबकार्ड, साड़ी-धोती सहित कई परिसम्पतयों का वितरण किया गया। शिविर में ग्रामीणों के द्वारा सर्वाधिक आवेदन अबुवा आवास के 776 जमा किए गए। मौके पर आवास कोडिनेटर फरहत नजनी, बीपीओ, सहायक अभियंता मनोज कुमार, शशि कुमार गुप्ता, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# योजनाओं से लाभान्वित हुए लाभुक

## अबुआ आवास के स्टॉल पर ग्रामीणों की लगी भारी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

सासंग पंचायत में शनिवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बीडीओ विजय कुमार, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, चंदवा पश्चिमी जिप सदस्य सरोज देवी, झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य इस्तियाक खान, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, मुखिया पुष्पा देवी, बीपीओ रतन कुमारी, झामुमो प्रखंड सचिव मो इजहार ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने विभिन्न स्टालों पर जाकर अपना-अपना आवेदन जमा करवाया।

इसके साथ ही कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने ऑन द स्पॉट ग्रामीणों को योजनाओं से लाभान्वित किया। शिविर में सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र, पेंशन स्वीकृति पत्र, अंचल जमीन सुधार रसीद, लाभुकों के बीच धोती-साड़ी, साइकिल का चेक, जॉब कार्ड, पौधा, कंबल आदि का वितरण किया गया। मौके पर प्रभारी एमओ रामनाथ यादव, झामुमो युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डब्लू प्रजापति, सासंग पंसस, प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार, आवास कोऑर्डिनेटर कुशध्वज कुमार, पंचायत सचिव प्रिंस कुमार आदि मौजूद थे।



### सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित

**बारियातु।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को मुखिया सरिता देवी की अध्यक्षता में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव, बीससुत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, मुखिया सरिता देवी, पंचायत समिति सदस्य सोनी देवी, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, रा.सा.प्रतिनिधि रिगन कुमार, बीडीओ प्रतिमा कुमारी एवं सीओ नंद कुमार राम ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में चार छात्राओं को सावित्री बाई फुले समृधि योजना का सांकेतिक स्वीकृति प्रमाणपत्र दिया गया। 16 जेएसएलपीएस की महिलाओं को आइडी कार्ड दिया गया। 14 जमीन के रसीद काटे गए। पांच जन्म प्रमाणपत्र, 7 आय प्रमाणपत्र, 8 जाति प्रमाणपत्र और जाब कार्ड बनाये गये। मौके पर बीपीओ रवि यादव, आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, सीआई अनिल होरो, पंकज पांडेय, शशि पूनम कुजूर, मो. शमीम, पशुचिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुशिला बागे, आयुष चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

### अन्नप्राशन व गोदभराई की रस्म हुई

**प्रतापपुर (चतरा)।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रतापपुर प्रखंड के योगियारा व सिजुआ पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। जोगियारा पंचायत में बाबा कुटी आश्रम के निकट आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन जिप सदस्य प्रतापपुर भाग एक रविता देवी, बीडीओ अजय कुमार दास, अंचल अधिकारी नित्यानंद दास, मुखिया आशीष भारती ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं पिता काटकर किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगाये गये स्लॉट में छह माह के बच्चों का अन्नप्राशन व गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म पुरी की गई। अबुआ आवास के स्टॉल पर आवेदन जमा करने के लिए लोगों में होड़ मची हुई थी। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल-स्वच्छता, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, राजस्व, मनरेगा, जेएसएलपीएस समेत अन्य विभागों के लगे स्टाल के माध्यम से जन समस्याओं का समाधान किया गया।

# श्रम मंत्री ने सीएम के कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/सिमरिया**

राज्य के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानन्द भोक्ता शनिवार को जिले के सिमरिया प्रखंड पहुंचे। इस दौरान मंत्री श्री भोक्ता ने सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित कर्बला मैदान में 26 दिसम्बर 2023 को होने वाले आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वां कार्यक्रम में मुख्यमंत्री झारखंड सरकार हेमंत सोरेन के आगमन और कार्यक्रम को लेकर की जा रही प्रशासनिक तैयारी व हेलीपैड स्थल समेत अन्य का जायजा लिया। साथ ही कार्यक्रम को लेकर वरीय अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर दास, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया अशोक प्रियदर्शी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमरिया नीतू सिंह, समाज सेवी मनोज चंद्रा, शारदा देवी आदि मौजूद थे।





### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**लातेहार।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुंदरी में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त हिमांशु मोहन ने शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण का निरीक्षण किया। इस क्रम में उपायुक्त ने हेलीपैड एवं टेंट, मंच, स्टॉल इत्यादि का जायजा लिया। मौके पर अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

## थाना प्रभारी की पहल पर युवक को मिला खोया फोन

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** पत्थलगड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नावाडीह निवासी गौतम राणा पिता गोवर्धन राणा के द्वारा ओपो रेना 10 मोबाइल फोन खो जाने से संबंधित एक आवेदन थाना में दिया गया था।

इसपर थाना प्रभारी सचिन कुमार दास ने गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए जांच व खोजबीन शुरू करवाया। थाने के सीसीटीएनएस दिलीप प्रजापति समेत अन्य पदाधिकारीयों को इस मामले में जांच के लिए लगाया गया। थाना प्रभारी के निर्देश के बाद सभी ने खोजबीन प्रारंभ किया और उक्त मोबाइल को सफलतापूर्वक बरामद कर गौतम राणा को थाना बुलाकर वापस सौंप दिया गया। गौतम राणा ने खुशी जाहिर करते हुए थाना के प्रति आभार व्यक्त किया। थाना प्रभारी श्री दास ने कहा कि कोई मामला या कार्य हो रिजल्ट आना चाहिए। थाना क्षेत्र के लोगों कि हर समस्या का समाधान करने का प्रयास करता रहूंगा।

## उदयन स्कूल में छात्रावास शिक्षक भवन का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया**



सिमरिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तेतर मोड में संचालित उदयन पब्लिक स्कूल ने शनिवार को अपना छठा वार्षिकोत्सव एवं क्रिसमस महोत्सव मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के बीच छात्रावास के उदघाटन उपरांत विद्यालय प्रबंधन समिति के मुख्य सचिव गोपाल चंद्रा, सचिव डॉ. चेतलाल प्रसाद, कोषाध्यक्ष मनोज चन्द्रा, प्राचार्या टेंसी थॉमस के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसी दौरान कोषाध्यक्ष श्री चंद्रा ने बताया कि नए सत्र 2024-25 से छात्रावास और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाया है। दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चे भी यहां रहकर सुचारू रूप से उचित शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में संगीत, नृत्य, भाषण, नाटक, भारत के विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक धरोहर को नृत्य एवं भावों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम राजन मैथ्यू के देख-रेख में संपन्न हुआ। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रबन्धन समिति के सचिव, कोषाध्यक्ष, सदस्य सूरज कुमार, मंजू कुमारी, पुष्पा कुमारी, प्रेमलता चंद्रा, अंजलि चंद्रा, अनुज चंद्रा, प्राचार्या टेंसी थॉमस, शिक्षक संजय सिन्हा, अरविंद कुमार, अमान अंसारी, राजन मैथ्यू, गोविंद कुमार, रूपलाल कुमार, शिक्षिका मंजू कुमारी, उषा रानी, रेखा, भानुप्रिया, आकांक्षा गुप्ता, सीमाकरण, राखी गुप्ता, शैलेन, होमा फिर्दोस आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## डीएसओ ने किया पीडीएस दुकानों का निरीक्षण

**गिद्धौर।** जिला खाद आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत शनिवार को गिद्धौर प्रखंड पहुंचकर कई पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया। डीएसओ ने प्रखंड के गिद्धौर में दो व बरियातू में एक पीडीएस दुकान का औचक निरीक्षण किया। बरियातू में धनेश्वरी पीडीएस दुकान के निरीक्षण के क्रम में मात्र 14 प्रतिशत अनाज का वितरण कार्डधारीयों के बीच किया गया मिला और गोदाम में अनाज भी नहीं पाया गया। इस पर तीन दिनों के अंदर 100 प्रतिशत खाद्यान्न वितरण करने का निर्देश दिया गया। साथी ही गिद्धौर के दो पीडीएस दुकान वितरण ठीक पाया गया। हालांकि राशन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश पीडीएस संचालकों को डीएसओ ने दिया। उन्होंने कहा कि समय पर खाद्यान्न का उठाव कर वितरण करें, नहीं तो शिकायत मिलने पर बक्से नहीं जाएंगे। मौके पर सीओ सह एमो हरिनाथ महतो आदि उपस्थित थे।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा
### ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/$F_2$-12/2023-24 पत्रांक – 962 गढ़वा/दिनांक – 23.12.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | लुकफुचिया नाला पर चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड– रंका, जिला– गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 67,45,300/– |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 02.01.2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.01.2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 16.01.2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 17.01.2024 (05:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 cemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
PR 314203 Minor Irrigation(23-24)D
कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना, ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/$F_2$-09/2023-24
पत्रांक – 959 गढ़वा/दिनांक – 23.12.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | हरबरवा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड– गढ़वा, जिला– गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि रू0 | 75,77,100/– |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 02.01.2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.01.2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 16.01.2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 17.01.2024 (05:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है। प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
PR 314198 (Minor Irrigation)23-24*D
कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा


**पहल** प्लस टू उच्च विद्यालय सिमरिया व पत्थलगड़ा के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

# स्कली बच्चों को दी गई आईटी सेक्टर की जानकारी

**नवीन मेल सिमरिया/पत्थलगड़ा**

शनिवार को सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय व पत्थलगड़ा प्रखंड के प्लस टू जनता उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय सिमरिया के शैक्षणिक भ्रमण पर हजारीबाग देवांगन चौक स्थित इनोवेशन टैंक पहुंचे। इस विजिट में बच्चों को आईटी सेक्टर की विस्तृत जानकारी दी गई।

वहीं कई छात्राओं को द ग्लैमर स्मार्क ब्यूटी सैलूनएंड एकेडमी का भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें ब्यूटीशियन से संबंधित जानकारी दी गई ताकि वे रोजगार से जुड़कर अपना जीविकोपार्जन कर सकें। शैक्षणिक भ्रमण में डॉ. नितेश कुमार, सतीश प्रसाद, प्रकाश दांगी, मिथलेश सिन्हा, योगेंद्र कुमार, स्वाति कुमारी, ब्रजेश कुमार, बबिता कुमारी, वीएमसी अध्यक्ष रंजित सिंह, अमित कुमार भारती, मीना कुमारी सहित अन्य शामिल थे। वहीं प्रधानाचार्य श्रावण कुमार के निर्देशानुसार प्लस टू जनता उच्च विद्यालय पत्थलगड़ा के व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी ट्रेड के शिक्षक सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में कक्षा नौवीं से 12वीं तक के ट्रेड से संबंधित सभी छात्रों को झारखंड के इटखोरी स्थित प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर एंव गणेश फैमिली रेस्टोरेंट व रिजॉर्ट भ्रमण करवाया गया। भ्रमण के दौरान मां भद्रकाली मंदिर प्रांगण में बच्चों ने कुछ ऐतिहासिक स्मृतियां एवं पर्यटकों का आवागमन से अवगत हुए। वहीं गणेश फैमिली रेस्टोरेंट में बच्चों ने मेहमान नवाजी का लुफ्त उठाया। शिक्षिक सत्येंद्र कुमार, अमित कुमार दुबे, उदय कुमार कुशवाहा के साथ विद्यार्थी शामिल थे।





### कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ................ दिनांक ......................

**इच्छा की अभिवृति Expression of Interest (EOI) 2023–24**

मेदिनीनगर नगर निगम अन्तर्गत सदर अस्पताल में जर्जर भवन (कंडम बिल्डिंग) को निःशुल्क सुरक्षित Dismantle किया जाना है। इच्छुक संवेदक/एजेन्सी कार्यालय के कनीय अभियंता/सहायक अभियंता से सम्पर्क स्थापित करते हुए स्थल जाँचोपरान्त Dismantle करने हेतु दिनांक 30.12.2023 को 1:00 बजे अपराह्न तक लिखित सहमति पत्र सभी कागजातों (ITR, GST, अनुभव इत्यादि) सहित बन्द लिफाफे में जमा कर सकते है। उसी दिन अपराह्न 3:00 बजे नगर निगम कार्यालय में e-procurement समिति के समक्ष बन्द लिफाफा खोली जाएगी। लिफाफा समर्पित करने वाले संवेदक/एजेन्सी अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि ससमय उपस्थित रह सकते है।।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR.NO.314197 District(23-24):D

## एक नजर

### सेन्हा, कुडू व किस्को में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**लोहरदगा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को सेन्हा प्रखंड की अलौदी पंचायत, किस्को प्रखंड की हिसरी पंचायत और कुडू प्रखंड की चंदलासो पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना अंतर्गत सिंचाई कूप, म्युटेशन अंतर्गत नामांतरण पत्र, धोती/लुंगी-साड़ी वितरण योजना अंतर्गत धोती, लुंगी व साड़ी, मृत्यु प्रमाण-पत्र समेत अन्य वितरण का कार्य किया गया। कार्यक्रम प्रखंड/अंचल के पदाधिकारीगण व जन प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड क्षेत्र रन्हे स्थित चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल में शनिवार को क्रिसमस गैदरिंग का कार्यक्रम समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। इसका शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक सह संचालक विजय कुमार साहू ने किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा क्रिसमस के कई गीत एवं नृत्य एवं झांकियां प्रस्तुत किए गए। मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय की शिक्षिका रीना सोनम वीणा अनूपा मिना निधि प्रियंका रेशमा शिक्षक प्रवीण कुमार प्रेम अंसारी सहित विद्यालय के सभी छात्र-छात्रा एवं शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

### मालवीय व वाजपेयी की जयंती मनाई गई

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में महामना मदन मोहन मालवीय एवं अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। बच्चों ने गीत एवं भाषण प्रस्तुत किया। भाषण प्रस्तुति में समृद्धि सिन्हा, एंजेल बेबी, अंकिता उरांव, श्वेता रानी, तनुष्का राज, कशिश कुमारी एवं तन्वय गौतम ने विशेष रूप से भाग लिया। हिमांशु ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। मौके पर विनोद राय, मधुमिता शर्मा, विष्णु दत्त पांडेय आदि उपस्थित थे।

### वार्षिक उत्सव मना

**सेन्हा।** शिवाजी लिलिपुट पब्लिक स्कूल का 10वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन के निदेशक मंटू शिवाजी, बिश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष रंजीत साहू, अंजुमन के सदर मोख्तार अंसारी, बृजमोहन प्रसाद, अजित महतो, अजय महतो, रामलगन महतो, नारायण महतो, संतोष महतो, पुरोहित अवनीश पाठक उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु मंदिर में स्थापित डिजिटल लैब का उद्घाटन

**कैरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा नगर सचिव सुरेश कुमार की अध्यक्षता में एनआईआईटी फाऊंडेशन एवं एचपी अल्फा प्रोजेक्ट की ओर से स्थापित किए गए डिजिटल लैब का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर बच्चों ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मौके पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, नगर सचिव सुरेश कुमार, विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव संजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष बालेश्वर साहू, संरक्षक भोला प्रसाद, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

---

### केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के संयुक्त सचिव कमल किशोर ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

# ‘आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की नियमित मॉनिटरिंग करें’

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के संयुक्त सचिव कमल किशोर सोन की ओर से शनिवार को आकांक्षी जिला अंतर्गत इंडीकेटर्स की समीक्षा जिला परिषद कार्यालय में की गई। बैठक में सर्वप्रथम पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम शिक्षा विभाग अंतर्गत विद्यालय भवन निर्माण व उसकी उपयोगिता सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया गया। विद्यालय भवनों के बिजली बिल का भुगतान सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया गया ताकि बिजली की आपूर्ति बाधित नहीं हो। विद्यालयों में शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देश दिया गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों में निमार्णाधीन पांच एकलव्य आवासीय विद्यालयों में से मार्च 2024 तक विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने पर उक्त विद्यालयों में पठन-पाठन कार्य प्रारंभ कराने हेतु कार्ययोजना बनाकर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजे जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, आकांक्षा परीक्षा में आवासीय विद्यालयों की छात्र/छात्राओं को अवसर प्रदान करने हेतु वैसे बच्चों को चिन्हित कर लोहरदगा जिला में ही तैयारी कराये जाने का निर्देश दिया गया। इसके लिए आकांक्षा परीक्षा के लिए पढ़ाने वाले शिक्षकों से संपर्क कर शिक्षकों की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। परीक्षा से पहले ओरिएंटेशन कराये जाने का निर्देश दिया गया। कैलेंडर के अनुसार प्रवेश परीक्षा की तिथियों के बारे बच्चों को जानकारी दिये जाने का निर्देश दिया गया। ग्रामीण कार्य विभाग, लोहरदगा को विद्यालयों, अस्पताल व आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंच पथ सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया गया। इसके लिए कार्ययोजना बनाये जाने का निर्देश कार्यपालक अभियंता को दिया गया।



स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत एएनसी सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभागों के द्वारा सिकल सेल की जांच की जानकारी ली गई। संस्थागत प्रसव के लिए एएनसी में रजिस्टर्ड महिलाओं की मॉनिटरिंग किये जाने और संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन मापी मशीन की उपलब्ध व उपयोग सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही बच्चों की नियमित मॉनिटरिंग किये जाने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन लोहरदगा द्वारा जिला में आयुष्मान कार्ड से आच्छादन की समीक्षा की गई जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों और राशनकार्डधारियों को सौ फीसदी आयुष्मान कार्ड से आच्छादित किये जाने का निर्देश दिया गया। तीन माह में छूटे हुए लाभुकों को सौ फीसदी आच्छादन का निर्देश दिया गया। श्रम अधीक्षक द्वारा जिला में निबंधित मजदूरों की जानकारी दी गई। इसमें सभी मजदूरों का आयुष्मान कार्ड में आच्छादन का निर्देश दिया गया। साथ ही उनका हेल्थ इंश्योरेंस सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अगले तीन माह में गांवों से मजदूरी के लिए दूसरे राज्य जाने वाले मजदूरों का सर्वे कराने का निर्देश दिया गया कि उन्हें झारखंड राज्य से और दूसरे राज्यो में क्या सुविधाएं उपलब्ध हैं। वित्तीय समावेशन की समीक्षा में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को आधार सीडिंग का कार्य अगले तीन माह के अंदर सौ प्रतिशत कराने का निर्देश दिया गया। श्रमिकों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से सौ प्रतिशत आच्छादन का निर्देश दिया गया। जनसंख्या के अनुपात में अटल पेंशन योजना आच्छादन की संख्या बढ़ाये जाने का निर्देश दिया गया। जन मन योजना में 53 पॉकेट में रहने वाले पीवीटीजी समूह के लिए पेयजल की उपलब्धता, उनके लिए आवास योजना, वन पट्टा, बिरसा हरित ग्राम योजना, पशुपालन की योजनाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उनके बच्चों का कल्याण आवासीय विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों, एकलव्य विद्यालयों आदि में नामांकन का निर्देश दिया गया।

बैठक में सोन द्वारा विभिन्न इंडीकेटर्स की समीक्षा की गई जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं जल संरक्षण, वित्तीय समावेशन, आधारभूत संरचना, पेयजल एवं स्वच्छता, समाज कल्याण, पशुपालन, कौशल विकास आदि की समीक्षा की गई। शिक्षा के इंडीकेटर में शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत विद्यालयों में 25 फीसदी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित सीटों को 100 प्रतिशत भरे जाने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को उक्त विद्यालयों में नामांकन के पूर्व एक सर्वे कर जनप्रतिनिधियों की सहायता से बच्चे चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। नये सत्र में सीटें सौ फीसदी भरे जाने का निर्देश दिया गया। भूमि संरक्षण पदाधिकारी को अगले वर्ष के लिए लोहरदगा जिला में अमृत सरोवर के लिए लक्ष्य अनुसार चयनित स्थल का सत्यापन करा लेने का निर्देश दिया गया ताकि तालाबों को निर्बाध रूप से पूर्ण किया जा सके। जिला कृषि पदाधिकारी को किसानों के बीच खाद, बीज व पंपसेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मडुआ, रागी, आदि के उत्पादन को बढ़ावा दिये जाने का निर्देश दिया गया।

केसीसी के छूटे हुए लाभुकों के अंतर को अगले तीन माह में आच्छादित किये जाने का निर्देश दिया गया। लोहरदगा जिला में सब्जी का उत्पादन करनेवाले किसानों को उन्हें एनआरएलएम अंतर्गत प्रोजेक्ट से जोड़कर प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया ताकि किसानों उनके उत्पाद का सही मूल्य मिल सके। कृषि विज्ञान केंद्र, किस्को के वैज्ञानिक को मृदा जांच किये गये किसानों की भूमि में कमी व उनका उपचार की समीक्षा किये जाने का निर्देश दिया गया। आकांक्षी प्रखंड अंतर्गत किस्को प्रखंड विकास पदाधिकारी को सभी इंडीकेटर्स पर कार्य करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड के वरीय प्रभारी को इंडीकेटर्स की पाक्षिक समीक्षा किये जाने का निर्देश दिया गया। नीति आयोग अंतर्गत प्राप्त अवार्ड मनी से जिला में किये जा रहे कार्यों की जानकारी उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा बैठक में दी गई। संयुक्त सचिव द्वारा किसानों को दाल के उत्पादन हेतु प्रेरित करने और जिले के फार्म हाउस की तरह अगले तीन माह में सौ एकड़ की भूमि पर कार्ययोजना तैयार किये जाने का निर्देश दिया गया।

बैठक के पश्चात जिला परिषद कार्यालय प्रांगण, लोहरदगा में विभिन्न उत्पादक समूह द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण संयुक्त सचिव द्वारा किया गयाऔर बातचीत की गई। संयुक्त सचिव द्वारा जिला प्रशासन की ओर से मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराने के लिए स्थापित संस्थान होमी जे भाभा कोचिंग सेंटर का निरीक्षण किया गया। इसमें संयुक्त सचिव द्वारा वहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से बातचीत की गई और टिप्स दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी किस्को समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी, फेलो आदि उपस्थित थे।

---

# मनरेगा योजना में गड़बड़झाला उजागर करने वाले का घर जला

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**

घाघरा थाना क्षेत्र के गोया में मनरेगा योजना में गड़बड़झाला मामले को उजागर करने वाले गोया गांव के इमरान खान के घर को आग के हवाले कर दिया गया। यह घटना शनिवार के अहले सुबह करीब दो बजे का बताया गया है। आगजनी की घटना को प्रतिरोध स्वरूप मनरेगा योजना में अवैध ढंग से नाबालिग बच्चो के नाम से राशि निकासी मामले के उजागर का परिणाम बताया जा रहा है। इस बात पर पीड़ित इमरान ने घाघरा थाना में नामजद लिखित शिकायत की है।

शिकायत में इमरान ने कहा है कि विगत 20 दिसम्बर को उसने स्कूली नाबालिक बच्चों के नाम मनरेगा योजना में सरकारी राशि की निकासी की शिकायत साक्ष्य सहित बीडीओ दिनेश कुमार से की थी। 22 दिसंबर को ठेकेदारों द्वारा खतरे के भय की शंका के आधार पर घाघरा थाना को लिखित शिकायत दी थी, जिसमें ठेकेदार तनबीर आलम, तारीख उर्फ जाहिद खान, कलीम खान एवं हेदयाद खान का नाम दर्ज था। थाने में शिकायत के दूसरे दिन ही अहले सुबह आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया। थाने में शिकायत में इमरान ने कहा है कि आगजनी में रसोई गैस सिलिंडर के ब्लास्ट होने के बाद इमरान जो भय वश अपने गॉव के ही ससुराल घर मे सोया हुआ था। अपने घर की ओर भागा तो उसने गांव के ही तारीक अजीज उर्फ जाहिद खान, हेदयाद खान, हयात खान और सगीर खान को भागते हुए देखा। आगजनी में इमरान का घरेलू गैस सेट, प्रिंटर, नई बाइक, जेवर, आंगनबाड़ी केंद्र का चावल, धान, पुरानी बाइक बिक्री कर रखे हुए 40 हजार नकद सहित घर एवं अन्य घरेलू 6 से 7 लाख की क्षति की बात शिकायत में दर्ज है। हालाकि इस संबंध में थाना प्रभारी अमित चौधरी ने कुछ भी कहने से कतरा रहे हैं। पीड़ित इमरान के द्वारा दूरभाष पर सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थे पर इस मामले में मीडिया के समक्ष कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी।



**सच बोलने का नतीजा भुगत रहा इमरान खान**

भाजपा नेता अमित कुमार ठाकुर ने कहा कि इतने बड़े घोटाले एवं भ्रष्टाचार का उजागर करने वाले के साथ इस तरह की अगर घटना घटती है तो इस पर उच्च स्तरीय होने की मांग करता हूं। दोषियों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रशासन के द्वारा उसे गिरफ्तार किया जाए।

---

# प्रभु यीशु प्रेम व शांति के प्रतीक हैं : डॉ.रामेश्वर उरांव

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

शनिवार को मंत्री सह लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव क्रिसमस पर्व के उपलक्ष्य में जिले के उसुर्लाईन बीएड कॉलेज, उसुर्लाईन गर्ल्स हाई स्कूल, संत उसुर्ला हॉस्पिटल,जीईएल एवं एन डब्लू जीईएल चर्च, लीवेंस एकेडमी आगमन, सीएनआई चर्च लोहरदगा, आरसी चर्च पेरिस पहुंच कर मसीही समुदाय से मिलकर कुशलक्षेम जाना और क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दी। कहा कि प्रभु यीशु प्रेम और शांति के प्रतीक हैं। पूरे विश्व में अहिंसा, सत्य और सेवा का संदेश फैलाया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, विशाल डुंगडुंग, अनुराग टोप्पो, सिस्टर शीला, सिस्टर बसंती, सिस्टर आश्रिता, डॉ आइलिन, नेम्हस तिर्की, विश्राम केरकेट्टा, जॉर्ज कुजूर, नेलशन तिर्की, ऊषा मिंज, शांति तोपनो, अमर मिंज, होसियाना तिर्की, असलम अंसारी, सुशीला मिंज, रश्मि तिर्की, लोतेम डुंग डुंग, शबनम तिर्की, पादरी संजय लकड़ा, संदीप किस्पोटा, सत्यवती कुजूर, फादर वीरेंद्र खलखो, संजय लकड़ा, राजू कुजूर, संगीता कुजूर, जेवियर लकड़ा, फादर थॉमस, फादर अजय सोरेन उपस्थित थे।



---

### सैर पर निकले व्यक्ति की वाहन की टक्कर से मौत

**गुमला।** जिला मुख्यालय स्थित कार्तिक उरांव कॉलेज - विद्युत ग्रिड के समक्ष एक अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से ढावठा टोली निवासी 45 वर्षीय चारों उरांव की मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। कार्तिक उरांव विद्युत ग्रिड पालकोट रोड के पास किराये के मकान में रह रहे थे। वह शनिवार प्रातःमॉर्निंग वॉक में निकले हुए थे। इसी क्रम में एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुये पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया।

---

# ‘आज के भौतिकवादी समाज को बनाना है आध्यात्मिक’

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**

चैनपुर के लूथरन स्कूल मैदान में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सुशील दीपक मिंज के नेतृत्व में सामूहिक क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल के बगल में आकर्षक चरणी आकर्षक का केंद्र रहा। डीन फादर सावेरिअनुस किंडो द्वारा चरनी आशीष के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर मुख्य वक्ता डीन फा. किंडो ने कहा कि क्रिसमस का यह त्योहार खुशी, शांति, भाईचारा बांटने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि आज का समाज भौतिकवादी होता जा रहा है जिसे हमें अध्यात्मिक बनाना है। दया का भाव दिखाना है और सेवा का अवसर पाना है। उन्होंने कहा कि मरियम की कोख से शांति का दूत और जगत का उद्धार करता महामानव धरती पर येशु के रूप में आया था। उन्होंने लोगों से प्रभु येशु के जीवन को आत्मसात करने की अपील की। सामूहिक क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झमुमो के जिला उपाध्यक्ष सह जिला 20 सूत्री सदस्य सुशील दीपक मिंज ने कहा कि बालक यीशु दुनिया के उद्धार करता है। उन्होंने मानव जीवन को खुशी शांति देने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उन्होंने कहा कि हमें आपसी सौहार्द पूर्ण वातावरण में मिलजुल कर त्यौहार मनाना चाहिए।



---

## खेलकूद

### एसएस मेमोरियल कॉलेज को फाइनल मुकाबले में 7 विकेट से दी मात

# बीएस कॉलेज बना रांची विवि क्रिकेट चैंपियन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

रांची विवि कॉलेज स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में बीएस कॉलेज लोहरदगा ने एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची को हरा कर चैंपियनशिप जीत ली। बीएस कॉलेज लोहरदगा स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता का फाइनल सम्पन्न हुआ, जिसमें बीएस कॉलेज लोहरदगा की टीम ने टॉस जीत कर गेंदबाजी का फैसला किया। एसएस मेमोरियल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में 9 विकेट खो कर 167 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। सुशांत सिंह ने 57 और प्रियान्शु ने 28 रनों का योगदान दिया और बी एस कॉलेज के गेंदबाज मयंक ने 3 विकेट लिए।

जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए बीएस कॉलेज ने अच्छी बल्लेबाजी की और 33.2 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। बीएस कॉलेज के सुमित ने नाबाद 79 और आर्यन ने 33 रनों का योगदान किया। एसएस मेमोरियल के अभिषेक को दो विकेट मिले। सुमित को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सुमित को ही मैन ऑफ द सीरीज का भी पुरस्कार दिया गया। रांची विवि के डीएसडबल्यू डॉ (प्रो.) सुदेश साहू ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार ट्रॉफी प्रदान की। पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए डॉ (प्रो.) सुदेश साहू ने कहा कि बीएस कॉलेज लोहरदगा ने इस प्रतियोगिता का कुशल और सफल आयोजन किया है, जिसके लिए कॉलेज परिवार बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि रांची विवि हमेशा ही खेलकूद के मामले में प्रतिभाओं का धनी रहा है और ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का समुचित मंच मिलता है। उन्होने विजेता और उपविजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।



पुरस्कार वितरण समारोह को बी एस कॉलेज के प्राचार्य डॉ एसकेपी गुप्ता और एसएस मेमोरियल की प्राचार्या डॉ वंदना राय ने भी संबोधित किया। इनके अलावा समारोह में रांची विवि के कोच व चयनकर्ता चंचल भट्टाचार्य, बी एस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ लोहरा उरांव, एसएस मेमोरियल कॉलेज के टीम मैनेजर अनिल विनोद कुल्लू, बीएस कॉलेज के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ नईम खान, डॉ नीता सहाय, डॉ शशि कुमार गुप्ता, खेल प्रभारी वसुदेव हस्सा और आनंद मांझी समेत बी एस कॉलेज के समस्त शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी शामिल रहे।

---


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
(खेल-शाखा)
lohardagadso@gmail.com

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड रॉंची का पत्रांक–39/उपा0 रॉंची दिनांक 13.12.2023 के द्वारा मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता, 2023–24 का आयोजन पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक दिनांक 01 नवम्बर, 2023 से 30 दिसम्बर, 2023 तक किया जाना है। गत वर्ष की भॉति इस वर्ष भी पंचायत स्तर से प्रखण्ड स्तर के प्रतिभागी खिलाड़ियों को टी–शर्ट एवं खेल किट (जर्सी शॉट्स, फुटबॉल शूज, मोजा, सिनगार्ड, एवं गोलकीपर ग्लब्स) उपलबध कराया जाना है। उक्त के निमित इच्छुक निर्माता/प्राधिकृत विक्रेता/आपूर्तिकर्त्ता से निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदादाता दिनांक– 16.01.2024 को पूर्वाहन 11:00 बजे तक कार्यालय जिला खेल पदाधिकारी, लोहरदगा में स्वयं अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर निविदा जमा करेंगें। उक्त निविदा को दिनांक–16.01.2024 को अपराहन 3:30 बजे उप विकास आयुक्त, लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में निविदा निष्पादन समिति के द्वारा खोला जाएगा, जिसमें निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी। निश्चित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

नोटः– निविदा के शर्त एव विस्तृत जानकारी जिले के बेबसाईट www.lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है

जिला खेल पदाधिकारी, लोहरदगा | उप विकास आयुक्त, लोहरदगा | PR 314279 Lohardaga (23-24)_D | उपायुक्त, लोहरदगा



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला**
प्रशिक्षण–सह–उत्पादन केन्द्र भवन, समाहरणालय परिसर, गुमला
पिन – 835207 ईमेल : ssa09gumla@gmail.com

**सूचना**

कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एवं झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में संविदा के आधार पर वर्ग 06 से 08 एवं वर्ग 09 से 12 तक पूर्णकालिक शिक्षिकाओं का चयन हेतु दिनांक 10.11.2023 को लिखित परीक्षा आहूत की गई थी। लिखित परीक्षा के उपरान्त उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला चयन समिति द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में तैयार मेधा सूची के आधार पर जिला चयन समिति, कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एवं झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय की बैठक में दिनांक 23.12.2023 को सर्वसम्मति से लिये गये निर्णय के आलोक में वि"ायवार एवं कोटिवार चयनित शिक्षकाओं एवं प्रतीक्षा सूची का विवरणी का प्रकाशन गुमला जिला के अधिकारिक वेबसाइट https://gumla.nic.in पर प्रकाशित किया गया है।

उक्त संबंधित वैसे सभी अभ्यर्थी जिनको उक्त प्रकाशित सूची में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति आवेदन दिनांक 26.12.2023 तक कार्यालय अवधि में हाथों–हाथ अथवा डाक के माध्यम से झारखंड शिक्षा परियोजना, कार्यालय, प्रशिक्षण–सह–उत्पादन केन्द्र भवन, समाहरणालय परिसर, गुमला में दे सकते हैं। इसके अलावा ई–मेल ssa09gumla@gmail.com में भी आपत्ति आवेदन भेज सकते हैं। कार्यालय अवकाश अवधि दिनांक 24.12.2023 एवं 25.12.2023 को भी पूर्वाहन 10.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक खुला रहेगा।

चयनित एवं प्रतीक्षा सूची से संबंधित विस्तृत जानकारी https://gumla.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला
PR 314278 Jharkhand Education Project Council(23-24)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/$F_2$-11/2023-24

पत्रांक – 961 | गढ़वा/दिनांक – 23.12.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | मरघटवा नाला पर चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड– रंका, जिला– गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 63,45,700/– |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 02.01.2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.01.2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 16.01.2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 17.01.2024 (05:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल,गढ़वा
PR 314200 Minor Irrigation(23-24).D

## एक नजर

### राष्ट्रपति ने हैदराबाद में राष्ट्रपति निलयम में एट होम की मेजबानी की



**हैदराबाद।** तमिलिसाई सौंदरराजन ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और रेड्डी को आतिथ्य और उनके बहुमूल्य समय के लिए धन्यवाद दिया। वार्षिक दक्षिणी प्रवास के हिस्से के रूप में 18 दिसंबर को हैदराबाद पहुंचीं राष्ट्रपति, सिकंदराबाद के बोलारम में राष्ट्रपति निलयम में ठहरी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यहां राष्ट्रपति निलयम में एट होम (अनौपचारिक जलपान) पर लोगों की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगी और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। तमिलिसाई सौंदरराजन ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और रेड्डी को आतिथ्य और उनके बहुमूल्य समय के लिए धन्यवाद दिया।

### आप विधायक से जुड़ी कंपनी की 35 करोड़ की संपत्ति अटैच



**चंडीगढ़।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 40.92 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले की जांच के सिलसिले में आप विधायक जसवंत सिंह गज्जन माजरा की कंपनी की 35.10 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की है। गज्जनमाजरा कंपनी के निदेशक हैं। ईडी ने बयान में कहा कि मलेरकोटला में स्थित संपत्ति तारा कॉरपोरेशन लिमिटेड से जुड़ी है। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अंतिम आदेश जारी कर संपत्ति को अटैच किया गया है।

### बेटियों की तरह अब बेटों को भी मिलेगा महालक्ष्मी सुरक्षा कवच

**देहरादून।** उत्तराखंड में बेटियों की तरह अब बेटों को भी महालक्ष्मी सुरक्षा कवच मिलेगा। बेटा हो या बेटी पहले दो बच्चों के जन्म पर इस योजना का लाभ दिया जाएगा। धामी कैबिनेट में प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।प्रदेश में 17 जुलाई 2021 को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना शुरू की गई थी। प्रसव के बाद माता,कन्या शिशु के पोषण, अतिरिक्त देखभाल और लैंगिक असमानता को दूर करने के उद्देश्य से योजना को शुरू किया गया था, लेकिन अब सरकार की ओर से बेटियों की तरह बेटों के जन्म पर भी योजना का लाभ दिए जाने का निर्णय लिया गया है। प्रस्ताव में कहा गया है कि बेटा हो या बेटी पहले दो प्रसव पर योजना का लाभ दिया

### गुजरात के स्कूली पाठ्यक्रम में 'भगवद गीता' शामिल

**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों में 'भगवद गीता' पर एक पाठ्यपुस्तक लॉन्च की है। इस पाठ्यपुस्तक को अगले शैक्षणिक वर्ष से कक्षा 6 से 8 तक के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। गुजरात के शिक्षा राज्य मंत्री प्रफुल्ल पंशेरिया ने शुक्रवार को कहा कि यह निर्णय तीन साल पहले केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप है। पंशेरिया ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राज्य शिक्षा विभाग ने कक्षा 6 से 8 तक के पाठ्यक्रम में 'श्रीमद भगवद गीता' के आध्यात्मिक सिद्धांतों और मूल्यों को एक पूरक पाठ्यपुस्तक के रूप में शामिल करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल का आभार व्यक्त करते हुए, गुजरात के शिक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि इस कदम से, छात्रों में गर्व की भावना विकसित होगी और भारत की समृद्ध, प्राचीन संस्कृति और ज्ञान परंपराओं के साथ एक मजबूत संबंध विकसित होगा।

# खूबसूरत वादियों के बीच पर्यटन स्थलों में मनाएं नए साल का जश्न



**एजेंसी। शिमला**

नववर्ष के जश्न के लिए हिमाचल प्रदेश तैयार है। वहीं, नए साल पर यदि बर्फबारी होती है तो जश्न दोगुना हो जाएगा। नए साल के इस्तकबाल के लिए सैलानियों के मनोरंजन के लिए यहां खास बंदोबस्त किए जाते हैं। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के होटलों तथा निजी होटलों में 31 दिसंबर की रात स्पेशल न्यू ईयर पार्टी का आयोजन होता है। क्रिसमस और न्यू इयर के मौके पर सैलानी और स्थानीय लोग एचपीटीडीसी के होटलों में लाइव म्यूजिक के साथ डाइन एंड डांस का लुत्फ उठा सकेंगे। निगम के होटलों को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया जाएगा। गाला नाइट्स में कपल और बच्चों के लिए नृत्य प्रतियोगिताएं, मनोरंजक गतिविधियां आयोजित होंगी। मनाली क्वीन, भागसू क्वीन के अलावा होटल स्तर पर बेस्ट डांसिंग कपल का चयन कर आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। सैलानियों को हिमाचली, भारतीय और विदेशी व्यंजन परोसे जाएंगे। क्रिसमस और न्यू ईयर के लिए द पैलेस चायल, हॉली डे होम, होटल पाइनवुड बडोग, मनाली कॉम्प्लेक्स, धर्मशाला कॉम्प्लेक्स, होटल टी बड पालमपुर, होटल मणिमहेश डलहोजी और न्यू रोस कॉमन कसौली में खास बंदोबस्त किए गए हैं। न्यू ईयर पर हिमाचल के पर्यटन स्थलों पर नवविवाहित जोड़ों की खूब रौनक रहेगी। हिमाचल के पर्यटन स्थलों में हो रही एडवांस बुकिंग में 50 फीसदी कमरे हनीमून कपल बुक करवा रहे हैं। होटल संचालकों और ट्रैवल एजेंसियों ने भी हनीमून कपल के लिए आकर्षक पैकेज जारी किए हैं। नवंबर में देश भर में 6 लाख से अधिक शादियां हुई हैं। हनीमून के लिए नवविवाहित जोड़ों की पहली पसंद शिमला और मनाली रहते हैं।

हनीमून कपल के लिए होटल में ठहराव, खाने-पीने, घूमने और ट्रांसपोर्टेशन के लिए शिमला पैकेज, मनाली पैकेज और कोम्बो पैकेज जारी किए हैं। पैकेज में दिल्ली, चंडीगढ़ और कालका से वोल्वो में कपल शिमला और मनाली पहुंचेंगे। बस स्टैंड पर टैक्सी लेने आएगी और होटल छोड़ेगी। ब्रेकफॉस्ट, लंच और डिनर के अलावा लोकल साइट सीन और टूअर खत्म होने के बाद वोल्वो में वापसी की सुविधा दी जा रही है। होटलों की ओर से एक्स्ट्रा सर्विस के तौर पर हनीमून कपल को रूम फ्लावर डेकोरेशन, स्पेशल हनीमून केक, रेड वाइन ऑफर की जा रही है।

## मौसम ने बदली करवट, ऊंचाई वाले भागों में बर्फबारी शुरू



रोहतांग। हिमाचल प्रदेश के कई भागों में मौसम ने करवट बदली है। प्रदेश के जिला कुल्लू और लाहौल-स्पीति की चोटियों पर शनिवार को ताजा बर्फबारी हुई है। रोहतांग दर्रा के साथ, बारालाचा, कुंजम दर्रा सहित ऊंची चोटियों में सुबह से बर्फबारी का दौर जारी रहा। अटल टनल के साउथ पोर्टल में भी बर्फबारी दर्ज की गई है। अटल टनल पहुंचे सैलानी आसमान से बर्फ के फाहे गिरते देख खुशी में झूम उठे। इस दौरान सैलानियों ने बर्फबारी को अपने मोबाइल में कैद किया। साथ ही बर्फ में खूब अठखेलियां कीं। वहीं, मौसम में आए इस बदलाव से पूरी घाटी शीतलहर की चपेट में आ गई है। तापमान शून्य तक पहुंचने से पेयजल स्कीमों के साथ नदी-नाले भी जम गए हैं। क्रिसमस से पूर्व हो रही बर्फबारी से पर्यटन कारोबारियों के चेहरे भी खिल गए हैं। खराब मौसम के बीच भी शनिवार को सैलानी अटल टनल, कोकसर तथा सिस्सू में पर्यटक पहुंचे हैं। वहीं, राजधानी शिमला व आसपास भागों में भी आज सुबह से ही मौसम खराब बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से प्रदेश के मध्य व उच्च पर्वतीय कई भागों में आज बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई गई है। राज्य क सभी भागों में मौसम साफ रहने का पूवार्नुमान है। शिमला में न्यूनतम तापमान 7.8, सुंदरनगर 5.1, भुंतर 5.5, कल्पा 3.5, धर्मशाला 9.2, ऊना 6.8, नाहन 9.4, केलांग 0.4, पालमपुर 5.5, सोलन 2.2, कांगड़ा 9.3, मंडी 5.4, चंबा 8.1, डलहौजी 9.0, जुब्बड़हट्टी 8.5, कुफरी 7.6, कुकुमसेरी 0.9, नारकंडा 5.9, भरमौर 8.9, रिकांगपिओ 5.9, सेऊबाग 6.6, धौलाकुआं 8.1, बरठीं 6.1, समदो माइनस 0.1, पांवटा साहिब 10.0, सराहन 6.0 और देहरागोपीपुर में 10.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## श्रीनगर में न्यूनतम तापमान फ्रीजिंग प्वाइंट से ऊपर

**श्रीनगर।** शनिवार को आंशिक बादल छाए रहने के कारण श्रीनगर शहर में न्यूनतम तापमान फ्रीजिंग प्वाइंट से ऊपर पहुंच गया। मौसम विभाग के एक बयान में कहा गया है, "श्रीनगर शहर में आज न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि गुलमर्ग और पहलगाम में यह क्रमशः शून्य से 1.5 और 0.2 डिग्री सेल्सियस नीचे था। लद्दाख क्षेत्र के लेह शहर में न्यूनतम तापमान माइनस 8.8, कारगिल में माइनस 7.4 और द्रास में माइनस 6.9 डिग्री सेल्सियस था। जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 10.2, कटरा में 11.2, बटोटे में 8.5, भद्रवाह में 7.4 और बनिहाल में 6.6 डिग्री सेल्सियस रहा। कड़ाके की ठंड की 40 दिनों की लंबी अवधि जिसे स्थानीय रूप से 'चिल्लई कलां' के नाम से जाना जाता है।

## नीतीश कुमार ने शर्मसार किया : पूर्व डिप्टी सीएम

पटना। पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी ने कहा कि पशु मेला में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सार्वजनिक रूप से सरकारी कार्यक्रम में सोमा चक्रवर्ती के साथ जो व्यवहार किया वह कहीं से सही नहीं है। उनके व्यवहार ने अत्यंत शर्मसार कर दिया है। इससे पहले भी विधानमंडल के भीतर प्रजनन दर को लेकर मुख्यमंत्री ने जो बयान दिया और हाथ का इशारा करते हुए उन्होंने जिस बात की चर्चा की, उसे महिलाएं काफी अपमानित महसूस कर रही थीं। रेणु देवी ने कहा कि इतना ही नहीं दो साल पहले भी विधायक निकी हेंब्रम को बहुत ही सुंदर मुख्यमंत्री द्वारा कहा गया था। उसको लेकर महिलाओं के प्रति मुख्यमंत्री का व्यवहार सामने आया। सोमा चक्रवर्ती के साथ मुख्यमंत्री ने जो किया वह छेड़खानी करना हुआ।

## विदिशा के मिशनरी स्कूल में जय श्रीराम कहने पर छात्र की पिटाई

**एजेंसी। विदिशा**

जिले में गंजबसौदा के एक मिशनरी स्कूल में जय श्री राम के नारे लगाने पर हुए विवाद की जांच राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने की है। इस जांच के बाद स्कूल प्रबंधन और प्रिंसिपल के खिलाफ मामला भी दर्ज कर लिया गया है।दरअसल, गंजबसौदा की मिशनरी स्कूल भारत माता कॉन्वेंट स्कूल में जय श्री राम के नारे लगाने पर एक बच्चे की पिटाई के आरोप लगे थे।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय :उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू, मेदिनीनगर**
**(खनन शाखा)**
**e-mail- dmo-palamau@jharkhandmail.gov.in**

**पलामू जिला के मौजा सिंगरा खुर्द, अमानत नदी के समीप, थाना सदर, मेदिनीनगर में भंडारित बालू खनिज के आम नीलामी हेतु सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला के सदर, मेदिनीनगर अंचल अन्तर्गत विभिन्न स्थलों पर अवैध रुप से भंडारित बालू खनिज को जब्त कर *"The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation and Storage) Rule, 2017* के नियम *11(V)* के तहत राजसात हेतु माननीय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू के न्यायालय में दायर विविध वाद संख्या 39/2023–24 राज्य सरकार बनात अज्ञात में माननीय न्यायालय के पारित आदेश दिनांक 01.11.2023 सह पठित ज्ञापांक 1582/विधि, दिनांक 04.11.2023 के आलोक में निम्नलिखित भंडारित बालू खनिज को झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली, 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधित) नियमावली, 2019 के नियम–54A के तहत् आम नीलामी दिनांक 03.01.2024 को समय 1.00 अपराह्न में उपायुक्त, पलामू के निदेशानुसार अपर समाहर्ता, पलामू की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। डाक में भाग लेने वाले अभ्यर्थीयों को भारत सरकार एवं झारखण्ड सरकार द्वारा Covid-19 के तहत् निर्गत SOP का पालन करना अनिवार्य होगा। भण्डारण का विवरण, लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्त निम्नवत् है–

| क्र० सं० | स्थल का विवरण | भंडारित बालू खनिज की मात्रा (घनफुट में) | सुरक्षित जमा राशि (रुपये में) (@ Rs. 7.50/ 1 Cft) | प्रतिभूति राशि (रुपये में) (सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मौजा सिंगरा खुर्द, अमानत नदी के समीप थाना सदर, डालटनगंज, पलामू। | 15000.00 लगभग | 112500.00 | 11250.00 |
| 2 | मौजा सिंगरा खुर्द, अमानत नदी के समीप थाना सदर, डालटनगंज, पलामू। | 15000.00 लगभग | 112500.00 | 11250.00 |
| | कुल :– | **30000.00** | **225000.00** | **22500.00** |

2. नीलामी में भाग लेनेवाले व्यक्ति/संस्था भारत के नागरिक होंगें तथा उनके पक्ष में पलामू जिलान्तर्गत कोई निर्माण/विकास कार्य आवंटित/पलामू जिलान्तर्गत खनिज अनुज्ञप्तिधारी हो।
3. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था को निर्धारित सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि के रूप में नीलामी में भाग लेने के लिए नीलामी की तिथि से दो दिन पूर्व कार्यालय अवधि में जिला खनन पदाधिकारी, पलामू के पदनाम से रेखांकित बैंक ड्राफ्ट एवं अन्य आवश्यक कागजात के साथ जमा करना होगा, अन्यथा व्यक्ति/संस्था को डाक में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा। सफल डाकवक्ता (अधिकतम राशि) की प्रतिभूति रकम को छोड़कर अन्य डाकवक्ता द्वारा जमा प्रतिभूति राशि का बैंक ड्राफ्ट नियमानुसार वापस कर दिया जायेगा।
4. नीलामी के उपरांत बालू खनिज के उच्चतम डाक की राशि के साथ–साथ अन्य शुल्क यथा **GST** (@ 5% of Sand Price), **Royalty** (@ Rs. 1.42/CFT), **DMFT** (10% of Royalty), **Environment Cess** (@1% of Royalty), **Management Fee** (@ 0.04 Rs./CFT), **Income Tax** (@2% of Royalty) आदि शुल्क देय होगा। झारखण्ड गजट के असाधारण अंक के अधिसूचना संख्या–218, राँची, दिनांक 23 मार्च 2016 द्वारा Jharkhand District Mineral Foundation (TRUST) Rules, 2016 के कंडिका 6 (i) में 10 % DMF की राशि का योगदान के रूप में संग्रहण करने का उल्लेख किया गया है– *"Ten percent of the royalty paid in terms of the second schedule to the Mines and Minerals (Development and Regulation) Act, 1957 (67 of 1957) (herein referred to as the said Act) in respect of mining leases or, as the case may be, prospecting licence-cum-mining lease granted on or after 12th January, 2015".*
5. नीलामी में बोली गयी उच्चतम डाक की राशि का 10% में से प्रतिभूति राशि को छोड़कर शेष राशि डाक की समाप्ति पर उपायुक्त/प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निदेश दिये जाने पर नीलामी वाले राशि को बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/ऑनलाईन के माध्यम से उच्चतम डाकवक्ता द्वारा जमा करना होगा, अन्यथा उच्चतम डाकवक्ता को भविष्य में नीलामी में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा।
6. उच्चतम डाक की पूर्ण राशि नीलामी की तिथि से दो दिनों के अन्दर कार्यालय अवधि में ही भुगतान करना होगा। पूर्ण राशि के भुगतान में असफल रहने की स्थिति में दूसरे नम्बर के डाकवक्ता को उच्चतम डाक की राशि पर सहमति हेतु प्रस्ताव दिया जायेगा एवं उनके समर्थन या स्वीकार होने की स्थिति में यह नीलामी उनके पक्ष में घोषित किया जायेगा।
7. नीलामी के उपरान्त उच्चतम डाक की राशि के पूर्ण भुगतान के पश्चात् ही सफल डाकवक्ता के पक्ष में झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली के सुसंगत नियमों के तहत् आदेश, सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत किया जायेगा।
8. उक्त खनिज का उठाव/प्रेषण JIMMS Portal से निर्गत परिवहन चालान के माध्यम से आदेश निर्गत होने की तिथि से एक माह के अंदर अनिवार्य रूप से कर लेना होगा। विशेष परिस्थिति में कारणों सहित लिखित आवेदन पर समीक्षोपरांत अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जायेगा।
9. बन्दोबस्ती के पश्चात् बालू का प्रेषण करने में किसी प्रकार का अड़चन यथा पहुँच पथ वगैरह के कारण या किसी अन्य कारणवश नीलामीधारी, नीलामी किये गये बालू का प्रेषण नहीं कर पाते है, तो इसकी पूरी जिम्मेवारी नीलामीधारी की होगी तथा भुगतान की गयी राशि के विरूद्ध किसी भी प्रकार का दावा/कटौती मान्य नहीं होगा।
10. बालू निष्कासन के क्रम में यदि रैयती भूमि का उपयोग किया जाता है तो उसकी क्षतिपूर्ति का भुगतान नीलामीधारी द्वारा ही किया जायेगा।
11. अन्य शर्त्त एवं बंधेज झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (सभी संशोधनों सहित) एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation & Storage) Rules, 2017 के प्रावधानों के अनुसार होगा।
12. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/वैसी संस्था जो झारखण्ड सरकार अन्तर्गत किसी विभाग में निर्माण कार्य (Construction Work) हेतु निबंधित है या मनरेगा/नरेगा अन्तर्गत Vendor के रूप में निबंधित है एवं सक्रिय तथा क्रियाशील है।

नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था दिनांक 02.01.2024 को समय 5.00 बजे अपराह्न तक जिला खनन कार्यालय, पलामू में निम्नांकित वांछित कागजातों (स्वअभिप्रमाणित) के साथ आवेदन दाखिल कर सकते है। उक्त निर्धारित तिथि/समय के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएगें।

(I) सुरक्षित जमा का 10% राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में।
(ii) विगत तीन वर्ष का आयकर रिटर्न की छायाप्रति।
(iii) GST निबंधित प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
(iv) आवंटित कार्य के कार्यादेश की छायाप्रति।
(v) पासपोर्ट साईज फोटो की दो प्रति।
(vi) स्वच्छ चरित्र–प्रमाण की छायाप्रति।
(vii) आवेदन के साथ इस आशय का शपथ–पत्र जमा करना होगा कि खनन विभाग से संबंधित भुगतान बकाया/लंबित नहीं हो एवं किसी विभाग द्वारा उनका नाम/संस्था का नाम काली सूची में दर्ज न हो एवं खनिज के अवैध भंडारण/उत्खनन/परिवहन के विरुद्व में किसी न्यायालय द्वारा दंडित नहीं किय गया है और न ही उक्त से संबंधित किसी न्यायालय में मामला लंबित है।

नोट :– विशेष जानकारी के लिए जिला खनन कार्यालय, पलामू में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह०/–
जिला खनन पदाधिकारी,
पलामू, मेदिनीनगर

PR 314234 District(23-24).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद**
**e-mail I.D. - eemidhus-cemr-jhr@nic.in**

पत्रांक:– 847 हुसैनाबाद, दिनांक– 23.12.2023

**ई० निविदा रद्द संबंधित सूचना**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई० निविदा सूचना सं0:–WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-14/2023-24 (टेढ़ा नाला पर पक्का चेक डैम निर्माण प्रखण्ड:–विश्रामपुर) जिसका PR. NO:-312060 Minor Irrigation (23-24)D है, उक्त ई० निविदा में प्रथम बार में एकल निविदा प्राप्त होने के कारण निविदा को रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,
हुसैनाबाद

PR 314229Minor Irrigation(23-24)#D



**झारखंड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला**

**निविदा रद्ध पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला के अन्तर्गत ई–पुनर्निविदा संख्या:–09/R1/ 2023-24/RWD/W/EE/GUMLA दिनांक. 13.12.2023 जिसका PR.No. 313493 Rural Works Department(22-23)D द्वारा आमंत्रित किया गया था के आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या–RWD/GUMLA/STPKG-08/2023-24 एवं RWD/ GUMLA/STPKG-09/2023-24 को अपरिहार्य कारणों से रद्ध किया जाता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला।

PR.NO.314282 Rural Work Department(23-24):D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(खेल–शाखा)**

**(निविदा सूचना)**

लोहरदगा जिलान्तर्गत संचालित आवासीय बालक फुटबॉल प्रशिक्षण केन्द्र हेतु प्रशिक्षु खिलाड़ियों को भोजनादि की आपूर्ति/उपलब्ध कराने हेतु निविदा दिनांक– 17.01.2024 को **11:00** बजे पूर्वा0 तक आमन्त्रित की जाती है।
निविदा में तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड के अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। निविदा समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है। सीलबंद निविदा के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक– **17-01-2024** को **03:30** बजे (अपराह्न) जिलास्तरीय क्रय एंव मूल्यांकन समिति द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड़ खोला जायेगा। निविदा संबंधी किसी प्रकार के संशय **(Confusion)** निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर **7489921286** पर किसी भी कार्यालय दिवस की कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला खेल पदाधिकारी, लोहरदगा
उप विकास आयुक्त, लोहरदगा
उपायुक्त, लोहरदगा

PR 314273 (Lohardaga)23-24*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।**
पत्रांक 2072/ग्रा॰वि॰वि॰प्र॰,चतरा, दिनांक–23.12.2023

**शुद्धि–पत्र**

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा द्वारा ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या No.–RDD/SD/CHATRA/32/2023-24 में वर्णित सभी कार्य जिसका PR No. 313213 द्वारा निविदा में भाग लेने हेतु कंडिका क्रमांक 02 में Date of Publication of Tender on Website 16.12.2023 (11:00AM) के स्थान पर 05.01.2024 (11:00AM), कंडिका क्रमांक 03 में Start Date/time for Online Submission of bid 16.12.23 (11:00AM) के स्थान पर 05.01.2024 (11:00AM), Last date of submission of Bid online/Time for receipt of bids 23.12.2023 (17:00PM) के स्थान पर 12.01.2024 (17:00PM), तथा कंडिका क्रमांक 5 में Technical Bid Opening Date and Time 26.12.2023 (02:00PM) के स्थान पर 16.01.2024 (02:00PM) पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।

PR 314244 Rural Development (23-24)D



**झारखण्ड सरकार, जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा**

अतिअल्पकालीन ई–निविदा सं0– ZP/GARHWA/01/2023–24
15वें वित्त आयोग मद

1. कार्य का नाम :–

**शुद्धि पत्र**

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (राशि लाख में) | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की तिथि | आईडेन्टीफिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | भवनाथपुर | ग्राम–कोणमण्डरा में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/01/2023-24/GR-01 |
| 2 | नगर उंटारी | ग्राम–बरडीहा में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/01/2023-24/GR-02 |

2 वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–26.12.2023
3 ई–निविदा प्राप्ति की तिथि :– 26.12.2023 से दिनांक–14.01.2024
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय–16.01.2024 को अपराह्न 3:00 बजे
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
6 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– मो0 नं0–7004019730
7 ई–निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
8 परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10 निविदादाता को UCAN Registration की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।
11 भवन प्रमण्डल एवं जिला परिषद से निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।
12 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई0 भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए Website :- www.Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

PR No. 312096 Rural Development (23-24):D
PR 314265 Rural Development (23-24)_D

जिला अभियंता
जिला परिषद्, गढ़वा

एक नजर इधर भी

## चीटिंग छोटी हो या बड़ी जायें कंज्यूमर कोर्ट

**देश** में प्रतिवर्ष 24 दिसंबर को उपभोक्ता हितों और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए 'राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस' मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उनके हितों के लिए बनाये गये उपभोक्ता संरक्षण अधिनियमों तथा उनके अंतर्गत आने वाले कानूनों की जानकारी देना है। दरअसल ऑनलाइन खरीदारी हो या ऑफलाइन, ग्राहकों को कई बार सामान की गड़बड़ी अथवा अन्य प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है और इसी तरह की समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने तथा उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। हालांकि वर्ष 2020 तक विभिन्न ई-कॉमर्स साइटों से ऑनलाइन खरीदारी को लेकर उपभोक्ताओं को कोई संरक्षण प्राप्त नहीं था लेकिन उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) में ई-कॉमर्स को भी दायरे में लाकर उपभोक्ताओं को और मजबूती देने का प्रयास किया गया। पुराना उपभोक्ता संरक्षण कानून करीब साढ़े तीन दशक पुराना हो चुका था, जिसमें समय के साथ बड़े बदलावों की जरूरत महसूस की जा रही थी। इसीलिए ग्राहकों के साथ अक्सर होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए 20 जुलाई 2020 को 'उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019' (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया, जिसमें उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की ठगी और धोखाधड़ी से बचाने के लिए कई प्रावधान शामिल हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस वास्तव में उपभोक्ताओं को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने का महत्वपूर्व अवसर है। भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरूआत मुम्बई में वर्ष 1966 में हुई थी। तत्पश्चात पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया। इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पहल पर 9 दिसंबर, 1986 को उपभोक्ता संरक्षण विधेयक पारित किया गया, जिसे राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद 24 दिसंबर 1986 को देशभर में लागू किया गया। पिछले कई वर्षों से भारत में प्रतिवर्ष इसी दिन राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस मनाये जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाये और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें। उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट उल्लेख है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। खरीदी गई किसी वस्तु, उत्पाद अथवा सेवा में कमी या उसके कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के बदले उपभोक्ताओं को मिला कानूनी संरक्षण ही उपभोक्ता अधिकार है। यदि खरीदी गई किसी वस्तु या सेवा में कोई कमी है या उससे आपको कोई नुकसान हुआ है तो आप उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। अगर उपभोक्ताओं का शोषण होने और ऐसे मामलों में उनके द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण लिए जाने के बाद मिले न्याय के कुछ मामलों पर नजर डालें तो स्पष्ट हो जाता है कि उपभोक्ता अदालतों का उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण में क्या योगदान है। एक उपभोक्ता ने एक दुकान से बिजली का एक पंखा खरीदा लेकिन एक वर्ष की गारंटी होने के बावजूद थोड़े ही समय बाद पंखा खराब होने पर भी जब दुकानदार उसे ठीक कराने या बदलने में आनाकानी करने लगा तो उपभोक्ता ने उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने अपने आदेश में नया पंखा देने के साथ उपभोक्ता को हर्जाना देने का भी फरमान सुनाया।

■ योगेश कुमार गोयल

# जब गूंजा जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल

## वीर बाल दिवस व शहादत सप्ताह पर नमन



इन दिनों
श्री सिंह

**9 जनवरी**, 2022 को श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के दिन प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित 'वीर बाल दिवस' के ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने यह घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को श्री गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों-साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की स्मृबति में 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाया जायेगा। साहिबजादे जोरावर सिंह (9) और फतेह सिंह (7) सिख धर्म के सबसे सम्मानित शहीदों में से हैं। सम्राट औरंगजेब (1704) के आदेश पर मुगल सैनिकों द्वारा आनंदपुर साहिब को घेर लिया गया। इस घटना में गुरु गोबिंद सिंह के दो पुत्रों को पकड़ लिया गया। मुसलमान बनने पर उन्हें न मारने की पेशकश की गई थी। इस पेशकश को उन दोनों ने ठुकरा दिया जिस कारण उन्हें मौत की सजा दी गई और उन्हें जिंदा ईंटों की दीवार में चुनवा दिया गया। इन दोनों शहीदों ने धर्म के महान सिद्धांतों से विचलित होने के बजाय मृत्यु को प्राथमिकता दी। दस सिख गुरुओं में से अंतिम गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 22 दिसंबर,1666 को पटना, बिहार में हुआ था। उनकी जयंती नानकशाही कैलेंडर पर आधारित है। गुरु गोबिंद सिंह अपने



**दस सिख गुरुओं में से अंतिम गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 22 दिसंबर,1666 को पटना, बिहार में हुआ था। उनकी जयंती नानकशाही कैलेंडर पर आधारित है। गुरु गोबिंद सिंह अपने पिता गुरु तेग बहादुर यानी नौवें सिख गुरु की मृत्यु के बाद 9 वर्ष की आयु में 10वें सिख गुरु बने। वर्ष 1708 में उनकी हत्या कर दी गई थी। उन्हें सिख धर्म में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान के लिये जाना जाता है, जिसमें बालों को ढंकने के लिये पगड़ी भी शामिल है। उन्होंने खालसा या पांच 'क' के सिद्धांत की भी स्थापना की। पांच 'क' केश (बिना कटे बाल), कंघा (लकड़ी की कंघी), कड़ा (लोहे या स्टील का ब्रेसलेट), कृपाण (डैगर) और कचेरा (छोटी जाँघिया) हैं।**

पिता गुरु तेग बहादुर यानी नौवें सिख गुरु की मृत्यु के बाद 9 वर्ष की आयु में 10वें सिख गुरु बने। वर्ष 1708 में उनकी हत्या कर दी गई थी। उन्हें सिख धर्म में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान के लिये जाना जाता है, जिसमें बालों को ढंकने के लिये पगड़ी भी शामिल है। उन्होंने खालसा या पांच 'क' के सिद्धांत की भी स्थापना की। पांच 'क' केश (बिना कटे बाल), कंघा (लकड़ी की कंघी), कड़ा (लोहे या स्टील का ब्रेसलेट), कृपाण (डैगर) और कचेरा (छोटी जाँघिया) हैं। ये आस्था के पाँच प्रतीक हैं जिन्हें एक खालसा को हमेशा धारण करना चाहिये। उन्होंने खालसा योद्धाओं के पालन करने हेतु कई अन्य नियम भी निर्धारित किये, जैसे- तंबाकू, शराब, हलाल मांस से परहेज आदि। खालसा योद्धा निर्दोष लोगों को उत्पीड़न से बचाने के लिये भी कर्तव्यनिष्ठ थे। उन्होंने अपने बाद गुरु ग्रंथ साहिब (खालसा और सिखों की धार्मिक पुस्तक) को दोनों समुदायों का अगला गुरु घोषित किया। उन्होंने वर्ष 1705 में मुक्तसर की लड़ाई में मुगलों के खिलाफ युद्ध किया। आनंदपुर (1704) के युद्ध में गुरु गोबिंद सिंह ने अपनी माँ और दो नाबालिग बेटों को खो दिया, जिन्हें मार डाला गया था। उनका बड़ा बेटा भी युद्ध में मारा गया। उनके साहित्यिक योगदानों में जाप साहिब, बेंती चौपाई, अमृत सवाई आदि शामिल हैं। उन्होंने 'जफरनामा' भी लिखा जो मुगल सम्राट औरंगजेब को एक पत्र था। बताते हैं कि मुगलों ने अचानक आनंदपुर साहिब के किले पर हमला कर दिया। गुरु गोबिंद सिंह जी मुगलों से लड़ना चाहते थे, लेकिन अन्य सिखों ने उन्हें वहां से चलने के लिए कहा। इसके बाद गुरु गोबिंद सिंह के परिवार सहित अन्य सिखों ने आनंदपुर साहिब के किले को छोड़ दिया और वहां से निकल पड़े। जब सभी लोग सरसा नदी को पार कर रहे थे तो पानी का बहाव इतना तेज हो गया कि पूरा परिवार बिछड़ गया। बिछड़ने के बाद गुरु गोबिंद सिंह और दो बड़े साहिबजादे बाबा अजीत सिंह और बाबा जुझार सिंह चमकौर पहुंच गये। माता गुजरी, दोनों छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह और गुरु साहिब के सेवक रहे गंगू गुरु साहिब अन्य सिखों से अलग हो गये। इसके बाद गंगू इन सभी को अपने घर ले गया लेकिन उसने सरहिंद के नवाज वजीर खान को जानकारी दे दी। इसके बाद वजीर खान माता गुजरी और दोनों छोटे साहिबजादों को कैद कर लिया। 22 दिसंबर को चमकौर की लड़ाई शुरू हुई जिसमें सिख और मुगलों की सेना आमने-सामने थी। मुगल बड़ी संख्या में थे, लेकिन सिख कुछ ही थे। गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों में हौसला भरा और युद्ध में डटकर सामना करने को कहा। यह युद्ध अगले दिन भी चलता रहा। युद्ध में सिखों को शहीद होता देखा दोनों बड़े साहिबजादों बाबा अजीत सिंह और बाबा जुझार सिंह ने एक-एक कर युद्ध में जाने की अनुमति गुरु साहिब से मांगी। गुरु साहिब ने उन्हें अनुमति दी और उन्होंने एक के बाद एक मुगल को मौत के घाट उतारना शुरू किया। इसके बाद वे दोनों भी शहीद हो गये। बताया जाता है कि 24 दिसंबर को गुरु गोबिंद सिंह जी भी इस युद्ध में उतरना चाहते थे, लेकिन अन्य सिखों ने अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए गुरु साहिब जो युद्ध में उतरने से रोक दिया और उन्हें वहां से जाने को कहा। मजबूरन गुरु साहिब को वहां से निकलना पड़ा। इसके बाद वह सिख मैदान में लड़ते हुए शहीद हो गये। यहां से निकलने के बाद गुरु गोबिंद सिंह जी एक गांव में पहुंचे, जहां उन्हें बीबी हरशरन कौर मिलीं, जो गुरु साहिब को आदर्श मानती थीं। उन्हें जब युद्ध में शहीद हुए सिखों और साहिबजादों की जानकारी मिली तो वह चुपके से चमकौर पहुंचीं और शहीदों का अंतिम संस्कार करना शुरू किया, जबकि मुगल यह नहीं

# मानवीय मूल्यों के वाहक बनेंगे रामलला, संस्कारों को करेंगे सुदृढ़

**तीन** दिन और फिर इंतजार खत्म! अगले माह भारत सहित विश्वभर के करोड़ों राम भक्तों का एक चिरकालीन सपना साकार होने जा रहा है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या नगरी में एक बार फिर दीपोत्सव के साथ भव्य राम मंदिर में भगवान रामलला के दर्शन होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साधु-संतों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में मंदिर को लोकार्पित करेंगे, जो श्रीराम मंदिर निर्माण के इस चरण तक पहुंचने के पीछे की 500 वर्ष की संघर्ष गाथा उकेरेगी। श्रीराम जन्मभूमि के संबंध में पांच अगस्त 2019 को सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय एक समिधा के समान यज्ञ की पूणार्हुति में सहायक बना है। मूल गर्भगृह में विराजमान होने के बाद विश्व के सभी आस्थावान अयोध्या आकर प्रभु श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेंगे। अपने संस्कारों को सुदृढ़ करेंगे एवं संस्कारों के बल पर मानवीय मूल्यों के संरक्षक एवं वाहक बनेंगे। प्रभु श्रीराम एवं प्रभु श्रीराम का मंदिर इसकी प्रेरणा युगों-युगों तक देता रहेगा, मंदिर निर्माण आंदोलन में सहायक सभी ज्ञात-अज्ञात लोगों का पुण्य स्मरण। देश के करोड़ों लोगों को संस्कारों का व्यवहार एवं संस्कृति का स्वरूप जिन महापुरुषों में साक्षात दिखाई देता है उनमें भगवान राम सर्वोपरि हैं। भगवान राम विश्वभर में फैले करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र बिंदु हैं। देश के सभी तीर्थ स्थानों की मिट्टी एवं सभी नदियों का पवित्र जल मंदिर निर्माण के लिए पूजन में उपयोग होना देश की एकात्मता का प्रत्यक्ष प्रकटीकरण है। सभी संप्रदायों के धर्म गुरुओं का आशीर्वाद, सामाजिक एवं आर्थिक हस्तियों की उपस्थिति देश की एकात्मता व सामाजिक सद्भाव की अनूठी मिसाल होगी। आज देश-दुनिया के सम्मुख जो समस्याएं दीवार की तरह खड़ी हैं, उन सबका समाधान प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र में दिखाई देता है। महिला सशक्तीकरण अभियान के माध्यम से जो संदेश हम समाज को देना चाहते हैं, राम का रावण के साथ युद्ध उसका प्रत्यक्ष व्यवहार है। माता सीता के वन गमन के समय स्वयं राजमहल में रहकर भी वन के समान जीवन जीना यह स्त्री के प्रति उनके आदर भाव को प्रकट करता है। समाज में जो शक्तियां सवर्ण-दलित, शहरवासी, वनवासी (जनजाति), संपन्न-गरीब की खाई को बढ़ाकर संघर्ष उत्पन्न करना चाहती हैं, उनके लिए राम का महाराज निषाद एवं माता शबरी के जूठे बेर खाना, सटीक

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साधु-संतों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में मंदिर को लोकार्पित करेंगे, जो श्रीराम मंदिर निर्माण के इस चरण तक पहुंचने के पीछे की 500 वर्ष की संघर्ष गाथा उकेरेगी। श्रीराम जन्मभूमि के संबंध में पांच अगस्त 2019 को सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय एक समिधा के समान यज्ञ की पूणार्हुति में सहायक बना है।**

उत्तर है। वन में उनका व्यवहार एवं पेड़-पौधे, जीव-जंतु आदि के प्रति प्रेम पर्यावरण व जैव विविधता के प्रति उनकी दृष्टि प्रकट करता है। मानवता के शत्रु राक्षसों का वध करके आतंक का उन्मूलन तो उन्होंने करके ही दिखाया है। उनका सारा जीवन इसी की प्रेरणा है। पिता-पुत्र, भाई-भाई, शिक्षक, पत्नी आदि के प्रति उनका व्यवहार मानवीय मूल्यों की पराकाष्ठा है। इस कारण राम मंदिर का निर्माण एक पूजा स्थान मात्र नहीं, बल्कि सामाजिक विघटन के इस वातावरण में मानवता को आदर्श व्यवहार का संदेश भी देगा। लोक कल्याण का विचार लेकर ऋषियों के तप के परिणाम स्वरूप जिस राष्ट्र का निर्माण हुआ, वह भारत राष्ट्र ही है। जीवन जीने की शैली जिसमें संपूर्ण विश्व का कल्याण निहित है, वह इस राष्ट्र में विकसित हुई। मानव का मानव के प्रति, प्रकृति एवं सृष्टि में व्याप्त चराचर जीव-जगत के प्रति हमारा व्यवहार कैसा हो, यह संस्कार संपूर्ण विश्व को इस धरा ने ही दिया है। शरणार्थी की सहायता एवं संकट में सहयोग, यहां का संस्कार है। इस देश में जन्मी ऋषि परंपरा, देवी-देवताओं की वाणी, महापुरुषों एवं राजा-महाराजाओं ने अपने व्यवहार से इस संस्कार को अपने जीवन में साकार रूप दिया। लंबी परंपरा से विकसित यह संस्कार ही हमारी थाती बन गये हैं, जो हमारी संस्कृति के रूप में प्रकट होते हैं। देश के करोड़ों लोगों को इन संस्कारों का व्यवहार एवं संस्कृति स्वरूप जिन महापुरुषों में साक्षात दिखाई देता है उनमें भगवान राम का नाम सर्वोपरि है। इस कारण भगवान राम विश्व भर में फैले करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र बिंदु हैं। आस्था के कारण ही करोड़ों लोगों का समाज मंदिर आंदोलन से जुड़ा, जिसने अब साकार रूप ले लिया है। प्रभु श्रीराम के जन्म स्थान पर भव्य मंदिर का निर्माण हिंदू समाज की चिर आकांक्षा थी, जो अब पूर्णता की ओर है। इस आकांक्षा की पूर्ति के लिए लगभग 500 से अधिक वर्षों से हिंदू समाज संघर्षरत था। असंख्य बलिदान अब तक हो चुके हैं। मुक्ति का यह संघर्ष साधु-संत, राजा-महाराजाओं आदि के नेतृत्व में चला। इस आंदोलन में निर्णायक मोड़ तब आया, जब 1983 में विश्व हिंदू परिषद ने आंदोलन अपने हाथों में लिया। स्व. अशोक सिंघल के साहसी एवं यशस्वी नेतृत्व के कारण आंदोलन देशव्यापी बना।

■ गिरजा शंकर

है न विचित्र बात !

## सुगमता के नये युग की शरुआत

**वैश्विक** स्तर पर लोकतंत्र की जननी और दुनियां का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत में किसी भी कानून को पारित करने की बहुत ही विस्तृत पेचीदगी वह पारदर्शी प्रक्रियाएं बनी हुई है, जिसको पार करने के बाद ही कोई विधेयक पारित होकर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद कानून बनता है। किसी भी विधेयक को कानून बनाने के लिए संसद के उच्च व निचले सदन से पारित करना कोई आसान काम नहीं होता उस पर विस्तृत चर्चा होती है, संशोधन वह सेलेक्ट कमेटी से होते हुए संसद में पेश होता है, इसके पहले लॉ कमीशन जनता जर्नादन के समक्ष उनकी प्रतिक्रियाएं जानने के लिए भी राष्ट्रीय गजट में प्रकाशित होता है। कुल मिलाकर संसद के दोनों सदनों में कोई भी विधेयक पारित कराना बड़ी उपलब्धि है। हालांकि यह रेखांकित करने वाली बात है के संसद के पिछले कुछ सत्रों से यह परिपाटी चली आ रही है के ध्वनि मत से ही विधेयक पारित हो रहे हैं क्योंकि एक विशेष पार्टी व उनके गठबंधन के सदस्यों की संख्या अधिक होने से विपक्ष कुछ कर सकनें में लाचार है किसी भी विधेयक पर वोटिंग नहीं हुई है वह केवल दिल्ली विधेयक से संबंधित वोटिंग के अलावा अन्य विधेयकों में वोटिंग देखने को नहीं मिली है। ठीक इसी तरह प्रेस व पत्र पत्रिका विधेयक जो राज्यसभा यानें उच्च सदन से पिछले अगस्त में ही पारित कर दिया गया था और अब लोकसभा में दिनांक 21 दिसंबर 2023 को ध्वनि मत से पारित हो गया है, अब राष्ट्रपति महोदया के हस्ताक्षर के बाद कानून बन जायेगा जिससे प्रेस की आजादी और कारोबार करने में सुगमता के नये ऐतिहासिक युग की शुरूआत होगी। चूंकि संसद के दोनों सदनों में प्रेस और पुस्तिका पंजीकरण विधेयक अधिनियम 1867 के औपचारिक युग को समाप्त कर 2023 का नया विधेयक पारित कर लिया गया है। इसलिए आज हम मीडिया और पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्रेस की आजादी और समाचार पत्र पत्रिका प्रकाशन में प्रेस पत्र पत्रिका पंजीकरण विधेयक 2023 मील का पत्थर सब आईटी होगा। साथियों बात अगर हम प्रेस पत्र पत्रिका पंजीकरण विधेयक 2023 की करें तो, इस नये कानून में किसी भी कार्यालय में गये बिना ही ऑनलाइन प्रणाली के जरिए पत्र-पत्रिकाओं के शीर्षक आवंटन और पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल एवं समकालिक बना दिया गया है। इससे प्रेस रजिस्ट्रार जनरल को इस प्रक्रिया को काफी तेज करने में मदद मिलेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि प्रकाशकों, विशेषकर छोटे और मध्यम प्रकाशकों को अपना प्रकाशन शुरू करने में किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रकाशकों को अब जिला मजिस्ट्रेटों या स्थानीय अधिकारियों के पास संबंधित घोषणा को प्रस्तुत करने और इस तरह की घोषणाओं को प्रमाणित कराने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अलावा, प्रिंटिंग प्रेसों को भी इस तरह की कोई घोषणा प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी, इसके बजाय केवल एक सूचना ही पर्याप्त होगी। वर्तमान में इस पूरी प्रक्रिया में 8 चरण शामिल थे और इसमें काफी समय लगता था। साथियों बात अगर हम प्रेस पत्र पत्रिका पंजीकरण विधेयक 2023 के लोकसभा में पारित होने की करें तो, प्रेस और पत्र-पत्रिका पंजीकरण विधेयक, 2023 (पीआरपी) गुरुवार को राज्यसभा में पारित हो गया। बता दें कि प्रेस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम, 1867 (पीआरबी) को निरस्त करने के लिए यह विधेयक लाया गया है। विधेयक का उद्देश्य पत्र-पत्रिकाओं के शीर्षक सत्यापन और पंजीकरण की ऑनलाइन प्रक्रिया को सरल बनाना है। सदन ने विपक्ष की अनुपस्थिति में कुछ मिनट बाद ही ध्वनि मत से विधेयक पारित कर दिया। इस बीच सूचना-प्रसारण मंत्री ने कहा, पुराने और नये अधिनियम के बीच अंतर समझाने के लिए मैं चाहता था कि विपक्ष भी यहां होता क्योंकि वे एक समय देश पर शासन कर रहे थे। विधेयक में समाचार पत्रों के प्रसार और सत्यापन से संबंधित प्रावधान हैं।

■ किशन भावनानी गोंदिया

# जन गण मन के महानायक हैं अटल बिहारी वाजपेयी

**अटल** जी का नाम सारी दुनिया के प्रमुख नेताओं में वरिष्ठ है। वे भारतीय जन गण मन के महानायक हैं। उनकी स्मृति बार-बार आती है। उनका पूरा व्यक्तित्व एक छंद और भावप्रवण काव्य था। विधाता ने उन्हें पूरे जतन से गढ़ा था। प्रकृति ने अपना सारा मधुरस उड़ेल दिया था उनके व्यक्तित्व में। वे सरस थे। तरल थे। सरल थे। विरल थे और विश्वमोहन। आज (रविवार) उनकी जन्म तिथि की पूर्व संध्या है। राष्ट्र उनका स्मरण कर रहा है। हमारे जैसे कार्यकर्ता उनकी छाया में पले। स्वाभाविक है उनका स्मरण। वैसे स्मरण उनका होता है, जिनका विस्मरण हो जाता है। अटल जी की स्मृति प्रतिपल जीवंत रहती है। वे भारतीय सार्वजनिक जीवन के शिखर शलाका पुरुष थे। वे भारतीय लोकतंत्र की दिव्यता हैं और राजनैतिक जीवन के मर्यादा पुरुष। इतिहास ने उन्हें पूरी आत्मीयता के साथ अपने अन्तःस्थल में स्थापित किया है। इतिहास निर्मम और निष्पक्ष होता है। वह अपने पराये में भेद नहीं करता। वह अनायास ही किसी को महानायक नहीं बनाता। लोकमत भी इतिहास की तरह निर्मम होता है। इसलिए विश्व इतिहास के प्रतिष्ठित महानायक भी संपूर्ण लोकमन की प्रशंसा नहीं पा सके। लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी अद्वितीय हैं। उन्होंने राष्ट्र के संपूर्ण जनगणमन का प्यार पाया। वे परिपूर्ण राष्ट्रवादी थे। वैचारिक प्रतिबद्धता में अटल थे और राष्ट्रवाद का संदेश लेकर सतत गतिशील विहारी थे। उनके विरोधी भी उनके प्रशंसक थे। वे भारतीय राजनीति के अद्वितीय महानायक थे। तमाम असंभवों का संगम थे। वे सरस भावप्रवण कवि हृदय थे और कवि थे। राजनीति के भावविहीन क्षेत्र में भी सबके प्रिय अग्रणी राजनेता। इस सदी के महानतम नेता। वे सबके प्रति आत्मीय थे। विपरीत ध्रुवों से भी समन्वय की साधना बेजोड़ थी। वे सर्वप्रिय धीरोदात्त महानायक थे। राजनीति में विपरीत ध्रुवों का समन्वय आसान नहीं होता। 1975 में आपत्काल था। देश कारागार में बदल गया था। संविधान कुचल दिया गया था। हजारों राजनैतिक सामाजिक कार्यकर्ता जेल भेजे गये थे। अटल जी ने गैरकांग्रेसी दलों से समन्वय बनाया। तमाम गैर कांग्रेसी दल साझा मंच में आये। अटल जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य थे। उन्होंने मिलकर चुनाव लड़ने के लिए गैरकांग्रेसी दलों को सहमत किया। 1977 के आम चुनाव में जनता पार्टी जीती। सरकार भी बनी। वे विदेश मंत्री बने। दिल्ली में भारतीय जनसंघ का अधिवेशन हुआ। अटल जी ने जनसंघ के विसर्जन का प्रस्ताव रखा। वे पं. दीनदयाल उपाध्याय का नाम लेकर रोने लगे। जनसंघ की विकास यात्रा में उपाध्याय, अटल जी आदि अनेक नेताओं कार्यकर्ताओं ने अपना श्रम तप लगाया था। जनसंघ का विसर्जन भावुक क्षण था। इन पंक्तियों का लेखक भी इस भावुक प्रवाह का हिस्सा था। जनसंघ का विसर्जन हुआ। अब सब जनता पार्टी के हिस्से थे। कुछ समय बाद जनता पार्टी में कलह हुई। जनसंघ घटक के सदस्यों पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नाम पर दोहरी सदस्यता का आरोप लगा। अटल जी ने उत्तर प्रदेश की एक जनसभा में चुटकी ली 'उन्होंने पहले प्यार किया, सम्बंध बनाये। सम्बन्धों का लाभ उठाया और अब हमसे हमारा गोत्र वंश पूछते हैं।' बात नहीं बनी। जनसंघ घटक अलग हो गया। अटल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी बनी। अटल जी के नेतृत्व का सम्मोहन बढ़ता गया। अटल जैसी वक्तव्य कला दुर्लभ। शब्द उनके आज्ञापालक थे। उनका शब्द चयन और प्रयोग अद्भुत था। मनमोहन प्रभाव था उनके भाषण में। वे नेता प्रतिपक्ष बने। प्रधानमंत्री बने। विपक्षी नेता के रूप में उन्होंने विषय प्रतिपादन का नया रिकार्ड बनाया। संसद उन्हें पूरे मनोयोग से सुनती थी जब वे विपक्ष में थे तब नरसिंहाराव तत्कालीन प्रधानमंत्री ने उन्हें विदेशी प्रतिनिधिमण्डल का नेता बनाया। यह भी एक विशेष अवसर था। उन्होंने देश के बाहर भारतीय जनतंत्र की प्रतिष्ठा बढ़ाई, 'उन्होंने कहा कि वे भारत में विरोधी दल के नेता हैं लेकिन देश के बाहर भारत के प्रतिनिधि।' उनके विचार मननीय हैं। उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को राष्ट्रीय भावना की अभिव्यक्ति बताया। हिन्दू और हिन्दुत्व को भारत की जीवनशैली बताया। उनकी कविता 'तन मन हिन्दू मेरा परिचय' खासी चर्चा में रहती है। उन्होंने राजनीति में भारतीय संस्कृति का प्रवाह पैदा किया। जो कहा, सीना ठोककर कहा। लोग तिलमिलाये। ऐसे लोगों ने जनसंघ पर साम्प्रदायिकता का आरोप लगाया। अटल जी ने संसद में साम्प्रदायिकता की परिभाषा करने की मांग भी की। सब चुप हो गये। अटल जी पत्रकार, साहित्यकार थे। लखनऊ से प्रकाशित राष्ट्रधर्म पत्रिका के सम्पादक रहे थे। पत्रिका के सम्पादक मण्डल ने भारतीय जनसंघ व भारतीय जनता पार्टी पर विशेषांक प्रकाशित करने का निर्णय लिया। सम्पादक मण्डल ने मुझे दोनों विशेषांकों का अतिथि सम्पादक बनाया। इसका विमोचन दिल्ली भाजपा कार्यालय में अटल जी व आडवाणी जी ने किया था। विमोचन के पहले अटल जी ने दोनों अंक देखने के लिए मांगे। मैंने पत्रिका के प्रबंधक पवन पुत्र बादल के साथ अटल जी को दोनों अंक दिखाये। विशेषांकों के आलेख व चित्र संयोजन देखकर वे भावुक हुए। उन्होंने इस अनुष्ठान की प्रशंसा की। मुझे बधाई भी दी। इस तरह वे अपने सहयोगियों को लिखने पढ़ने की प्रेरणा देते थे। अटल जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन बना। क्षेत्रीय दलों को राष्ट्रीय आकांक्षा और राष्ट्रीय दलों को क्षेत्रीय कठिनाइयां समझने का अवसर मिला। विश्व परिवार ने अटल जी के नेतृत्व का सम्मान किया। लेकिन अन्तर्राष्ट्रीय बिरादरी परमाणु परीक्षण से सहमत नहीं थी। अटल जी यह बात जानते थे। इसके कारण संभावित आर्थिक प्रतिबंधों से भी वे अवगत थे। लेकिन उन्होंने परमाणु परीक्षण का निर्णय लिया। दुनिया के कई देश नाराज भी हुए। संसद में भी भारी बहस हुई। उन्होंने पूरे स्वाभिमान के साथ अपने निर्णय का पक्ष रखा। उन्होंने संसद में देश की प्राथमिकता बताई 'परमाणु परीक्षण सम्बंधी हमारे निर्णय की एक मात्र कसौटी राष्ट्रीय सुरक्षा ही है। हमने किसी अन्तरराष्ट्रीय करार का उल्लंघन नहीं किया है। उन्होंने कहा कि परमाणु परीक्षण किसी देश के विरुद्ध भय उत्पन्न करने अथवा आक्रमण करने के लिए नहीं हैं।' चन्द्रशेखर ने टिप्पणी की। उनके कथन पर अटल जी की टिप्पणी ध्यान देने योग्य है। अटल जी ने कहा कि मुझे खेद है कि मैं आपके विचारों से सहमत नहीं हूं। चन्द्रशेखर की बात काटते हुए भी वे शील और मर्यादा में ही रहे। लोकतंत्र उनकी जीवन श्रद्धा था। अटल जी ने भारत के राजनैतिक आकाश में सार्वजनिक जीवन की मर्यादा रेखा खींची है। यह रेखा बहुत ऊंची है। मूल्य आधारित सार्वजनिक जीवन की यह रेखा हम सभी राजनैतिक दलों के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने लोकतंत्र को भारत की जीवनशैली बताया था। अटल जी के अनुसार 'लोकतंत्र 49 बनाम 51 का अंकगणित नहीं है। सबकी अभिलाषा और राष्ट्रीय स्वप्नों के लिए सबको साथ लेकर कल्याण करना ही जनतंत्री राजनीति है।' अटल जी सभी दलों और नेताओं में लोकप्रिय थे।

**अटल जी ने गैरकांग्रेसी दलों से समन्वय बनाया। तमाम गैर कांग्रेसी दल साझा मंच में आये। अटल जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य थे। उन्होंने मिलकर चुनाव लड़ने के लिए गैरकांग्रेसी दलों को सहमत किया। 1977 के आम चुनाव में जनता पार्टी जीती। सरकार भी बनी। वे विदेश मंत्री बने। दिल्ली में भारतीय जनसंघ का अधिवेशन हुआ। अटल जी ने जनसंघ के विसर्जन का प्रस्ताव रखा। वे पं. दीनदयाल उपाध्याय का नाम लेकर रोने लगे। जनसंघ की विकास यात्रा में उपाध्याय, अटल जी आदि अनेक नेताओं कार्यकर्ताओं ने अपना श्रम तप लगाया था।**

■ हृदयनारायण दीक्षित

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# प्रेम और क्षमा के संदेश वाहक : प्रभु यीशु मसीह



विजय केसरी

प्रभु यीशु मसीह प्रेम और क्षमा के सच्चे वाहक थे। प्रभु यीशु मसीह ने प्रेम और क्षमा के लिए अपना जीवन हंसते हंसते दे दिया था। उन्होंने अपने जीवन काल में जिन संदेशों को दिया था, उसकी प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है । उन्होंने प्रेम और क्षमा का संदेश देकर दुनिया को यह बता दिया था कि क्षमा और प्रेम से लोगों को अपना बनाया जा सकता है। प्रेम और क्षमा को आत्मसात कर उनके दिलों तक प्रवेश किया जा सकता है। मरियम के गर्भ से उत्पन्न प्रभु यीशु मसीह सच्चे अर्थों में प्रेम और क्षमा के सच्चे वाहक थे। मरियम की कोख से प्रभु यीशु मसीह का प्रादुर्भाव उनकी शादी से पूर्व हुआ था। प्रभु यीशु मसीह का इस तरह जन्म लेना उनकी विशिष्टता को प्रदान करता है। उन्हें असाधारण बनाता है। जिस कालखंड में और जिन परिस्थितियों में प्रभु यीशु मसीह का जन्म हुआ था। लोग जात - पात, धर्म के संघर्ष के बीच घिरे थे। संपूर्ण विश्ववासी नफरत की आग में जल रहे थे। लोग प्रेम और क्षमा के अर्थ को पूरी तरह भूल चुके थे। लोग अपने-अपने निजी स्वार्थ के लिए संघर्ष कर रहे थे। जान - माल की बहुत हानि हो रही थी। अविश्वास और घृणा से दुनियावासी परेशान और बेहाल हो रहे थे। लोगों का एक दूसरे के प्रति घोर अविश्वास हो गया था। लोग एक दूसरे के धन, स्त्री, भूमि, संपत्ति हड़पने में लगे हुए थे। धर्म के मूल मायने को भूल चुके थे। पशु बलि जैसी संस्कृति समाज में हावी थी। लोग अपने-अपने देवताओं को पशु बलि से खुश कर रहे थे।

इस विषम परिस्थिति में प्रभु यीशु मसीह का प्रादुर्भाव किसी खास मकसद के लिए हुआ था। वे अपने जन्म काल से ही असाधारण थे। उनका दिव्य चेहरा और वक्तव्य यह बताता था कि वे इस धरा पर कुछ खास करने के लिए आए हुए थे। जिस रात भेड़ों के बीच प्रभु यीशु मसीह का इस धरा पर प्रादुर्भाव हुआ था । सुबह में कई गड़ेरिया को प्रभु के संदेश प्राप्त हुआ था। प्रभु ने सपने में कहा था कि 'तुम सबों को शांति, प्रेम ,क्षमा और करूणा का संदेश देने वाला ईश्वर का पुत्र यीशु मसीह का प्रादुर्भाव इस धरा पर हो गया है। आप सब उनसे मिलो और प्रेम और क्षमा का संदेश प्राप्त करो'। प्रभु यीशु मसीह जैसे-जैसे बाल काल से युवा अवस्था की ओर बढ़ने लगे थे, उनकी प्रतिभा लोगों के सामने आने लगी थी। वे अपने धर्म गुरुओं से ऐसे - ऐसे प्रश्न कर दिया करते थे कि धर्मगुरु भी उनके प्रश्नों का उत्तर नहीं दे पाते थे । उन्होंने बाल काल से ही संदेश देना प्रारंभ किया था। जब वे अपनी बातों को रखते थे। संदेश सुनने वालों की भीड़ लग जाती थी।




प्रभु यीशु मसीह के संदेशों में कुछ खास बात होती थी ,जो उन्हें सबसे अलग लगता था। लोग मंत्रमुग्ध होकर उनके संदेशों को सुनते थे। प्रभु यीशु मसीह के संदेशों को अपने जीवन में उतारते ही थे। प्रभु यीशु मसीह ने स्वयं को ईश्वर का पुत्र कहा था। उन्होंने कोई नया सिद्धांत प्रतिपादित नहीं किया था। उन्होंने कहा था कि 'क्षमा करना कायरता नहीं बल्कि यह लोगों की ताकत है'। जिस काल में प्रभु यीशु मसीह का प्रादुर्भाव हुआ था। लोग शत्रुता की आग में जल रहे थे। क्षमा तो उनके शब्दकोश से बहुत दूर चला गया था। लोग एक दूसरे को मारने पर उतारू थे। उनके संदेशों में क्षमा की प्रासंगिकता सुनकर लोगों को बहुत ही अच्छा लगा। उनके संदेशों का ऐसा प्रभाव हुआ था कि लोगों ने क्षमा को अपने जीवन में उतारा। लोगों ने महसूस किया कि क्षमा सच्चे अर्थों में बड़ी चीज है। धीरे धीरे कर प्रभु यीशु मसीह के अनुयायियों की संख्या बढ़ती चली गई। प्रभु यीशु मसीह के निकट जो भी आते थे। बेहद शांति महसूस करते थे। प्रभु यीशु मसीह के दिव्य चेहरे को देखकर लोगों को शांति का अनुभव होता था। प्रभु यीशु मसीह ने लोगों को प्रेम का नया अर्थ बताया। उन्होंने प्रेम के महत्व को लोगों को समझाया। उन्होंने आगे कहा था कि शत्रुता और घृणा से लोगों के बीच दूरियां बढ़ती है। प्रेम से लोग एक दूसरे के करीब आते हैं। इस धरा पर जितने भी लोग हैं। सभी एक ईश्वर की संतान है। प्रभु यीशु मसीह ने ईश्वर की व्याख्या करते हुए कहा था कि 'प्रभु एक है। अजन्मा है। अटल है। निराकार है। प्रभु का वास प्रेम, क्षमा , दया और करुणा में होता है। प्रेम क्षमा , करूणा और दया को आत्मसात करने मात्र से अंदर में दीपज्योति का किरण फूट पड़ती है। लोग ईश्वर के करीब पहुंच जाते हैं। ईश्वर सबों के अंदर है। ईश्वर कभी अपने पुत्रों से दूर नहीं रह सकते हैं '। आगे प्रभु यीशु मसीह ने बताया कि प्रभु सर्वशक्तिमान है। वे अपने सभी पुत्रों से समान प्रेम करते हैं'। उन्होंने यह भी कहा था कि 'इस धरा पर जितने भी पशु पक्षी हैं, पेड़ है, पौधे हैं। सब ईश्वर की कृपा से ही फल फूल रहे हैं। ईश्वर सभी को समान रूप से प्रेम करते हैं। जहां प्रेम हैं। दया है। क्षमा है। करुणा है। ईश्वर वहीं वास करते हैं'।

प्रभु यीशु मसीह की बातों का रोमन समाज में ऐसा असर हुआ कि लोग प्रभु यीशु मसीह से जुड़ते चले गए थे। यह समाचार रोमन के सम्राट के पास भी पहुंच रही थी। उनके मंत्रियों और सलाहकारों के तरह तरह की बातों से रोमन सम्राट भड़क उठे थे। रोमन सम्राट ने प्रभु यीशु मसीह को बिना किसी जुर्म के सिर्फ प्रेम और क्षमा का संदेश देने के लिए क्रॉस पर लटका कर किलो से ठोक देने की सजा सुना दी थी। प्रभु यीशु मसीह ने रोमन सम्राट के उक्त आदेश की अवहेलना न की थी। बल्कि उन्होंने मुस्कुराकर इस आदेश का स्वागत किया था। सिपाहियों ने प्रभु यीशु मसीह को क्रॉस में बांधकर लंबी दूरी ले चलाकर और उनके हाथ और पैरों में कीलें ठोक दी थी। प्रभु यीशु मसीह ने उनके इन हरकतों पर किसी भी तरह का एतराज नहीं किया और ना ही प्रतिकार किया था। बल्कि वे तो मुस्कुरा रहे थे। हजारों हजार की संख्या में उनके अनुयाई इस दृश्य को देख रहे थे। सबकी आंखें अश्रुपूरित हो रही थी। लेकिन रोमन सिपाहियों को जरा भी दया नहीं आ रही थी। प्रभु यीशु मसीह ने हाथ और पैर में कील ठोकने वाले सिपाहियों के प्रति यह कहा था कि हे प्रभु! इन्हें क्षमा करना। इन्हें मालूम नहीं कि ये क्या कर रहे हैं? प्रभु यीशु मसीह यह कहकर इस दुनिया से सदा सदा के लिए विदा हो गए थे। उनकी यह बात अमर वाक्य बन गई, जो बरसों बाद भी लोगों के दिलों में बैठी हुई है। आज के बदली परिस्थिति में जहां कई देश साम्राज्य विस्तार पर लगे हुए हैं। उन्हें प्रभु यीशु मसीह के संदेशों को जरूर पढ़ना चाहिए ।इस वर्ष कोरोना महामारी वैश्विक स्तर पर मजबूती उपस्थिति दर्ज. कर संपूर्ण मानव को एक होने का संदेश दिया है। सभी मानव एक ही ईश्वर की संतान है। सभी के ईश्वर एक ही है ।जो सर्वशक्तिमान है। अजन्मा है। अनंत और अटल है। आज हम सबों को प्रभु यीशु मसीह के संदेश प्रेम और क्षमा को आत्मसात करने की जरूरत है।

## क्रिसमस के दिन घरों से बाजारों तक दिवाली की तरह रौनक रहती है

गुड्डू कुमार

पर्व व त्योहार परस्पर प्रेम,भाईचारा, मेल मिलाप का संदेश देते हैं। दूसरे शब्दों में सभी पर्वो ,त्योहार से हमें सदाचार,सहानुभूति,परस्पर सहयोग और मानवता की भावना प्राप्त होती है। यह ध्यान देने की बात है। कोई भी पर्व या त्योहार चाहे स्वदेशी हो या विदेशी हो,चाहे गरीब हो या अमीर वर्ग का क्यों ना हो,उसमे उपर्युक्त विशेषता ओर श्रेष्ठता अवश्य होती है। इस दिन लोग अपने घरों को दीपावली की तरह सजाते हैं और उजाले के लिए कैंडल जलाते हैं। इस पर्व पर दिवाली की तरह ही अच्छे-अच्छे पकवान बनाये जाते है, घरों-ऑफिस बाजारों को सजाते है। क्रिसमस के दिन घरों से लेकर बाजारों तक में दिवाली की तरह ही रौनक रहती है ।खासतौर से बच्चों को वो मजाकिया उपहार देता है। बच्चे बड़ी व्याकुलता से सांता और इस दिन का इंतजार करते है ।क्रिसमस पूरी दुनिया में युवा और बूढ़े लोगों द्वारा प्यार किया जाने वाला एक विशेष और जादुई अवकाश है। दुनिया भर में क्रिसमस के बारे में जानने के लिए बहुत कुछ है। अन्य देशों में भी बच्चे, बडें और बूढ़े क्रिसमस का जश्न मनाते हैं। इस तरह क्रिसमस का त्योहार लोगों को सबके साथ मिल-जुलकर रहने का संदेश देता है। ईसा मसीह कहते थे-दीन-दुखियों की सेवा संसार का सबसे बड़ा धर्म है ।क्रिसमस 25 दिसम्बर का पर्व केवल ईसाई धर्म के अनुयायी या समर्थक ही मनाते है, अपितु इसे टी विशव के प्राय सभी धर्मो ओर सम्प्रदाय के लोग मनाते है। इस प्रकार बिना किसी भेदभाव के पूरे विशव में मनाया जाता है ।इसे बिना कोई भेदभाव के मनाने का एक कारण यह भी है ।यह त्योहार ईसामसीह जी के जन्मदिन के उपलक्ष में मनाया जाता है। जिन्होंने मानवता का संदेश पूरे विशव को दिया। ईसा के जन्म के काल में लोगों में अंधविश्वास फैला हुआ था। वे अनेक देवी-देवताओं की पूजा करते थे। आतंक का साम्राज्य था शासक अत्याचार कर रहे थे। ईसा मसीह ने बड़ा होने पर यह देखा कि लोग आपस में लड़ झगड़ रहे हैं। उन में सहनशीलता नहीं है। वे एक दूसरे की सहायता नहीं करते ।ईसा के उपदेश ईसा मसीह ने लोगों को भाईचारे का संदेश दिया ।उन्होंने लोगों को समझाया और बताया कि ईश्वर एक है। हम सब उसकी सन्तान हैं। हम सब यदि प्रेम से रहेंगे तो वह हम सब पर प्रसन्न होगा। उस दिन से उनकी पूजा होने लगी। यह धर्म के ठेकेदारों को अच्छा नहीं लगा। वे उनसे जलने लगे। उन्होंने शासकों से उनकी शिकायत की। शासकों ने उनकी शिकायत करने वालों को ठीक मान लिया। ईसा मसीह को फाँसी की सजा दे दी गई। फांसी के फंदे पर झूलते हुए उन्होंने कहा भगवान, ये अज्ञानी हैं। इन्हें यह ज्ञान नहीं कि वे क्या कर रहे हैं। इनकी बुद्धि को सुधार और इनके अपराधों का क्षमा करें। ईसामसीह ने भेदभाव को मिटाने के लिए अपने प्राणों की भी चिंता नहीं की।



## बड़ा दिन हंसी-खुशी से मनाने वाला पर्व है

विक्की कुमार

ईसा मसीह की याद में क्रिसमस का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाना चाहिए। यह मनुष्यता का प्रेरक और संदेशवाहक है। इसलिए हमें इस त्योहार को श्रद्धा और उमंग के साथ अवश्य मनाना चाहिए। क्रिसमस का त्योहार पूरे विश्व में बड़े ही पवित्र भाव से ईसामसीह कर जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह उनके प्रति सच्चई श्रधा भाव रखकर मनाया जाता है ।इस प्रकार क्रिसमस का त्योहार एक ऐसा व्यापक और विस्तृत प्रभाव रखने वाला पर्व है,जो गांव-शहर,देश विदेश में बड़े आनंद ओर उत्साह के साथ मनाया जाता है। क्रिसमस का प्रभाव बड़े ही जोरदार रूप में होता है। इसके आने की प्रतीक्षा बहुत पहले से ही कि जाने लगती है। धीरे धीरे जैसे जैसे यह करीब आता है। वैसे-वैसे ही इसकी तैयारी में तेजी आने लगती है ।इसके साथ ही साथ लोंगो में उत्साह और उत्सुकता की तरंगों में व्रद्धि लगातार होने लगती है। क्रिसमस की तैयारी में लगे लोग अपने अपने घरों,स्थानो ओर दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं की सफाई-सजावट करने में कोई कसर नही छोड़ते है। क्रिसमस के आ जाने पर लोंगो की खुशी का ठिकाना ही नही रहता। सुबह-सुबह ईसाई धर्म को मॉनने वाले ओर इसके समर्थक ईसामसीह के प्रति अपनी श्रद्धा और भक्ति भावना प्रकट करने के लिए गिरिजाघर में जाते है। वहां जाकर ईसामसीह के लिए प्राथना बड़े ही पवित्र मन से किया करते है। इस पावन अवसर ईसाई धर्म के लोग घरों को आकर्षक तरीके से सजाते हैं। इसके साथ ही एक-दूसरे को उपहार देते हैं। क्रिसमस के दिन सांता क्लॉज का बच्चों के लिए गिफ्ट्स लेकर आते हैं। बच्चे इस दिन का बहुत उत्सुकता से इंतजार करते है क्योंकि उन्हें इस दिन ढ़ेर सारे गिफ्ट्स और चॉकलेट मिलती हैं।



क्रिसमस पर चॉकलेट केक का विशेष महत्व होता है। लोग एक-दूसरे को केक खिलाकर इस पर्व की बधाई देते हैं। यह पर्व इसी तरह हंसी खुशी से मनाया जाता है। मान्यता है क्रिसमस कि सांता क्लॉज स्वर्ग से आते हैं और लोगों को मनचाही चीजें उपहार के तौर पर देकर जाते हैं। इस पर्व को बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाता है। क्रिसमस ईसाई धर्म के लोगों को प्रमुख पर्व है। यह पर्व विश्व में फैले ईसा मसीह के करोड़ों अनुयायियों के लिए पवित्रता का संदेश लाता है। इस दिन प्रभु ईसा मसीह या जीसस क्राइस्ट का जन्म हुआ था। ईसा मसीह ऊंच-नीच के भेदभाव का विरोध करते थे। इसलिए क्रिसमस पर्व आजकल सभी धर्म के लोग सेलिब्रेट करते हैं। जीसस क्राइस्ट को महान व्यक्तियों में गिना जाता है। उन्होंने समाज को प्यार और इंसानियत की शिक्षा दी। उन्होंने दुनिया के लोगों को प्रेम और भाईचारे के साथ रहने का संदेश दिया था। इन्हें भगवान का इकलौता प्यारा पुत्र माना जाता है। उस समय शासकों को जीसस का यह मैसेज अच्छा नहीं लगा और उन्हें सूली पर लटका कर मार डाला था। माना जाता है कि जीसस फिर से जिंदा होकर लोगों को अपना संदेश देते हैं। क्रिसमस से पहले बाजारों में रौनक आ जाती है। इस त्योहार पर क्रिसमस-ट्री सजाने का विशेष महत्व है। भारत में भी इसके महत्व को अब विस्तृत रूप से देखा जा सकता है। क्रिसमस की शाम को लोग क्रिसमस ट्री के पास एकत्रित होकर प्रभु ईसा मसीह का स्तुतिगान तथा प्रार्थना करते हैं।

## इस दिन गिरजाघरों में रात्रिकालीन प्रार्थना की जाती है

डब्लू कुमार

क्रिसमस का त्योहार मुख्य रूप से ईसाई धर्म के अनुयायियों और उनके समर्थकों के द्वारा मनाया जाता है। यह त्योहार विश्व का सबसे बड़ा त्योहार है,क्योंकि ईसाई धर्म की विशालता और उससे प्रभावित धार्मिक मानस वाले व्यक्ति भी इस त्योहार को मनाने में अपनी खुशियों और उमंगों को बार बार प्रस्तुत करते हैं। क्रिसमस का त्योहार इसी लिए सम्पूर्ण विश्व में बड़ी ही लगन और तत्परता के साथ प्रति वर्ष मनाया जाता है। कई जगह पर क्रिसमस के एक दिन पहले गिरजाघरों में रात्रिकालीन प्रार्थना होती है जो कि रात 12:00 बजे तक चलती है। ठीक 12:00 बजे लोग अपने रिश्तेदारों अपने दोस्तों इत्यादि को क्रिसमस की बधाई देने लगते हैं। क्रिसमस वाले दिन सांता क्लॉस बच्चों को चॉकलेट और गिफ्ट देते हैं। कहीं- कही पर अन्य धर्म के लोग भी चर्च में जाकर मोमबत्तियां जलाकर प्रार्थना करते हैं। इस प्रकार क्रिसमस केवल ईसाई धर्म के लोग ही नहीं बल्कि सभी धर्मों के लोग मनाते है। क्रिसमस का त्योहार पूरे विश्व में बड़े उल्लास और उमंग से मनाया जाता है। उस दिन ईसाई धर्म के लोग भगवान ईसा मसीह के सामने अपनी की हुई गलतियों की क्षमा प्रार्थना करते हैं। बाइबल के अनुसार परमेश्वर ने जिब्राइल नाम के स्वर्गदूत को एक स्त्री जिसका नाम मरियम था उसके पास भेजा और कहा कि उसका एक बेटा होगा तो राजा बनकर राज करेगा और उस बच्चे का नाम यीशु होगा। उस बच्चे का जन्म 6 ईसा पूर्व में बेथलेहम में हुआ था और उसका जन्म एक अस्तबल में हुआ था। उन्होंने बहुत छोटे से ही लोगों को सही राह दिखाने का कार्य किया। इस तरह जब वो 12 वर्ष के हुए तो उन्होंने 12 आदमियों को चुना और उन्हें अपना प्रेरित बनाया। ईसा मसीह ने कई चमत्कार भी किये जिसे ईश्वर का दूत नहीं बल्कि ईश्वर की संज्ञा दी गई है। क्रिसमस के दिन नए कपड़े खरीदे जाते हैं और विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए जाते हैं। बिना केक के तो क्रिसमस ही अधूरा रहता है। उस दिन हर ईसाई परिवार में केक जरूर बनता है। उसके साथ क्रिसमस ट्री को भी सजाया जाता है।

## ईसा मसीह ने दुनिया में प्रेम व मानव सेवा की शिक्षा दी

गोलू कुमार

कल 25 दिसम्बर को ईसाई लोग बड़े उत्साह व धूमधाम से क्रिसमस मनायेंगे। पलामू सहित पूरे संसार में महाप्रभु ईसा मसीह के इस जन्म दिन की बड़ी पवित्रता और आस्थापूर्वक मनाया जाता है। इस दिन ही श्रद्धालु और विश्वस्त भक्त जन ईसा मसीह के पुनर्जन्म की शुभकामना किया करते हैं। उनकी याद में विभिन्न स्थानों पर प्रार्थनाएं और मूक भावनाएं प्रस्तुत की जाती हैं। कहा जाता है कि ईसा मसीह का जन्म 25 दिसम्बर की रात को बारह बजे बेथलेहम शहर में एक गौशाला में हुआ था। मां ने एक साधारण कपड़े में लपेट कर इन्हें धरती पर लिटा दिया था। स्वर्ग के दूतों से संदेश पाकर धीरे-धीरे लोगों ने इनके विषय में जान लिया था। धीरे-धीरे लोगों ने ईसा मसीह को एक महान आत्मा के रूप में स्वीकार कर लिया। ईश्वर ने उन्हें इस धरती पर मुक्ति प्रदान करने वाले के रूप में अपना दूत बनाकर भेजा था। जिसे ईसा मसीह ने पूर्णत सत्य सिद्ध कर दिया। इनके विषय में यह भी विश्वासपूर्वक कहा जाता है कि बहुत साल पहले दाउद के वंश में मरियम नाम की कुमारी कन्या थी। जिससे ईसा मसीह का जन्म हुआ। जन्म के समय ईसा मसीह का नाम एमानुएल रखा गया। एमानुएल का अर्थ है मुक्ति प्रदान करने वाला। इसीलिए ईश्वर ने इन्हें संसार में भेजा था। वे गिरजा घरों में जाते हैं। वहां ये प्रभु ईसा की पूजा करते हैं। वे इस दिन की तैयारी कई दिन पहले से करनी शुरू कर देते हैं। नए-नए कपड़े सिलवाते हैं। एक दूसरे को कई प्रकार के उपहार देते हैं। ईसा मसीह ने जीवन भर लोगों को परस्पर प्रेम करने, दूसरों के साथ दयापूर्वक व्यवहार करने और मानव सेवा की शिक्षा दी। उनके उपदेशों पर चलने से समाज की कई बुराइयां दूर हो सकती हैं। हमें भी उनके उपदेशों का प्रचार करना चाहिए।



उनके उपदेशों पर चलने से आपस में प्रेम भाव बढ़ेगा और घृणा दूर होगी। इससे आपस में सहनशीलता बढ़ेगी। समाज में सुख और शक्ति फैलेगी। क्रिसमस के दिन लोगों का उत्साह लगातार बढ़ता ही जाता है। क्रिसमस की शाम को क्रिसमस की खुशी में जगह-जगह प्रीतिभोज का आयोजन किया जाता है। इसमें सभी धर्म और सम्प्रदाय के लोग शामिल होते है। मध्य रात्रि से लेकर दूसरे दिन सायंकाल में लोग राग रंग में डूबे रहते है। क्रिसमस का पर्व उल्लास और सद्भावनापूर्वक परस्पर सहानुभूति रखते हुए मनाना चाहिए।

## 25 दिसंबर को क्रिसमस डे यानी बड़ा दिन...

श्याम बिहारी

क्रिसमस ईसाई धर्म का प्रमुख त्योहार है। सामान्यतया लोग इसे क्रिसमस डे या बड़ा दिन भी कहते हैं। ये साल का आखिरी सबसे बड़ा त्योहार है। भौगोलिक दृष्टि से भी क्रिसमस विश्व का सबसे बड़ा त्योहार है। यह उत्सव शांति के मसीहा ईसा मसीह के जन्म-दिवस के रूप में मनाया जाता है। ईसा-मसीह ईसाई धर्म के प्रवर्तक एवं महान समाज सुधारक थे। उन्होंने अपने जीवन काल में व्याप्त सामाजिक बुराईयों एवं धार्मिक आडम्बरों का घोर विरोध किया तथा सत्य का मार्ग प्रशस्त करके भटकी हुई मानवता को नयी दिशा दिखाई। इस महान उपलब्धि के पीछे ईसा-मसीह का त्याग एवं महान बलिदान है। क्रिसमस का त्योहार दुनिया में सबसे ज्यादा मनाए जाने वाले त्यौहारों में से एक है। भारत में भी यह पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। क्रिसमस को लेकर मेदिनीनगर स्टेशन रोड में पूरे दिन धूम मचाएगा। बड़ों के चेहरे पर खुशियां और बच्चों में गजब का उत्साह दिख रहा है। कैथोलिक चर्च और यूनियन चर्च में क्रिसमस को लेकर विशेष तैयारी की जाती है। दरअसल अब यह त्योहार किसी एक समुदाय विशेष का न होकर सभी धर्मों और मान्यताओं का सामूहिक उत्सव बन गया है। यही वजह है कि बड़ा दिन अब और खास बन जाता है ।सांता क्लॉज, क्रिसमस ट्री, पूजा-अर्चना, मोमबत्तियों व सितारों की चमक, घंटियों और घंटों की खनक, सुंदर सजावट,बिजली के जगमगाते बल्ब, ग्रीटिंग कार्ड, केक, पेस्ट्री, गीत-संगीत, महकते फूल और चहकते बच्चे. ये सब मिलकर बता रहे हैं कि कल 25 दिसंबर को क्रिसमस डे यानी बड़ा दिन है। ईसाई धर्म में प्रभु यीशु के जन्म-दिवस के रूप में मनाया जाने वाला यह त्योहार वैसे तो प्रत्येक चर्च में हर्षोल्लास के साथ बहुत धूम-धाम व खास अंदाज में से मनाया जाता है. यह अंदाज तब और भी खास हो जाता है जब इसमें विभिन्न धर्मों के लोग शामिल होकर परस्पर भाईचारे और धार्मिक सौहार्द को शामिल कर देते हैं। ऐसे में यह बड़ा दिन और भी बड़ा हो जाता है।

## ईशु मसीह का जन्म दिवस क्रिसमस डे के रूप में मनाया जाता है

कुमारी रिया

क्रिसमस डे को बड़ा दिन भी कहते हैं। यह त्योहार ईसाइयों का प्रमुख त्योहार है। ईसाई धर्म को चलाने वाले ईशु मसीह का जन्म दिवस 25 दिसम्बर को क्रिसमस डे के रूप में मनाया जाता है। ईसा मसीह ने गरीबों तथा दीन-दुखियों से प्रेम करने और उनकी सेवा करने का पाठ पढ़ाया। अतः हमे चाहिए कि हम उनके उपदेशों का पालन करें। क्रिसमस का त्योहार विश्व के महान त्योहारों में से एक है। क्रिसमस का त्योहार न केवल ईसाइयों का त्योहार है, अपितु मानव जाति का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। सभी त्योहार किसी न किसी महापुरूष की जीवन घटनाओं से सम्बन्धित हैं।



क्रिसमस का त्योहार ईसाई धर्म के संस्थापक ईसा मसीह के जन्म दिवस से सम्बन्धित है। यह त्योहार संसार के सभी देशों में मनाया जाता है। ईसा मसीह सत्य, अहिंसा और मनुष्यत के सच्चे संस्थापक के प्रतीक थे। इनके सामान्य और साधारण जीवन आचरण को देखकर हम यही कह सकते हैं कि ये सादा जीवन और उच्च विचार के प्रतीकात्मक और संस्थापक महामना थे। ईसा मसीह ने भेड़-बकरियों को चराते हुए अपने समय के अंधविश्वासों और रूढ़ियों के प्रति विरोधी स्वर को प्राण दिया था। इसीलिए इनकी जीवन दशाओं से क्षुब्ध होकर कुछ लोगों ने इनका कड़ा विरोध भी किया था। इनके विरोधियों का दल एक ओर था तो दूसरी ओर इनसे प्रभावित इनके समर्थकों का भी दल था। इसलिए ईसा मसीह का प्रभाव और रंग दिनोंदिन जमता ही जा रहा था। उस समय के अज्ञानी और अमानवता के प्रतीक यहूदी लोग इनसे घबरा उठे थे और उनको मूर्ख और अज्ञानी समझते हुए उन्हें देखकर जलते भी थे। उन्होंने ईसा मसीह का विरोध करना शुरू कर दिया। इन्होंने लोगों को भाईचारे का संदेश दिया। लोगों को समझाया और बताया कि ईश्वर एक है। हम सब उसकी सन्तान हैं। हम सब यदि प्रेम से रहेंगे तो वह हम सब पर प्रसन्न होगा। मनुष्य की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है।

## क्रिसमस के मौके पर केक का अत्यधिक महत्व

बजरंगी कुमार

क्रिसमस अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सबसे ज्यादा मनाये जाने वाले त्योहारों में से एक है और यह आध्यात्मिक रूप से अधर्म का नाश करने तथा शान्ति और धर्म को स्थापित करने का महापर्व है। संपन्नता और खुशहाली की मंगल कामना इस त्योहार की सबसे बड़ी विशेषता है। हमारे देश में कई धर्मों को मानने वाले लोग हैं। इन सबके अपने कुछ पारंपरिक, ऐतिहासिक और धार्मिक मान्यतायें भी हैं। जिससे यहां वर्षभर किसी न किसी धर्म का कोई न कोई त्यौहार राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाया ही जाता रहता है। जिनके पीछे एक समृद्ध सांस्कृतिक महात्म होता है। भारतीय पर्वों के इसी क्रम का एक बड़ा धार्मिक और महत्वपूर्ण पर्व क्रिसमस है। क्रिसमस ईश्वरीय गुणों से युक्त यीशु के जन्म की खुशी में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। प्रभु ईसा ईसाइयों के भगवान है जिन्होंने ईसाई धर्म की शुरूआत की। क्रिसमस का त्यौहार दुनिया में सबसे ज्यादा मनाए जाने वाले त्यौहारों में से भी एक है। यह एक ऐसा दिन है जब पूरे विश्व में छुट्टी होती है। क्रिसमस से कुछ दिन पहले से चर्च अर्थात गिरजा घरों को खूब सजाया जाता है। क्रिसमस वाले दिन सब मिलजुल कर प्रभु ईसा की पूजा करते हैं। लोग इस दिन की पूरी रात को ढ़ोलक की मनोहारी थाप पर क्रिसमस के अद्भुत भजन व गीत गाते हैं। इस दिन कुछ लोग नकली सांताक्लाज बनते है और क्रिसमस के उपहार के रूप में खुशियां बाँटते हैं। क्रिसमस के दिनों में लोग उत्साह से भरे होते हैं और खुशी का माहौल बनाते हैं। अपने घरों में लोगों को भोज के लिए आंमत्रित करते है। जन्मदिन की तरह ही इस त्यौहार को भी उत्साह के साथ सेलिब्रेट करते है ।क्रिसमस के दिनों में परिवार के सभी सदस्य एकजुट होते हैं और साथ में खाने-पीने का आनंद लेते हैं। इस दिन ईसाई लोग अपने प्रभु ईशु के लिये प्रार्थना करते है, वो सभी भगवान के सामने अपनी गलतीयों और पाप को मिटाने के लिये उसे स्वीकार करते है। क्रिसमस भारत सहित दुनिया भर में मनाए जाने वाले बेहद महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। ये त्योहार हर साल ठंड के मौसम में आता है हालाँकि लोग इसे पूरी मस्ती, हर्षोल्लास और खुशी के साथ मनाते है ।इस उत्सव की तैयारी एक महीने पहले ही शुरू हो जाती है और क्रिसमस के 12 दिनों के बाद ये पर्व खत्म होता है। इस दिन ईसाई लोग अपने घर में तरह -तरह के केक बनाते है। इस दिन लोग क्रिसमस के पेड़ को सजाते हैं। अपने दोस्त, रिश्तेदार और पड़ोसियों के साथ खुशियां मनाते हैं और उपहार बांटते हैं। क्रिसमस के छुट्टी में पूरे दिन लोग नाचना, गाना, पार्टी मनाना और घर के बाहर डिनर करके खुशी मनाते हैं। घरों में सजावट की जाती है, अच्छे-अच्छे पकवान बनाये जाते है केक काटा जाता है। इस दिन केक, बिस्किट, और अन्य मिठाईयां शामिल होती हैं। प्रसाद पाकर बच्चे बहुत खुश होते हैं और इस दिन बहुत आनंद करते है।




संकलन : ओम प्रकाश प्रजापति

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### छग के सीएम विष्णु देव साय ने पीएम मोदी से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा भी थे। मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री द्वारा किए गए वादों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार के उठाए जा रहे कदमों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री से छत्तीसगढ़ के विकास, प्रगति और जनहित से जुड़ी विभिन्न जनकल्याण की योजनाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई एवं उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### छत्तीसगढ़ में नौ नए मंत्रियों ने ली शपथ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल का शुक्रवार को विस्तार हो गया। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन ने नौ मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल हरिचंदन ने बृजमोहन अग्रवाल, राम विचार नेताम, दयाल दास बघेल, केदार कश्यप, लखन लाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, ओ पी चैधरी, लक्ष्मी राजवाड़े और टंक राम वर्मा को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

### इजराइल ने लेबनान - गाजा में दागी मिसाइलें, कई आतंकवादी मारे गए

**तेल अवीव/गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी में छिड़े युद्ध के 78वें दिन शनिवार सुबह इजराइल की वायुसेना ने लेबनान में धावा बोला। इसके अलावा इजराइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने गाजा शहर और मध्य गाजा के कई स्थानों पर हमला किया। आईडीएफ ने गाजा में लड़ाई के दौरान फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास की लंबी सुरंग में छुपे आतंकवादियों को मार गिराया है। मारे गए आतंकवादियों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। आईडीएफ ने कहा है कि गाजा शहर में हमास मुख्यालय पर हमला कर आतंकवादियों को खत्म कर दिया गया है। पैराट्रूपर्स ब्रिगेड के सैनिकों को हमास के खिलाफ अभियान में यह कामयाबी मिली।

### ईडी ने तेजस्वी यादव को फिर भेजा समन, 5 जनवरी को बुलाया



**नई दिल्ली।** ईडी ने नौकरी के बदले जमीन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को फिर नया समन भेजा है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने तेजस्वी यादव को 5 जनवरी को दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि ईडी ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को पूछताछ के लिए फिर समन जारी किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने तेजस्वी को 5 जनवरी को नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले ईडी ने तेजस्वी को 22 दिसंबर और लालू प्रसाद यादव को 27 दिसंबर को पेश होने के लिए समन भेजा था।

# कैलिफोर्निया स्थित हिंदू मंदिर में तोड़फोड़

## मंदिर की दीवारों पर प्रधानमंत्री मोदी का अपमानजनक चित्र बनाया




**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में शुक्रवार को एक प्रमुख हिंदू मंदिर में खालिस्तान समर्थक तत्वों ने तोड़फोड़ की है। साथ ही बे एरिया के नेवार्क में श्री स्वामीनारायण मंदिर की दीवारों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाते हुए और खालिस्तान नेता जरनैल सिंह भिंडरावाले की प्रशंसा करते हुए स्प्रे पेंट बनाया गया है। मंदिर के एक सदस्य चिंतन पंड्या ने बताया कि पिछली रात जो कुछ भी हुआ, वह भारतीय समुदाय के खिलाफ बर्बरता और हिंसा है। उन्होंने कहा कि यह घटना चिंताजनक है, क्योंकि लगभग दो साल पहले खुलने के बाद से यह पहली बार है कि मंदिर में ऐसा कुछ हुआ है। पंड्या ने कहा, यह समुदाय के लिए सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि घटना पर चर्चा के लिए मंदिर के नेता एक विशेष बैठक करेंगे।

अमेरिका स्थित वकालत संगठन, गठबंधन ऑफ हिंदूज ऑफ नॉर्थ अमेरिका (सीओएचएनए) ने कहा कि क्षेत्र में बढ़ते हिंदूफोबिया को संबोधित करने के लिए एक संपूर्ण और तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। सीओएचएनए ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, धर्म की स्वतंत्रता का कोई मतलब नहीं है, जब लोगों के आस्था के केंद्रों पर हमले हों। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के सह-संस्थापक मिहिर मेघानी ने सीबीएस न्यूज से कहा, मुझे लगता है कि अधिकांश अमेरिकी, अधिकांश भारतीय, अधिकांश हिंदू इस कृत्य का नापसंद करते हैं।" मेघानी ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में भारतीय-अमेरिकी समुदाय बढ़ रहा है और ये राजनीतिक मुद्दे अब यहां विभाजन का हिस्सा बन रहे हैं। यह घटना अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा न्यूयॉर्क स्थित खालिस्तान नेता गुरपतवंत सिंह पन्नून को मारने की नाकाम साजिश में कथित संलिप्तता के लिए एक भारतीय नागरिक के खिलाफ अभियोग को खारिज करने के ठीक बाद हुई है।

# अलगाववादी ताकतों को नहीं मिले जगह

## राष्ट्रीय रक्षा विवि के तृतीय दीक्षांत समारोह में बोले एस जयशंकर



**एजेंसी। गांधीनगर**

अमेरिका में खालिस्तानी अलगाववादी ताकतों द्वारा एक मंदिर की दीवार पर आपत्तिजनक नारे लिखे जाने की घटना पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तीखी प्रतिक्रिया जताई है। उन्होंने कहा कि भारत के बाहर अलगाववादी ताकतों को जगह नहीं मिलनी चाहिए। हमारे दूतावास ने वहां की सरकार और पुलिस से इसकी शिकायत की है, जांच जारी है।

विदेश मंत्री शनिवार को गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। विदेश मंत्री ने कहा कि यह भारतीय कूटनीति की उपलब्धि रही है कि हम कई प्रतिस्पर्धी शक्तियों के साथ संबंध बनाने में सफल रहे हैं। चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भू-राजनीतिक विचार अक्सर विश्वसनीय भागीदारों की पहचान करने के इर्द-गिर्द घूमते हैं। उन्होंने कहा, 'यह भारतीय कूटनीति की महत्वपूर्ण उपलब्धि रही कि हम अक्सर प्रतिस्पर्धी शक्तियों के साथ संबंध बनाने में सफल रहे हैं।'

विदेश मंत्री ने आतंकवाद पर बात करते हुए कहा, 'आप लोग यह नहीं समझें कि आतंकवाद की शुरूआत अभी हुई है। यह हमारी आजादी के समय शुरू हुआ, जब पूरे पाकिस्तान से तथाकथित हमलावर यहां आ गए। इस देश में बहुत कुछ बदल गया है। मेरे लिए सबसे ज्यादा कोई चौंकाने और बदलाव लाने वाला समय है तो वो मुंबई का 26/11 हमला। कई लोग बहुत भ्रमित थे जब तक कि उन्होंने 26/11 के आतंकवाद की वास्तविक तस्वीरें नहीं देखी थीं।' उन्होंने कहा, 'अब हमें सबसे पहले इसका मुकाबला करने की आवश्यकता है। कुछ लोगों ने 26/11 के बाद भारत की दूसरा गाल आगे करने की प्रतिक्रिया की तारीफ की। जबकि मुझे नहीं लगता अब देश का यह मूड है। मुझे नहीं लगता कि इसका कोई मतलब है। मुझे नहीं लगता कि इसका रणनीतिक मतलब है। अगर कोई सीमा पार आतंकवाद का अभ्यास कर रहा है तो आपको जवाब देना चाहिए।'

## कर्नाटक में हिजाब बैन हटाने का आदेश नहीं दिया

# अपने बयान से पलटे सिद्धारमैया




**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक में हिजाब बैन को लेकर सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि अभी तक ऐसा नहीं किया है, हां विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, किसी ने मुझसे हिजाब पर प्रतिबंध हटाने को लेकर सवाल पूछा जिसके जवाब में मैंने उन्हें जवाब दिया कि सरकार इसे रद्द करने पर विचार कर रही है। मैसुरु में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम सिद्धारमैया ने कहा था कि सरकार राज्य में हिजाब पर लगे बैन को हटाने जा रही है, इसके लिए प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद बीजेपी ने सीएम पर धर्म का जहर बोने का आरोप लगाया था।

कर्नाटक में हिजाब बैन के दौरान चर्चा में आई छात्रा मुस्कान ने कहा कि हिजाब हमारा अधिकार है और हम सबको अब भाई-बहन की तरह रहने दें। शनिवार को मीडिया से बात करते हुए मुस्कान ने कहा कि हिजाब हमारी संस्कृति है। यह हमारा अधिकार है। मेरा मानना है कि हमें अधिकार मिलेगा। शिक्षा में कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए।

### सीएम ले सकते हैं फैसला : सुप्रिया सुले



सिद्धारमैया के बयान के बाद से देश भर में इसे लेकर राजनीति शुरू हो गई है। इसे लेकर कर्नाटक बीजेपी के अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने राज्य के मुख्यमंत्री पर धर्म के आधार पर बांटने का आरोप लगाया, इसपर एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने हिजाब विवाद पर कहा, यह कर्नाटक का आंतरिक मामला है, वहां के सीएम फैसला ले सकते हैं। राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने पर लगे प्रतिबंध को वापस लेने के मामले पर कर्नाटक बीजेपी अध्यक्ष ने कहा, सत्तारूढ़ कांग्रेस फूट डालो और शासन करो वाली ब्रिटिश सरकार की नीति को आगे बढ़ा रही है। राज्य सरकार को कम से कम बच्चों को अपनी गंदी राजनीति से बचाना चाहिए था।

### बीजेपी ने सीएम सिद्धारमैया पर साधा निशाना

उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ कांग्रेस हिजाब पर प्रतिबंध हटाना चाहती है, वहीं दूसरी ओर परीक्षा देने गईं हिंदू महिलाओं को उनके मंगल सूत्र और पैर की अंगूठियों को उतारने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी अल्पसंख्यकों की स्थिति को ऊपर उठाने की कोशिश नहीं की।

### चीनी वीजा मामले में ईडी के सामने पेश हुए कार्ति चिदंबरम



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम 2011 में 263 चीनी नागरिकों को वीजा जारी करने में कथित अनियमितताओं की मनी लॉन्ड्रिंग जांच के संबंध में पूछताछ के लिए शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। तमिलनाडु के शिवगंगा से लोकसभा सांसद कार्ति दोपहर करीब 12 बजे यहां मुख्यालय में ईडी के सामने पेश हुए। इससे पहले वह ईडी के दो समन में शामिल नहीं हुए थे। 2022 में दर्ज मामले में आरोप लगाया गया है कि वेदांत समूह की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल), जो पंजाब में एक बिजली संयंत्र स्थापित कर रही थी, के एक शीर्ष कार्यकारी द्वारा कार्ति और उनके करीबी सहयोगी एस भास्कररमन को रिश्वत के रूप में 50 लाख रुपये का भुगतान किया गया था।

# अखनूर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक घुसपैठिया ढेर



**एजेंसी। जम्मू**

अखनूर के खौर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा कर रहे सुरक्षाबलों ने शनिवार को घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए एक घुसपैठिए को मार गिराया है। सैन्य अधिकारियों ने बताया कि शनिवार सुबह भारी हथियारों से लैस चार घुसपैठियों के समूह को अखनूर के खौर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार से इस ओर घुसने का प्रयास करते हुए देखा गया। सुरक्षाबलों की वापस लौटने की चेतावनी के बावजूद घुसपैठिये नहीं माने और भारतीय सीमा में घुसने लगे। इसके बाद सुरक्षाबलों की गोलीबारी में एक घुसपैठिया मारा गया।

### पुंछ -राजौरी जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवा निलंबित

**पुंछ।** पुंछ-राजौरी जिलों में तलाशी अभियान के दौरान शनिवार कि सुबह मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गईं। सुरक्षाबलों ने पुंछ में 21 दिसंबर को सेना के दो वाहनों पर घात लगा कर हमला कर चार जवानों की जान लेने वाले आतंकवादियों की धरपकड़ के लिए व्यापक तलाशी अभियान चला रखा है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक अफवाह फैलाने वालों और शरारती तत्वों को कानून-व्यवस्था संबंधी समस्या पैदा करने से रोकने के लिए एहतियात के तौर पर पुंछ और राजौरी जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को निलंबित कर दिया गया है।

## भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक का दूसरा दिन

# पार्टी का वोट प्रतिशत 51 करें : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली।**

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की रणनीति को लेकर शुक्रवार से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय के विस्तार भवन में राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक चल रही है। दो दिवसीय बैठक की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की थी और शनिवार को दूसरे दिन पदाधिकारियों को अमित शाह संबोधित करेंगे। शुक्रवार को बंद कमरे में चली बैठक में सभी महासचिवों के साथ भाजपा के सभी मोर्चा पदाधिकारी भी मौजूद थे। शुक्रवार को जेपी नड्डा ने भी एक्स पर संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्ग दर्शन में भाजपा देश के मुख्य स्तंभ युवा, महिला, किसान और गरीब को सशक्त बनाकर विकसित भारत के निर्माण के पथ पर अग्रसर है। सूत्रों के अनुसार शनिवार को सभी पदाधिकारियों को चुनावी रणनीति और जीत का मंत्र दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने पदाधिकारियों से देश भर में भाजपा का वोट प्रतिशत 51 प्रतिशत तक बढ़ाने पर जोर देते हुए जन कल्याण की केन्द्र सरकार की योजना को जन-जन पहुंचाने पर तेजी से काम करने को कहा है। इसके साथ प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बताए गए चार जातियों में महिला, गरीब, युवा और किसानों पर विशेष रूप से फोकस करने को कहा गया है। इसकी तस्दीक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी की है।

# राष्ट्रपति ने किया पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज का निरीक्षण



**एजेंसी। जोधपुर**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को जैसलमेर के दौरे पर रहीं। यहां पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में सेना के जवानों से रूबरू होने के बाद उन्होंने जैसलमेर के पूनम सिंह स्टेडियम में पहुंच कर लखपति दीदी कार्यक्रम में शिरकत की। हजारों स्वावलंबी महिलाओं को एक साथ देखकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जहां खुशी से लबरेज नजर आईं, वहीं कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं के चेहरे पर भी खुशी देखी गई। इस दौरान राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व कृषि मंत्री कैलाश चौधरी भी मौजूद रहे।

जैसलमेर में राष्ट्रपति मुर्मू 'लखपति दीदी सम्मेलन' में शिरकत करने के साथ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बैंक की ओर से 100 करोड़ रुपये का ऋण, 40 करोड़ की आजीविका संवर्धन सहायता और राजस्थान महिला निधि ऋण के 10 करोड़ की राशि के चेक वितरित किए। राष्ट्रपति ने महिलाओं द्वारा लगाई गई स्टॉल्स की भी जानकारी ली।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति मूर्मू शनिवार की अपने एक दिवसीय दौरे पर जैसलमेर पहुंचीं। यहां पहुंचने पर राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनकी अगवानी की। इस मौके पर विधायक प्रताप पुरी और छोटू सिंह भी मौजूद रहे।

अपने एक दिवसीय दौरे में उन्होंने पोकरण आर्मी रेंज के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सेना के जवानों और अधिकारियों से फीडबैक लेने के साथ ही हर परिस्थितियों में सीमा की रक्षा के लिए मुस्तैद रहने वाले सेना के जवानों का हौसला भी बढ़ाया।

## गणतंत्र दिवस समारोह — मुख्य अतिथि होंगे फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों

# भारत-फ्रांस लोकतांत्रिक मूल्यों का जश्न मनाएंगे



**एजेंसी। नई दिल्ली**

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों इस साल 26 जनवरी को भारत के गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आमंत्रण पर 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि इस महान अवसर भारत-फ्रांस लोकतांत्रिक मूल्यों का जश्न मनाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रतीक्षारत इन पलों के लिए करीब नौ घंटे पहले एक्स हैंडल पर अपनी उत्सुकता और खुशी साझा की है। उन्होंने लिखा है- 'मैं अपने मित्र फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का 75वें गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। इस दिन भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों में साझा विश्वास का जश्न भी मनाएंगे।' इससे कुछ घंटे पहले फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने एक्स हैंडल पर आमंत्रण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने लिखा-' मित्र नरेन्द्र मोदी निमंत्रण के लिए धन्यवाद। मैं भारत के गणतंत्र दिवस समारोह पर जश्न मनाने के लिए समारोह में आपके साथ रहूंगा।' भारत के विदेश मंत्रालय के अनुसार, रणनीतिक साझेदार के रूप में भारत और फ्रांस कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर उच्च स्तर की समानता साझा करते हैं। इस वर्ष भारत-फ्रांस अपनी रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ (सिल्वर जुबली) मना रहे हैं।


उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी 14 जुलाई को पेरिस में आयोजित बैस्टिल डे परेड में सम्मानित अतिथि थे। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों 8 और 9 सितंबर को जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत के दौरे पर आए थे। खास बात यह है कि भारत अपने गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए हर साल वैश्विक नेताओं को आमंत्रित करता है। कोविड-19 महामारी के मद्देनजर 2021 और 2022 में इस समारोह में किसी को भी मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित नहीं किया गया। राष्ट्रपति मैक्रों गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले छठे फ्रांसीसी नेता होंगे। वर्ष 2023 के गणतंत्र दिवस समारोह में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी मुख्य अतिथि थे। वर्ष 2020 में ब्राजील के तत्कालीन राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे।

### पीएम ने जुआरी ब्रिज के पूरी तरह चालू होने पर गोवावासियों को बधाई दी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने गोवा में जुआरी नदी पर बने देश के दूसरे सबसे लंबे केबल ब्रिज के शनिवार को पूरी तरह चालू होने के अवसर पर राज्य के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पुल कनेक्टिविटी में सुधार से पर्यटन और वाणिज्य को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में लिखा, जुआरी ब्रिज के पूरी तरह चालू होने पर गोवा के लोगों को बधाई। यह प्रमुख परियोजना उत्तरी और दक्षिणी गोवा के बीच कनेक्टिविटी में सुधार करेगी जिससे आने वाले समय में पर्यटन और वाणिज्य को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को जुआरी नदी पर केबल आधारित पुल की दूसरी लेन का उद्घाटन किया था। नये जुआरी पुल से उत्तर और दक्षिण गोवा, डाबोलिम और मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच यात्रा का समय कम हो जाएगा।

## फिल्म जगत

### 'बिग बॉस 17': मुनव्वर फारुकी व मन्नारा के रिश्ते में आई खटास



'**बिग बॉस 17**' के नवीनतम एपिसोड में मन्नारा चोपड़ा और मुनव्वर फारुकी के बीच अनबन दिख रही है। शो में दोनों एक-दूसरे से नाराज दिखाई दिए। चैनल द्वारा साझा किए गए प्रोमो में मन्नारा कप्तानी कार्य के बाद मुनव्वर से नाराज दिख रही हैं, जहां उन्होंने मुनव्वर को 'पाखंडी' कहा। दोनों को गार्डन एरिया में बैठे देखा गया, जहां मन्नारा को मुनव्वर से कहते देखा गया कि वह सिर्फ अपने लिए स्टैंड ले रही थी और इसलिए उन्होंने कप्तानी के लिए अपना नाम दिया। मन्नारा को मुनव्वर से कहते हुए सुना गया, मैं पाखंडी नहीं हूं, हो सकता है आप हों। आपने जो शब्द इस्तेमाल किया, वह मुझे पसंद नहीं आया। कप्तानी भाड़ में जाए।" उन्होंने फिर माफी मांगी। फिर उन्हें मुनव्वर को दूरी बनाए रखने के बारे में बताते हुए देखा गया और नई वाइल्ड कार्ड एंट्री आयशा खान की ओर इशारा करते हुए उसे अपने नए दोस्तों के पास जाने के लिए कहा।

## एक नजर

### झारखंड कांग्रेस के नए प्रभारी बने जीए मीर



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय का कद बढ़ गया है। उन्हें प्रियंका गांधी वाड्रा की जगह उत्तर प्रदेश कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया है। अविनाश पांडेय की जगह जीए मीर को झारखंड कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किया गया है। मीर को पश्चिम बंगाल का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।

### हरमू में ताला तोड़कर सामान ले भागे चोर

**रांची।** रांची के हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित मकान का ताला तोड़कर चोरों ने टीवी समेत कई सामान लेकर फरार हो गए। घटना 18 दिसंबर की है। इस संबंध में डॉ अमिता नारायण ने अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। डॉ अमिता ने बताया कि वह पटना में रहती है। उनकी मां राजकुमारी यादव हरमू हाउसिंग कॉलोनी में रहती है। 14 नवंबर को उनकी मां अपनी पुत्र की घर दिल्ली चली गई। एक महीने से घर बंद था। उन्हें दुकानदार से यह सूचना मिली कि उनके मकान में चोरी हुई। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में अजय जैन गंगवाल द्वारा अपने पिता स्व. कन्हैयालाल जैन गंगवाल की स्मृति में कंबल का वितरण किया गया। कंबल का वितरण प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के हाथों गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बीच किया गया। इस मौके पर अमूल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, सूर्यकांत शुक्ला, अजय सिंह, छोटू सिंह, नरेन्द्र लाल गोपी, अजय चौधरी, रामानंद केशरी मौजूद थे। अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस का हाथ गरीबों के साथ हमेशा रहा है। महागठबंधन सरकार भी आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राज्य के गरीब जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटती रही है। कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने भी ठंड को देखते हुए लोगों के बीच कंबल बांटते रहे हैं।

### ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**रांची।** रांची के कोकर गढ़हाटोली पुल के पास ट्रक ने एक युवक को धक्का मार दिया। इस घटना युवक की मौत हो गयी। घटना शुक्रवार की है। मृतक का नाम शंभू कुमार है और वह बरियातू जोड़ा तालाब इंद्रप्रस्त कॉलोनी का रहने वाला था। इस संबंध में अंजला देवी के बयान पर ट्रक संख्या जेएच01एफडी-6464 व उसके चालक के खिलाफ सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### जस्टिस की गाड़ी में नशे में धुत युवक ने मारा धक्का, गिरफ्तार

**रांची।** धुर्वा थाने की पुलिस ने जस्टिस आनंद सेन की गाड़ी में धक्का मारने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम दिनेश कुमार राम है और वह रामगढ़ के बरकाकाना का रहने वाला है। इस मामले में एएसआई मिथिलेश कुमार ने धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### कोहली उर्फ रकीबुल व उसकी मां ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न व दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में सजायाफ्ता रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल एवं उसकी मां कौशल रानी ने सीबीआई कोर्ट द्वारा सुनाए गए सजा को अपील दायर कर चुनौती दी है। सीबीआई कोर्ट ने रंजीत कोहली को अंतिम सांस तक जेल में रहने की सजा दी थी। साथ ही उसकी मां कौशल रानी को 10 साल की सजा सुनाई थी। सीबीआई की के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया था। सजा के खिलाफ अपील में रंजीत कोहली की ओर से कहा गया है कि वह शादीशुदा था। ऐसे में उस पर आईपीसी की धारा 376 (2एन) नहीं लग सकता है।

## मुख्यमंत्री की पत्नी ने स्वजनों के साथ उठाया पेरवाघाघ जलप्रपात का लुत्फ

# 'बहुत ही मनोहारी है पेरवाघाघ, अद्भुत है प्राकृतिक सुंदरता'



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के स्वजनों ने शनिवार को प्रसिद्ध पेरवाघाघ में नौका विहार कर यहां के मनोरम प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाया। पेरवांघाघ जल प्रपात के सौंदर्य और प्राकृतिक छटा को देखकर मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाना है, तो लोग यहां जरूर आयें। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों तथा दोस्तों के साथ पेरवाघाघ में नौका विहार करना अनोखा अनुभव रहा। कल्पना सोरेन ने कहा कि बहुत दिनों से पेरवाघाघ की मनोरम सुंदरता के बारे में सुनती आ रही थी, आज इसे देखने का मौका मिला। पढ़ाई के बाद छुट्टियों में बच्चों के साथ सुनहरे वातावरण में समय बिताना अच्छा लगा। शहर से दूर वादियों के बीच पेरवाघाघ जलप्रपात एक बहुत ही सुंदर नजारा है। खूबसूरत वादियों, घने जंगलों और पहाड़ों के बीच स्थित यह पिकनिक स्थल एक आकर्षक आकृति के साथ मनोरम दृश्य बनाती है। छोटी-बड़ी चट्टानों के बीच से होकर दूर तक बहता पानी यहां आए सैलानियों का मन मोह लेता है। लोग अपने घर से कहीं दूर जाकर प्राकृतिक सुंदरता और मनोरम दृश्य के बीच पिकनिक का आनंद लेना अधिक पसंद करते हैं। ऐसे ही पिकनिक स्थलों में से एक है पेरवाघाघ। पेरवाघाघ को अच्छा से विकसित करने की बात मुख्यमंत्री से करेंगी। वहीं मुख्यमंत्री के स्वजनों के कार्यक्रम को लेकर यहां 30 नये लाइफ जैकेट लाये गये थे। पेरवाघाघ में सुबह से नौका विहार और आसपास के इलाकों में सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। उस जगह पर खास साफ सफाई भी की गई थी। सभी मार्गों पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस जवान तैनात थे।

## हेमंत सरकार 29 दिसंबर को पूरा करेगी चार साल

# भव्य समारोह की तैयारियां तेज





### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की जनता को देंगे कई सौगात

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हेमंत सरकार अपने कार्यकाल के चार वर्ष 29 दिसंबर को पूरा कर रही है। इस मौके पर राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए राज्य सरकार के आला अधिकारी जुट गए हैं। मुख्य सचिव एल खियांग्ते के निर्देश पर कार्यक्रम की सफलता के लिए भू-राजस्व सचिव अमिताभ कौशल, महिला बाल विकास विभाग के सचिव कृपानंद झा और पीआरडी के निदेशक राजीव लोचन बक्शी को अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण का जहां समापन होगा, वहीं अबुआ आवास योजना के लिए प्राप्त आवेदन के तहत आवास स्वीकृत किया जाएगा। अपने कार्यकाल के चार वर्ष पूरे करने के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा राज्य की जनता को कई सौगात देने की तैयारी की गई है। जानकारी के मुताबिक नई दिल्ली स्थित नवनिर्मित झारखंड भवन का जहां उद्घाटन होगा, वहीं करीब 10 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपा जाएगा। इसके अलावा सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य बनाने में जुटे रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, किशोरी समृद्धि योजना, फुलो झानो आशीर्वाद अभियान, सर्वजन पेंशन योजना जैसी सरकार की कल्याणकारी योजना के तहत लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरित करने की तैयारी की जा रही है। सरकार के चार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में सत्ता पक्ष की ओर से रिपोर्ट कार्ड जारी करने की तैयारी की जा रही है। सत्तारुढ़ दल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सरकार के कामकाज को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि कल्याणकारी योजनाओं के जरिए हेमंत सरकार ने जनता को सीधे लाभ देने का काम किया है।

प्रमुख विपक्षी दल भाजपा हेमंत सरकार के कामकाज पर आरोप पत्र लाने की तैयारी में है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने सरकार के कामकाज की आलोचना करते हुए कहा है कि विपक्ष लगातार सरकार पर हमलावर रही है और चार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भी पार्टी ने आरोप पत्र जारी करने का निर्णय लिया है।



### जनता के लिए बोझ है सोरेन सरकार : मरांडी



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार राज्य में जनता के लिए बोझ बनकर रह गई है और जनता इससे मुक्ति पाने के लिए समय का इंतजार कर रही है। भाजपा विधायक अमित मंडल ने हेमंत सोरेन सरकार के चार साल के कामकाज को फ्लॉप शो बताते हुए कहा कि भाजपा आरोप पत्र लाने की तैयारी में है। 29 दिसंबर के मौके पर पार्टी सरकार की विफलता को गिनाने का काम करेगी। अमित मंडल ने कहा कि सरकार ने जनता का विश्वास खो दिया है, जिस भरोसे से पांच लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया गया था उसे पूरा करने के बजाय सरकार ने जनता को धोखा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इन दिनों आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिलों का दौरा कर रहे हैं, जहां उन्हें वास्तविक स्थिति का पता चल रहा है। गोड्डा दौरे के क्रम में मुख्यमंत्री जब लोगों से योजना के लाभ के बारे में पूछा तो उन्हें वास्तविक स्थिति का पता चल गया। अबुआ आवास योजना इस सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है लेकिन यह कैसे सीमित समय में कैसे पूरा होगा, यह अनुमान लगाया जा सकता है।

### सरकार के 4 साल को सत्ता पक्ष ने उपलब्धियों भरा और विपक्ष ने हर मोर्चे पर नाकाम बताया

**राज्य** सरकार 29 दिसंबर को चार साल पूरा करने जा रही है। सत्ता पक्ष जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही सरकार के चार साल को उपलब्धियों भरा बता रहे हैं, वहीं विपक्ष हर मोर्चे पर नाकाम बता रही है। भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था और रोजगार जैसे तीन ऐसे मुद्दे रहे जो विगत चार सालों में सबसे ज्यादा सुर्खियों में रहे। अवैध खनन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के गिरफ्तार होने के बाद विपक्ष और भी हमलावर होता रहा। ईडी की लगातार छह नोटिस के बाद भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं होने पर भाजपा सवाल खड़ी करती रही। हालांकि, सत्तापक्ष, विपक्ष के हमले को नाकाम करने में अब तक सफल रहा है। इस संबंध में सत्ता और विपक्ष के नेताओं से बातचीत की गई। राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि विगत चार सालों में दो साल कोरोना की वजह से कामकाज प्रभावित रहा। शेष बचे दो सालों में जिस तरह से काम हुआ उससे विपक्ष के अंदर बेचैनी है। कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ हो या रांची शहर में फ्लाईओवर जैसी सुविधा। ये सभी उपलब्धि हेमंत सरकार की है। 23 वर्षों में 18 साल भाजपा ने यहां शासन चलाया लेकिन राज्य का विकास कितना हो पाया यह सब जानते हैं। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि चार साल बेमिसाल रहा है। इसे ऐतिहासिक बताते हुए अपनी उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि राज्य हित में कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए। विपक्ष होने के नाते ऐतिहासिक कार्यकाल भी उन्हें विफलता दिख रहा है।

# शातिर चोर गिरोह का भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने एक बड़े शातिर चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस की टीम ने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इसमें चोर के साथ चोरी का सामान खरीदने वाला दुकानदार भी शामिल है। पकड़े गए आरोपियों में हिंदपीढ़ी के मो फैजान आलम, गुमला के मो साद, मोहित कुमार राम, पंकज इंदुआर और खरीदार शेख अनवर शामिल है। इन आरोपियों के पास से पुलिस ने आई 20 कार, लैपटॉप, बाइक, दो लाख रुपए के अलावा सोने व चांदी के जेवरात बरामद किया है। आरोपियों में पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली है कि चोरी के सामानों की बिक्री करने के बाद उससे मिली राशि से चोरों ने कार व लैपटॉप खरीद लिया था। मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि पिठोरिया थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की वारदातें हो रही थी। एसएसपी के निर्देश पर पश्चिमी अंचल सदर के इंस्पेक्टर राज कुमार यादव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। गठित टीम ने छापेमारी कर आरोपियों को दबोच लिया। इन आरोपियों ने अनगड़ा, एयरपोर्ट, जगन्नाथपुर, बीआईटी मेसरा और लोअर बाजार थाना क्षेत्र में कई वारदातों को अंजाम दे चुका है।

## कोर्ट की खबरें

### पूर्व आईपीएस अरुण उरांव ने दायर की जनहित याचिका



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में भाजपा के राष्ट्रीय नेता और पूर्व आईपीएस अरुण उरांव ने शनिवार को जनहित याचिका दाखिल की है। उन्होंने अधिवक्ता अभय मिश्रा के माध्यम से हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि झारखंड में पिछले कुछ समय से केंद्रीय एजेंसी ईडी ने कई बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में मनी लॉन्ड्रिंग के कई मामले सामने आए हैं। जनहित याचिका में कहा गया है कि ईडी ने अपनी जांच के दौरान राज्य सरकार के कई अफसरों के ऊपर कार्रवाई की भी अनुशंसा की लेकिन सरकार की ओर से कोई कठोर कार्रवाई नहीं की गई। इसलिए मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपितों के खिलाफ राज्य सरकार को भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाना चाहिए।

### शराब घोटाला मामले में ईडी के चार्जशीट पर कोर्ट ने लिया संज्ञान





**रांची।** झारखंड शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शनिवार को सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया। अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि आठ जनवरी, 2024 निर्धारित की है। रांची ईडी की टीम ने 16 दिसंबर को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें ईडी ने शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के अलावा शराब का टेंडर मैनेज कर अवैध कमाई करने वाले लोगों की भी जानकारी दी है। साथ ही किस-किस को कितना हिस्सा मिलता था और किसकी क्या भूमिका थी, यह भी जानकारी भी दी थी। इसमें शराब के कारोबार करने वाली 10 कंपनियों का भी नाम का उल्लेख किया गया है।

### साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग मामले में एफएसएल ने दी जानकारी

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपित कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील मामले में विधि विज्ञान निदेशालय एवं प्रयोगशाला, रांची ने हाईकोर्ट में जवाब दाखिल किया है। यह रिपोर्ट विधि विज्ञान निदेशालय के डिप्टी डायरेक्टर बृज कुमार ठाकुर ने दायर किया है। उन्होंने बताया है कि कोर्ट ने आठ नवंबर को विधि विज्ञान निदेशालय से बरामद बच्चे एवं उसके पिता की डीएनए रिपोर्ट मांगी थी। डीएनए रिपोर्ट में बरामद बच्चे और उसके तथा पिता की डीएनए मैच नहीं हुआ है, जिससे यह निष्कर्ष निकलता है कि बरामद लड़का पीड़ित पिता का बायोलॉजिकल पुत्र नहीं है। पिछली सुनवाई में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम ने हाई कोर्ट में शपथ पत्र दाखिल कर डीएनए टेस्ट को एक जटिल प्रक्रिया बताते हुए कोर्ट से समय की मांग की थी। मामले की सुनवाई जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ कर रही है। खंडपीठ ने पिछले सुनवाई में दो गुमशुदा बच्चों में से बरामद किए गए एक बच्चे के डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट डायरेक्टर फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी रांची मांगी थी।

## पृष्ठ एक के शेष

**पलामू प्रमंडल के श्रीबंशीधर नगर में...**
1778 में गद्दी संभाली थी। वे जन्माष्टमी का व्रत धारण किये हुये थीं। इसी दौरान निर्जला व्रत के कारण वे अचेत हो गयीं। इसी क्रम में उन्हें मोहन ने दर्शन दिया और सीमावर्ती उप्र के महुअरिया वन रेंज के शिवपहरी पहाड़ी पर दबे होने की बात बताते हुये उन्हें अपने राज्य में स्थापित करने का निर्देश दिया। इससे भावविह्वल रानी तत्काल उठ खड़ी हुईं। लावलश्कर के साथ वे स्वप्न में दिखे स्थल पर पहुंचकर खुदाई प्रारंभ कराईं। कुछ समय बाद श्रीकृष्ण की मूर्ति बाहर निकल आई। वहां से कई हाथियों के माध्यम से उसे नगर लाया गया। रानी मूर्ति को किले के अंदर ले जाना चाहती थीं, किंतु अंतिम चरण वाला हाथी प्रवेश द्वार के बाहर ही बैठ गया। किसी जतन से भी हाथी के वहां से न उठने पर प्रतिमा को वहीं स्थापित करने का निर्णय लिया गया। बाद में रानी शिवमणि द्वारा काशी से राधा रानी की अष्टधातु की प्रतिमा मंगवाकर श्रीकृष्ण के साथ स्थापित किया गया।

**यह गाजर-मूली की सरकार नहीं... अधिकारियों को योजनाओं की गठरी के साथ गांवों में भेजा है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अधिकारियों को योजनाओं की गठरी के साथ हर गांव में भेजा है। यही वजह है कि सभी को योजनाओं का लाभ उनके घर पर मिल रहा है। झारखंड गरीब प्रदेश है और यहां की जनता योजनाओं को लेकर उतनी जागरूक नहीं है। लेकिन जब अधिकारी खुद उनके घर पहुंच रहे हैं तो ग्रामीणों को भी हर चीज की जानकारी हो रही है। कार्यक्रम में बिरसा सिंचाई योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, जाति प्रमाण पत्र, साइकिल डीबीटी, मनरेगा, वन पट्टा से जुड़े मामले, आयुष्मान कार्ड, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, धोती साड़ी लूंगी वितरण, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लाभुकों को सौगात मिली।

**652 करोड़ की योजनाओं का...**
की लागत से बनने वाले 172 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके अलावा अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, राशन कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ जनता को दिया।

**पूर्व पंसस पति की गोली...**
युवक विजय उरांव के किराने की दुकान में पहुंचे। उस वक्त पूर्व पंचायत समिति सदस्य स्वयं दुकान में उपस्थित थीं और दोनों हत्यारों द्वारा खरीदे गए सामानों और पेट्रोल के पैसे का हिसाब कर रही थी। इसी दौरान उनके सामने ही दोनों हत्यारों ने हत्याकांड को अंजाम दिया। इस दौरान मंझला बेटा भी दुकान में ही उपस्थित था। हालांकि दोनों हत्यारों ने बेटे को दुकान से हटाने के उद्देश्य से विजय उरांव से पेचकश की मांग की। विजय उरांव ने अपने बेटे को पेचकश लाने के लिए जैसे ही भेजा दोनों हत्यारे दुकान से जाने का नाटक करते हुए एकाएक विजय उरांव को पीछे से उनकी पीठ में गोली मारकर घटनास्थल से भागने में सफल रहे। उक्त सनसनीखेज हत्याकांड से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिवार, परिजन और ग्रामीणों के सहयोग से विजय उरांव को आनन-फानन में इलाज के लिये भरनो उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि विजय उरांव की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी, जिसकी पुष्टि पुलिस कप्तान हरविंदर सिंह ने भी की है। भरनो प्रखंड वासियों ने विजय उरांव हत्याकांड के विरोध में और हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने को लेकर नेशनल हाईवे 23 को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी पीड़ित परिवार के एक सदस्य को नौकरी और 50 लख रुपये मुआवजे की मांग कर रहे थे। पुलिस के काफी अथक प्रयास से दो घंटे बाद नेशनल हाईवे 23 से जाम हटाया गया। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया। शनिवार को पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने शव को उसके परिजनों को सौंप दिया है।

**पलामू सांसद ने की पलामू व गढ़वा...**
हैं और उनके समक्ष बेरोजगारी एवं भूखमरी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। खाद का कारखाना स्थापित होने से यहां के मजदूरों को रोजगार का अवसर मिलेगा। इससे यहां के युवाओं का पलायन भी रुकेगा। यह जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी है।

**तेजस्वी को मिली आस्ट्रेलिया और...**
कोर्ट को बताएंगे। कोर्ट ने कहा कि विदेश दौरे के दौरान तेजस्वी यादव सबूतों और गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे। तेजस्वी यादव ने एशियन डेवलमेंट बैंक और बिहार सरकार के साझा प्रोजेक्ट 6 लेन गंगा ब्रिज प्रोजेक्ट के संबंध में विदेश यात्रा पर जाने की इजाजत मांगी थी।

**पद्म पुरस्कार लौटाये नहीं जा...**
पुरस्कार या भारत रत्न दिया जाता है उन्हें इस बारे में जानकारी दी जाती है लेकिन कुछ लोग अपने नाम से पहले या नाम के बाद में पुरस्कार का नाम लगाना बेहद गौरव की बात समझते हैं। ऐसा करने पर पुरस्कार वापस लिया जा सकता है। आम आदमी या फिर इन पुरस्कारों के विजेताओं के मन में सवाल जरूर उत्पन्न होगा कि यह तो उन्हें सरकार द्वारा उपाधि दी गई है। उनके सम्मान में यह पुरस्कार उन्हें दिया गया है। तो ऐसे में क्यों ना वह उसे पुरस्कार का नाम अपने नाम के आगे पीछे लगाएं? यह सिर्फ सम्मान है जो सरकार देती है और सम्मान में उपाधि में अंतर होता है। किसी व्यक्ति ने अगर पीएचडी की तो डॉ या भारतीय सेना में अधिकारियों की रैंक को संबोधित किया जाता है उन्होंने यह अर्जित की होती है। सर्वोच्च न्यायालय ने 15 दिसंबर 1995 के अपने फैसले में अन्य बातों के साथ-साथ यह निर्देश दिया कि भारत रत्न पद्म विभूषण पद्म भूषण और पद्मश्री जैसे राष्ट्रीय पुरस्कारों का उपसर्ग या प्रत्यय के रूप में उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। यदि ऐसा होता है तो नियमों के तहत पुरस्कार प्राप्त करने वाले व्यक्ति से पुरस्कार जब्त कर लेना चाहिए। 'राष्ट्रपति द्वारा जब यह पुरस्कार दिया जाता है तो हर पुरस्कार विजेता को सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बारे में बताया जाता है और साथ ही उन्हें सलाह दी जाती है कि वह अपने नाम के आगे या पीछे पुरस्कार का नाम ना लगाएं। कुछ वर्षों में अवॉर्ड वापसी का चलन काफी तेज हुआ है। इस पर लगाम लगाने के लिए पार्लियामेंट्री कमेटी ने अंडरटेकिंग फॉर्म भरवाने की सिफारिश की है कि वे भविष्य में अपना अवॉर्ड नहीं लौटाएंगे।कमेटी ने अवॉर्ड वापसी के मुद्दे को देश का अपमान बताया है। उसने कहा कि इससे पुरस्कारों की साख पर असर पड़ रहा है। इसका राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए।

**चंद्रयान 3 की लैंडिंग के चार...**
बढ़ाने एवं आकाशीय रहस्यों को समझने में योगदान देने में इसरो के अदम्य जज्बे" की सम्मान प्रदान करता है। इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने इस पुरस्कार के लिए चुने जाने पर धन्यवाद देते हुए एक वीडियो संदेश भेजा और भारत की अंतरिक्ष एजेंसी की ओर से राजदूत बी श्याम ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। 'लीफ एरिक्सन पुरस्कार' एक्सप्लोरेशन म्यूजियम द्वारा 2015 से दिया जाने वाला एक वार्षिक सम्मान है।

इसका नाम खोजकर्ता लीफ एरिक्सन के नाम पर रखा गया है जिन्हें क्रिस्टोफर कोलंबस की यात्रा से लगभग चार शताब्दी पहले महाद्वीपीय अमेरिका पर पैर रखने वाला पहला यूरोपीय माना जाता है। चंद्रयान-3 चंद्रमा पर भारत का तीसरा मिशन था और यह चंद्रमा की सतह पर 'सॉफ्ट-लैंडिंग' करने का उसका दूसरा प्रयास था। इसरो 'विक्रम' लैंडर को चंद्रमा की सतह पर पहुंचाने और रोबोटिक रोवर 'प्रज्ञान' को उतारने में कामयाब रहा।

### राष्ट्रीय किसान दिवस पर बोले क्रेंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा

**सरायकेला :** जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री सह कृषि व कृषक कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा शनिवार को जमशेदपुर से ओड़िशा के क्योंझर जाने के दौरान रास्ते में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। खूंटपानी के पांड्राशाली चौक पर किसानों को राष्ट्रीय किसान दिवस की बधाई देते हुए उनके साथ संवाद भी किया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हमारे अन्नदाता किसान भाईयों को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृतसंकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि आगामी एक जनवरी को खरसावां के गोंदपुर में किसान मेला का आयोजन होगा। इस किसान मेला से किसानों को लाभ मिलेगा।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
**(चोरी गयी मोटर साईकिल सुपर स्पलेण्डर)**

गढ़वा थाना कांड सं0–595/2023 दिनांक–14.12.2023 धारा–379 भा0द0वि0 के कांड में चोरी गयी मोटर साईकिल सुपर स्पलेण्डर जिसका रजि0 न0–JH14E-9356, इंजन नं0–JA05ECG9L08179 एवं चेचिस नं0– MBLJA05EWG9L22593 को दिनांक–13.12.23 को श्री सदगुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविधालय कैम्पस से अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 314252Police(23-24)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**
**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/F,-15/2023-24 पत्रांक – 965 गढ़वा/दिनांक – 23.12.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कुड़ेश नाला पर चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड– धुरकी, जिला– गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 60,86,100/– |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 02.01.2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.01.2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 16.01.2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 17.01.2024 (05:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidgarh-eemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोट:– केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 314210 Minor Irrigation(23-24)D

# हार्दिक के खेलने पर संशय, चोटिल सूर्या अफगान सीरीज से हो सकते हैं बाहर

**एजेंसी। मुंबई**

अफगानिस्तान के खिलाफ 11 जनवरी से टी-20 की घरेलू सीरीज शुरू हो रही है। इसमें चोटिल सूर्य कुमार यादव नहीं खेलेंगे। सूर्या कुमार साउथ अफ्रीका दौरे पर टखने में चोट लग गई थी। अब न्यूज एजेंसी के मुताबिक, अफगानिस्तान सीरीज में उनके चोट से उबरने भी संभावना कम है। सूर्य कुमार बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट अकादमी में रिहैब कर रहे हैं। वहीं वर्ल्ड कप में चोटिल होकर बाहर हुए हार्दिक के खेलने पर भी संशय है और ईशान किशन सिलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।



## हार्दिक पंड्या के खेलने पर भी संशय




हार्दिक वनडे वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ मैच बांग्लादेश के खिलाफ 19 अक्टूबर को पुणे में खेले गए मैच में चोटिल हो गए थे। मैच के 9वें ओवर की तीसरी बॉल पर उनका टखना मुड़ गया था। वह क्रीज पर ही बैठ गए थे। चोट ज्यादा होने की वजह से वे बाकी का मैच खेल नहीं पाए थे। उनका ओवर भी विराट कोहली ने पूरा किया था। एजेंसी के मुताबिक सूत्रों ने बताया कि हार्दिक के भी अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज से पहले ठीक होने की संभावना कम है। हालांकि, उनके चोट को लेकर इउउक की ओर से अभी आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है।

**अफगानिस्तान के खिलाफ तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेली जानी है :** अफगानिस्तान के खिलाफ भारत को जनवरी में तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला टी- 20 मैच 11 जनवरी को मोहाली में खेला जाना है। दूसरा टी-20 14 जनवरी को इंदौर और तीसरा टी-20 मैच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम बेंगलुरु में खेला जाना है।

**सूर्या की कप्तानी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया :** साउथ अफ्रीका दौरे से पहले और वनडे वर्ल्ड कप के बाद सूर्या ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 मैचों में टीम इंडिया की कप्तानी करते हुए भारत को सीरीज को सीरीज में जीत दिलाई थी।

**जितेश शर्मा अफगानिस्तान के खिलाफ विकेटकीपिंग करेंगे :** साउथ अफ्रीका दौरे को बीच में निजी कारणों से छोड़ने वाले विकेटकीपर ईशान किशन के भी अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज से बाहर रहने की संभावना है। साउथ अफ्रीका दौरे पर ईशान टी-20 और टेस्ट टीम का हिस्सा थे। ईशान ने टी-20 के बाद निजी कारणों से दो टेस्ट मैचों की सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया था। माना जा रहा है कि ईशान एक साल से टीम के साथ घर से बाहर रहे हैं। ऐसे में वह कुछ दिनों क्रिकेट से दूर रहकर अपने को मानसिक रूप से मजबूत करना चाह रहे हैं। ऐसे में अफगानिस्तान के खिलाफ जितेश शर्मा टी-20 सीरीज में टीम में शामिल हो सकते हैं। साउथ अफ्रीका के पूर्व टेस्ट कप्तान डीन एल्गर ने इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट की घोषणा कर दी है। एल्गर भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज खेलकर करियर का अंत करेंगे।भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 2 टेस्ट की सीरीज 26 दिसंबर से शुरू होगी।

# भारत ने पहली पारी में बनाए 406 रन, मिली 187 रनों की बढ़त

**एजेंसी। मुंबई**

भारत की महिलाओं की पहली पारी तीसरी सुबह 36 मिनट तक चली, जिसमें उन्होंने अपने रात के स्कोर में 30 रन जोड़े और शनिवार को वानखेड़े स्टेडियम में चार दिवसीय टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया महिलाओं पर 187 रनों की कुल बढ़त के साथ 406 रन पर ऑलआउट हो गई। इसके साथ ही भारत ने पहली बार महिला टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 400 रन बनाए, और 2021 में गोल्ड कोस्ट के कैरारा स्टेडियम में 377/8 पारी घोषित के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पार कर लिया। भारतीय पारी कुल मिलाकर 7.5 ओवर तक चली। रात के 376/7 के स्कोर से शुरूआत करते हुए, भारत की उम्मीदें दीप्ति शर्मा और पूजा वस्त्रकर पर टिकी थीं, जो अधिक से अधिक रन जोड़ सकें ताकि वे 200 रनों की बढ़त के मनोवैज्ञानिक आंकड़े से कम से कम आगे बढ़ सकें। हालाँकि, ऑस्ट्रेलियाई एक योजना के साथ सामने आए, उनके अनुभवी तेज गेंदबाज किम गार्थ और एनाबेल सदरलैंड ने भारतीय बल्लेबाजों को परेशान करने के लिए शॉर्ट-पिच गेंदों का इस्तेमाल किया। वस्त्रकर ने 123वें ओवर में सदरलैंड पर बैक-टू-बैक बाउंड्री लगाई।

# शुक्ला दत्ता बनीं महिला अंडर 19 फुटबॉल टीम की मुख्य कोच

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शनिवार को भारत की पूर्व महिला अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शुक्ला दत्ता को भारत की अंडर-19 महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया, श्रंद्धाजलि सामंतराय को सहायक कोच और लूरेम्बम रोनिबाला चानू को फरवरी में सैफ चैंपियनशिप के लिए गोलकीपर कोच नियुक्त किया। यह निर्णय एआईएफएफ की तकनीकी समिति द्वारा लिया गया, जिसने अंडर19 महिला टीम के लिए कोचिंग स्टाफ के चयन को अंतिम रूप देने के लिए शनिवार को वर्चुअल बैठक की। बैठक की अध्यक्षता भारत के पूर्व कप्तान आईएम विजयन ने की इसमें एआईएफएफ के महासचिव सत्यनारायण एम, मनोरंजन भट्टाचार्य, सदस्य पिंकी बोमपाल मगर, हरजिंदर सिंह, अरुण मल्होत्रा, क्लाइमेक्स लॉरेंस, यूजीनसन लिंगदोह और तकनीकी निदेशक सैयद साबिर शामिल हुए। व्यापक विचार-विमर्श के बाद, समिति ने शुक्ला दत्ता को भारतीय अंडर19 महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया।

# हॉकी प्रशंसकों का समर्थन और ऊर्जा जबरदस्त है : सलीमा टेटे

**एजेंसी। रांची**

भारतीय महिला हॉकी टीम की शीर्ष मिडफील्डर सलीमा टेटे को लगता है कि रांची लौटना हार्दिक घर वापसी जैसा है, क्योंकि टीम आगामी एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए झारखंड की राजधानी में विजयी वापसी के लिए तैयार है जो 13 से 19 जनवरी, 202 तक आयोजित होने वाला है। प्रतिष्ठित 2024 पेरिस ओलंपिक में स्थान पाने के लिए टीम की तलाश तेज हो गई है क्योंकि वे अपने घरेलू मैदान पर अपना कौशल दिखाने की तैयारी कर रहे हैं। शीर्ष मिडफील्डर, सलीमा टेटे, जो अपने उग्र गेमप्ले के लिए जानी जाती हैं, रांची में खेलने के लिए उत्साहित हैं क्योंकि टीम परिचित मैदान पर रोमांचक मैचों के लिए तैयार है। झारखंड के दिल से आने वाली, टेटे में न केवल खेल के प्रति अपार जुनून है, बल्कि अपने नायकों के प्रति समर्पित राष्ट्र की आकांक्षाएं भी हैं। रांची में वापसी टीम के लिए विशेष महत्व रखती है, जिसने पहले अपने कौशल और दृढ़ संकल्प के प्रदर्शन में झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 जीती थी। उनका लक्ष्य एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची के दौरान इसी तरह के प्रदर्शन को दोहराना है। इसके अतिरिक्त, यह घर वापसी भारतीय हॉकी प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है क्योंकि वे ओलंपिक योग्यता यात्रा के इस महत्वपूर्ण मोड़ पर अपनी प्रिय टीम के पीछे रैली करते हैं।



# ऑस्ट्रेलियाई दौरे से बाहर हुए पाकिस्तानी स्पिनर नोमान अली

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पाकिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली अपेंडिसाइटिस से पीड़ित होने के कारण ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर हो गए हैं। शनिवार को जारी पीसीबी विज्ञप्ति में कहा गया, नोमान अली ने कल अचानक गंभीर पेट दर्द की शिकायत की, जिसके बाद आपातकालीन जांच और स्कैन किए गए, जिसमें तीव्र एपेंडिसाइटिस की पुष्टि हुई। सर्जन की सलाह पर, आज सुबह उनकी लैप्रोस्कोपिक अपेंडेक्टोमी की गई। सर्जरी के बाद उनकी हालत स्थिर है और वह ठीक हो रहे हैं। नोमान अली के चोटिल होने के कारण पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण और कमजोर हो गई है, टीम में केवल एक फिट फ्रंटलाइन स्पिनर साजिद खान हैं। दिलचस्प बात यह है कि प्रमुख स्पिनर अबरार अहमद के दौरे के मैच में चोट लगने के बाद साजिद खुद ही आए थे। पर्थ टेस्ट में पाकिस्तानी टीम फ्रंटलाइन स्पिनर के बिना खेली।



## पाकिस्तान को शाहीन अफरीदी से चाहिए थोड़ा और प्रयास : वॉन

**मेलबर्न।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी के अगुआ शाहीन शाह आफरीदी से और अधिक प्रयास देखना चाहते हैं, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के शुरूआती मैच में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को थोड़ी अधिक तेज गेंदबाजी करने की जरूरत है। पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में शाहीन ने 45.2 ओवरों में 2/172 के मैच आंकड़े बनाए, क्योंकि पाकिस्तान 360 रनों से हार गया। वॉन को यह भी लगता है कि अगर पाकिस्तान ने गेंद से संघर्ष नहीं दिखाया तो पर्थ का खराब प्रदर्शन मेलबर्न और सिडनी में आने वाले टेस्ट में दोहराया जा सकता है।

## एनएसएस के अवार्डी को खेलमंत्री ने किया सम्मानित




**रांची।** झारखंड सरकार के पर्यटन, कला- संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग द्वारा दो दिवसीय युवा उत्सव आर्यभट्ट एवं आड्रे हाउस के सभागार में आयोजित किया गया। उत्सव में झारखंड के 24 जिलों से विभिन्न प्रतियोगिताओं यथा लोक नृत्य, लोक गीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण, मोबाइल फोटोग्राफी, एवं थीमेटिक से चयनित कुल 720 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। युवा उत्सव में राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड के युवा एवं एनएसएस के अवार्डी को झारखड के खेलकूद एवं युवाकार्य मंत्री हफीजुल हसन द्वारा स्मृति चिन्ह एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले युवाओं में राष्ट्रीय युवा अवार्डी अंकित कुमार पाण्डेय(दुमका) और आलोक कुमार चौधरी (गढ़वा), राष्ट्रीय एनएसएस अवार्डी में फलक फातिमा, जतिन कुमार, प्रशांत कुमार, अंकित कुमार पाण्डेय, राजेन्द्र कुमार साव, अनामिका गोप, अभिषेक रंजन, डॉ सरिता सिंह और डॉ ओमप्रकाश पाण्डेय सहित अन्य विजेता शामिल है।

## जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली का वार्षिक महा खेल उत्सव 'परवाज - 2023

**रांची।** विगत दो दिन से मेकॉन स्टेडियम, श्यामली में चले रहे जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली का वार्षिक महा खेल उत्सव 'परवाज - 2023' का तीसरा दिन लंबी रेस प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण समारोह के नाम रहा। 1500 मीटर रेस में जूनियर बालिका और बालक समूह में तिलक सदन की सुहीना सिंह और टैगोर सदन के प्रखर भारती प्रथम स्थान पर रहे। वहीं सीनियर बालिका और बालक वर्ग में राजेंद्र सदन की बबिता मुंडा और टैगोर सदन के प्रांजल सिन्हा ने प्रथम स्थान पर बाजी मारी। 3000 मीटर ओपन दौड़ में टैगोर के प्रांजल सिन्हा, प्रखर भारती क्रमशः प्रथम और द्वितीय तथा दयानंद सदन के वैभव कुमार गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे। वहीं भाला फेंक में टैगोर सदन वेदांश गौरव ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 47.28 मीटर भाला फेंक कर कीर्तिमान रचा। पुरुष शिक्षकों की 100 मीटर की दौड़ और महिला शिक्षिकाओं की म्यूजिकल राउंड ने खेल मैदान में समाँ बाँध लिया। कर छात्रों ने मानो आसमान सिर पर उठा लिया हो।

## बीएस कॉलेज ने एसएस मेमोरियल कॉलेज को 7 विकेट से हराकर ट्रॉफी पर किया कब्जा




**लोहरदगा।** रांची विवि कॉलेज स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में बीएस कॉलेज लोहरदगा ने एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची को हरा कर चैंपियनशिप जीत ली। बी एस कॉलेज लोहरदगा स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता का फाइनल सम्पन्न हुआ जिसमें बी एस कॉलेज लोहरदगा की टीम ने टॉस जीत कर गेंदबाजी का फैसला किया। एसएस मेमोरियल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में 9 विकेट खो कर 167 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। सुशांत सिंह ने 57 और प्रियान्शु ने 28 रनों का योगदान दिया, और बी एस कॉलेज के गेंदबाज मयंक ने 3 विकेट लिए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए बी एस कॉलेज ने अच्छी बल्लेबाजी की और 33.2 ओवर में 4 विकेट खो कर लक्ष्य हासिल कर लिया। बी एस कॉलेज के सुमित ने नाबाद 79 और आर्यन ने 33 रनों का योगदान किया। एसएस मेमोरियल के अभिषेक को दो विकेट मिले। सुमित को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया। पूरे टूनामेंट के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सुमित को ही मैन ऑफ द सीरीज का भी पुरस्कार दिया गया। रांची विवि के डीएसडबल्यू डॉ (प्रो.) सुदेश साहू ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार ट्रॉफी प्रदान किया।

## जिला खेल संचालन समिति की बैठक में खेल के विकास को लेकर लिए गए कई निर्णय



**साहेबगंज।** जिले में खेल के विकास को लेकर उपायुक्त रामनिवास यादव के कार्यालय कक्ष में जिला खेल संचालन समिति की बैठक हुई जिसमें जिले में विभिन्न प्रखंडो में आवासीय एवम डे बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र (एथलेटिक्स,फुटबॉल, वॉलीबाल, कबड्डी,बैडमिंटन, वूशु, तीरंदाजी इत्यादि) खोलने का निर्णय लिया गया। वहीं सिदो कान्हु स्टेडियम, साहेबगंज में संचालित बालक आवासीय एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र में 25 खिलाड़ियों को बढ़ाकर 40 करने का निर्णय लिया गया साथ ही प्रशिक्षण में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराए जाने ,सिदो कान्हु स्टेडियम,साहेबगंज के निकट निमार्णाधीन इंडोर स्टेडियम का नाम स्वतंत्रता सेनानी फूलो-झानों रखने समेत विभिन्न बिंदुओं पर निर्णय लिया गया। इस अवसर पर उपविकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा, जिला खेल पदाधिकारी राजेश चौधरी,+ 2 उच्च विद्यालय सकरीगली के प्राचार्य राजेश कुमार,जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश यादव, जिला टूरिज्म स्पेसलिस्ट गौरव प्रिदर्शी,आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के कोच योगेश प्रसाद,डे बोर्डिंग बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के कोच अशोक कुमार साहनी ,जिला खेल कार्यालय कर्मी हेमंत भगत , सुरेंद्र कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## 24वीं झारखंड सीनियर राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता 2023 का हुआ रंगारग उद्घाटन

**रांची।** इसके साथ ही झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अगले साल से शुरू होगा सिल्वर जुबली वर्ष के तहत अनेको कार्यक्रम 24वी सीनियर झारखण्ड पुरुष फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन एवं महिला राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 2023 के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भोलानाथ सिंह (महासचिव-हॉकी इंडिया), को झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार, के द्वारा सॉल, बूके , स्मृति चिन्ह एवं अन्य जिलों से आये जिला सचिवो के द्वारा उनको बड़ा माला पहनाकर स्वागत किया गया, इसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं रजनीश कुमार तथा अन्य अतिथियो के द्वारा झंडोत्तोलन, बजरंगबली की पूजा, एवं खिलाड़ियों से हाथ मिला कर उक्त प्रतियोगिता का सुभारम्भ किया गया। इस 24वी सीनियर झारखंड कुश्ती प्रतियोगिता के साथ ही अगले साल झारखंड राज्य कुश्ती संघ का सिल्वर जुबली वर्ष में प्रवेश होने के उपलक्ष में झारखंड के हर जिलों में पूरे वर्ष कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन होता रहेगा एवं 25वीं झारखंड सीनियर राज्य कुश्ती प्रतियोगिता अपने सिल्वर जुबली वर्ष होने के उपलक्ष में झारखंड सीनियर राज्य कुश्ती प्रतियोगिता का बहुत ही भव्य रूप से आयोजन कराया जाएगा। यह जानकारी हमारे अभिभावक श्री भोलानाथ सिंह ने दी है।

## सिमरराज और प्रेरणा बने बेस्ट एथलीट ऑफ द ईयर

**रांची।** जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के छात्र-छात्राएं विगत तीन दिनों से मैदान में खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे है। जहॉ हर कोई उत्साह, उमंग, जुनून से अपने सदन को जिताने के तत्पर दिखाई दे रहा था। मेकॉन स्टेडियम में चल रहे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता परवाज-2023 का शनिवार को समापन हो गया। समापन समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग एवं सचिव सह परिवहन आयुक्त कृपानंद झा ने विद्यालय ध्वज का झंडोत्तोलन और परेड निरीक्षण के साथ किया। जहॉ तिलक, टैगोर, दयानंद और राजेंद्र सदन के छात्रों ने विद्यालय के स्पोर्ट्स कैप्टन रौनक कुमार गुप्ता और प्रेरणा कुमारी की अगुवाई में मार्च पास्ट कर मंच पर बैठे विशिष्ट अतिथि मेकॉन के वित्त निदेशक मुकेश कुमार, वाणिज्य निदेशक संजय कुमार वर्मा, प्रोजेक्ट निदेशक प्रद्युम्न कुमार दीक्षित और विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, उपप्राचार्यो को सलामी दी।

## व्यापार

# बैंकों को बड़े दिवालिया मामलों की हर महीने समीक्षा का निर्देश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रबंध निदेशकों को हर महीने शीर्ष 20 दिवालिया मामलों की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने दिवालिया मामलों की समीक्षा के लिए कहा है क्योंकि दिवालिया अदालतों में मामलों को स्वीकार करने में देरी होती है। जोशी ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (एनएआरसीएल) के कामकाज की भी समीक्षा करेंगी क्योंकि फँसे कर्ज की वसूली में देरी हो रही है। सरकार ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एनएआरसीएल प्रबंधन के साथ बैठक बुलाई थी। एनएआरसीएल की स्थापना वाणिज्यिक बैंकों की तनावग्रस्त संपत्तियों को संभालने और उनका निपटान करने के लिए की गई थी ताकि उनके बही-खाते साफ हो जाएं और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए अधिक धन उपलब्ध हो सके। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने पिछले सप्ताह संसद को सूचित किया कि नवंबर 2024 तक एनएआरसीएल ने सितंबर 2021 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा निर्धारित दो लाख करोड़ रुपये के मूल लक्ष्य के मुकाबले सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से 11,617 करोड़ रुपये के फँसे हुए ऋण का अधिग्रहण किया है। मंत्रालय ने कहा, एनएआरसीएल द्वारा अधिग्रहित कुछ खाते आईबीसी के तहत हैं और एनसीएलएटी द्वारा समाधान योजना को मंजूरी मिलने के बाद ही वसूली संभव है। इस प्रकार, शेष खातों में एनएआरसीएल ने 30 नवंबर 2023 तक केवल 16.64 करोड़ रुपये की वसूली की है।




## निफ्टी 52 हफ्ते के उच्चतम स्तर पर

मुंबई। निफ्टी शुक्रवार को सकारात्मक नोट पर बंद हुआ, जबकि अधिकांश सेक्टर हरे निशान में बंद हुए। शुक्रवार को निफ्टी 94.40 अंक या 0.44 प्रतिशत ऊपर 21,349.40 पर बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स 241.86 अंक या 0.34 प्रतिशत ऊपर 71,106.96 पर बंद हुआ। बोनान्जा पोर्टफोलियो के रिसर्च एनालिस्ट वैभव विदवानी ने कहा है कि निफ्टी रियल्टी और निफ्टी आईटी 2.55 प्रतिशत और 2.27 प्रतिशत ऊपर रहे -- ये दो सेक्टर जिन्होंने शुक्रवार को बेहतर प्रदर्शन किया। चूंकि अधिकांश भारतीय आईटी कंपनियों के पास विदेशी ग्राहक हैं और यूएस फेड द्वारा दर में कटौती की उम्मीद के चलते इन ग्राहकों से नए ऑर्डर में वृद्धि हो सकती है। इसलिए आईटी उद्योग भविष्य में दर में कटौती की संभावना को लेकर आशावादी है। कई फार्मास्युटिकल और डायग्नोस्टिक कंपनियों के स्टॉक में शुक्रवार को तेजी देखी गई, जो 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

# एप्पल न्यूज पब्लिशर्स के साथ 50 मिलियन डॉलर के सौदे पर कर रहा विचार

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**

एप्पल अपने जेनरेटिव एआई सिस्टम को ट्रेन करने में मदद के लिए अपने आर्टिकल्स का इस्तेमाल करने के लिए कुछ टॉप न्यूज पब्लिशर्स के संपर्क में है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, टेक जायंट स्पष्ट रूप से कम से कम 50 मिलियन डॉलर के मल्टीईयर डील्स पर चर्चा कर रहा है और कॉनडे नास्ट, एनबीसी न्यूज और आईएसी (जो पीपल, द डेली बीस्ट और बेटर होम्स एंड गार्डन्स का मालिक है) जैसे पब्लिकेशन के संपर्क में है। चर्चा से परिचित लोगों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है, एप्पल ने हाल के हफ्तों में मेजर न्यूज और पब्लिशिंग ऑर्गेनाइजेशन के साथ बातचीत शुरू की है, जिसमें कंपनी के जेनेरिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम के डेवलपमेंट में उनके कंटेंट का उपयोग करने की अनुमति मांगी गई है। कुछ न्यूज एग्जीक्यूटिव आशावादी थे कि एप्पल का दृष्टिकोण अंततः एक सार्थक साझेदारी को जन्म दे सकता है। आईफोन निमार्ता स्पष्ट रूप से न्यूज और जनरेटिव एआई के लिए अपनी योजनाओं के बारे में अस्पष्ट रहा है। रिपोर्ट में कहा गया, एप्पल एआई के पब्लिक डिस्कशन से अनुपस्थित रहा है। इसका वर्चुअल असिस्टेंट, सिरी, अपनी रिलीज के बाद से एक दशक में काफी हद तक स्थिर रहा है।



**एप्पल ने रिपोर्ट पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया :** इस महीने की शुरूआत में, एप्पल की मशीन लर्निंग रिसर्च टीम ने अपने सिलिकॉन चिप्स पर चलने के लिए डिजाइन किए गए फ्रेमवर्क और मॉडल लाइब्रेरी जारी की।

# चालू वित्त वर्ष में कोयले का आयात 44 प्रतिशत तक घटा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ब्लेंडिंग के लिए भारत का कोयला आयात चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-नवंबर के दौरान 44.28 प्रतिशत घटकर 15.16 मिलियन टन हो गया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 27.21 मिलियन टन था। कोयला मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि बिजली का उत्पादन बढ़ने के बावजूद कोयले का आयात घटा है। मंत्रालय ने कहा कि बिजली की बढ़ती मांग के बावजूद कोयले के आयात में गिरावट कोयला उत्पादन में आत्मनिर्भरता और समग्र कोयला आयात को कम करने के लिए देश की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। देश में पर्याप्त कोयला है, लेकिन स्वदेशी स्टॉक के कैलोरी मान में सुधार करने और थर्मल पावर प्लांटों में उत्सर्जन को कम करने के लिए मिश्रण के लिए ईंधन का आयात भी किया जाता है। लगभग 4.7 प्रतिशत की वार्षिक बिजली मांग में वृद्धि के साथ भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है। देश में अप्रैल से नवंबर 2023 तक बिजली उत्पादन में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 7.71 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। अप्रैल-नवंबर 2023 के दौरान कोयला आधारित बिजली उत्पादन में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 11.19 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिसका कारण तापमान में अभूतपूर्व वृद्धि, देश के उत्तरी क्षेत्र में मानसून में देरी और कोरोना काल के बाद पूर्ण वाणिज्यिक गतिविधियाँ फिर से शुरू होना है। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि नवंबर 2023 तक घरेलू कोयला आधारित बिजली उत्पादन 779.1 बिलियन यूनिट (बीयू) तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में उत्पन्न 718.83 बिलियन यूनिट (बीयू) से 8.38 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है।



# महंगाई पर पैनी नजर रख रही है मौद्रिक नीति समिति

**एजेंसी। मुंबई**

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के दिसंबर की बैठक के ब्योरे में खाद्य कीमतों पर अनिश्चितता से उत्पन्न मुद्रास्फीति के बढ़ते जोखिम पर कड़ी नजर रखने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है। बैठक के शुक्रवार को जारी विवरण के अनुसार, एमपीसी सदस्य शशांक भिडे ने खाद्य मुद्रास्फीति पर चिंता व्यक्त की जो छह प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मानसून के मौसम के दौरान प्रतिकूल वर्षा की स्थिति के प्रभाव के कारण कुछ मुख्य फसलों की पैदावार कम रहने की आशंका है जिसका असर खाद्य मुद्रास्फीति पर पड़ेगा। एमपीसी बैठक के विवरण में कहा गया है कि अल्पावधि में मुद्रास्फीति पैटर्न को प्रभावित करने वाले कारकों की एक श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए ओवरऑल मुद्रास्फीति 2023-24 की तीसरी और चौथी तिमाही में क्रमशः में 5.6 प्रतिशत और 5.2 प्रतिशत तथा 2024-25 की पहली तिमाही में 5.2 प्रतिशत अनुमानित है। इसके बाद दूसरी तिमाही में इसके चार प्रतिशत और तीसरी तिमाही में 4.7 प्रतिशत रहने की संभावना है। खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतों के कारण नवंबर में खुदरा मुद्रास्फीति 5.55 प्रतिशत बढ़ी, जो तीन महीने का उच्चतम स्तर है। आरबीआई के अधिकारी राजीव रंजन के अनुसार, विकास के मोर्चे पर, अर्थव्यवस्था पूरी गति से चल रही है और मौद्रिक नीति इस उच्च विकास प्रक्षेपवक्र का समर्थन करने का सबसे अच्छा तरीका मूल्य स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखना है।



## गोदरेज एंड सप्लाई चेन के साथ दे रहा ग्रोथ को रफ्तार

**रांची।** गोदरेज समूह की अग्रणी कंपनी गोदरेज एंड बॉयस तेजी से भारत में अधिक टिकाऊ औद्योगिक ढांचे को आकार दे रही है। गोदरेज एंड बॉयस अपनी वार्षिक खरीद का लगभग 80 प्रतिशत स्थानीय स्तर प्राप्त कर रहा है। इस कोशिश के साथ कंपनी न केवल घरेलू कारोबार को आगे बढ़ाने में मदद कर रही है, वहीं रणनीतिक रूप से पर्यावरण पर पह रहे प्रभावों को कम करने में भी अपना योगदान दे रही है। यह प्रयास न केवल कंपनी को अपनी सप्लाई चेन को सुरक्षित करने में मदद करता है, वहीं इसकी मदद से कंपनी को उत्पाद डिजाइन और लागत पर बेहतर नियंत्रण प्राप्त करने में सहायता होती है। गोदरेज एंड बॉयस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जुरवान मारोलिया ने ग्लोबल सप्लाई थेन में आ रही अड़चनों के प्रति कंपनी के सक्रिय प्रयासों के बारे में बात करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन और महामारी के कारण सप्लाई चेन में रुकावट दुनिया भर के व्यवसायों के लिए चिंता का एक प्रमुख कारण रहा है।